# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

गुरुवार, 04 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 239, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 410 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी लौटी और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 410 अंक चढ़कर 80,567.71 अंक पर बंद हुआ। } 14

## यूरोपीय संघ-भारत के बीच जल्द होगा मुक्त व्यापार समझौता

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत चाहता है कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए उसकी बातचीत जल्द ही किसी निर्णायक नतीजे पर पहुंचे। } 16



# भारी बारिश से कई राज्यों में भारी तबाही, राहत व कार्य में लगी सेना

## दिल्ली में यमुना खतरे के निशान के ऊपर

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण दिल्ली के निचले इलाकों की सड़कों और बाजार में पानी भर गया जिससे इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजनू का टीला, मदनपुर खादर और बदरपुर के निवासी यमुनाजल स्तर बढ़ने के कारण अब अस्थाई आश्रय स्थलों में रह रहे हैं और पानी कम होने का इंतजार कर रहे हैं। यमुना का जलस्तर बुधवार को दोपहर एक बजे 207 मीटर दर्ज किया गया। प्राधिकारियों ने निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया और लोहे के रेलवे पुल को यातायात के लिए बंद कर दिया। प्रभावित हुए इन परिवारों के लिए असली चुनौती तब शुरू होगी जब नदी का जलस्तर कम होना शुरू होगा क्योंकि उन्हें अपने जीवन को पटरी पर लाने के लिए नये सिरे से संघर्ष करना पड़ेगा। मजनू का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी और पंजाब के कई जिलों के स्कूल बंद

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर भारत में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। सुरक्षा कारणों से कई राज्यों में स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया गया है। हिमाचल, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, और हरियाणा के कई जिलों में स्कूल बंद रहे। हालांकि, कुछ स्थानों पर स्कूल बंद रखने का आदेश विशेष स्थानीय स्कूलों के लिए हो सकता है। इसलिए छुट्टी के संबंध में एक बार अपने विद्यालय से संपर्क जरूर करें। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण प्रशासन ने स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी है।

वहीं पंजाब इस समय हालिया इतिहास की सबसे भयावह बाढ़ का सामना कर रहा है। सतलुज, व्यास और रावी में उफनते सैलाब के साथ ही हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के जलभराव वाले क्षेत्रों में भारी बारिश होने से छोटी नदियां भी तटबंधों को तोड़कर बह रही हैं जिससे बाढ़ की स्थिति ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जम्मू-कश्मीर में भारी बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त

एजेंसी



जम्मू। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार को एक साहसिक अभियान के तहत अपने हेलीकॉप्टर की मदद से अखनूर सेक्टर के बाढ़ग्रस्त गांव में फंसे 45 नागरिकों को बाहर निकाला। इन नागरिकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के दल चेनाब नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण गर्खल क्षेत्र के फथू कोटली गांव की बाढ़ग्रस्त आबादी को वहां से नहीं हटा पाये, जिसके बाद बीएसएफ ने बचाव अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आज सुबह सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे कि बाढ़ का पानी गांव में घुस गया है और 45 लोग फंस गए हैं। उन्होंने बताया कि फंसे हुए नागरिकों से संपर्क ...शेष पृष्ठ 14 पर

# जीएसटी में होंगे अब सिर्फ 5 व 18 फीसद स्लैब

○ 22 सितंबर से लागू होंगी घोषणाएं ○ 12 और 28 फीसद स्लैब होगा खत्म ○ सहमति के लिए भेजा गया फैसला

एजेंसी



नयी दिल्ली। जीएसटी परिषद ने बुधवार को माल एवं सेवा कर में व्यापक सुधारों के तहत पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय कर संरचना को मंजूरी दे दी। यह व्यवस्था 22 सितंबर से लागू होगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सभी राज्य दरों को युक्तिसंगत बनाने के पक्ष में हैं। यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है।

पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने से कुल नुकसान 47,700 करोड़ रुपये होगा। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि अहितकर या नुकसानदायक वस्तुओं पर कर के बारे में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है और 40 प्रतिशत से अधिक कर लगाने पर बाद में निर्णय लिया जाएगा। जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक 10 घंटे से अधिक चली। इसमें केंद्र और राज्यों ने प्रमुख कर प्रस्तावों पर चर्चा की। सूत्रों ने कहा कि परिषद ने बैठक के पहले दिन रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले कई उत्पादों के अलावा जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर घटाने और कारोबारों के लिए अनुपालन नियमों को आसान बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में कर ढांचे को चार स्लैब से घटाकर पांच एवं 18 प्रतिशत के दो स्लैब में डालने और बड़ी कारों, तंबाकू एवं सिगरेट जैसी चुनिंदा वस्तुओं को 40 प्रतिशत कर के विशेष स्लैब में रखने से संबंधित अंतिम रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में मक्खन, घी, ड्राई फ्रूट्स, कंडेंस्ड मिल्क, सॉसेज, मांस, जैम एवं जेली, नारियल पानी, नमकीन, पीने के पानी की 20 लीटर वाली बोतल, फल का गूदा और जूस, दूध वाले पेय, आइसक्रीम, पेस्ट्री, बिस्कुट, कॉर्न फ्लेक्स एवं अनाज जैसे उत्पादों पर कर की दर को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इलेक्ट्रानिक उत्पाद, कपड़े, सीमेंट और अन्य सामान होंगे सस्ते




जीएसटी परिषद ने जूते-चप्पल एवं परिधानों पर पांच प्रतिशत कर की सीमा बढ़ाकर 2,500 रुपये करने का फैसला किया है। इससे ऊपर की श्रेणी के रेडिमेड कपड़े एवं जूते 18 प्रतिशत कर के दायरे में आएंगे। टूथपाउडर, दूध पिलाने वाली बोतल, बर्तन, साइकिल, बांस के फर्नीचर और कंघी जैसी वस्तुओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत किए जाने की संभावना है। वहीं, शैम्पू, टैल्कम पाउडर, टूथपेस्ट, ब्रश, फेस पाउडर, साबुन और हेयर ऑयल पर कर को 18 प्रतिशत से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जीएसटी में बदलाव से होगा व्यापक सुधार



नई दिल्ली। जीएसटी में बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बयान जारी किया है कि यह सुधार देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा और मध्यम वर्ग को इससे काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा जीएसटी में व्यापक सुधारों से जीवन में सुधार होगा, व्यापार करने में आसानी होगी, विशेषकर छोटे व्यवसायों के लिए चीजें काफी आसान हो जायेंगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर जीएसटी दरों में कटौती की घोषणा की थी। उन्होंने कहा अमेरिकी टैरिफ का अब कोई खास असर नहीं पड़ेगा और आर्थिक सुधार की दिशा में अभी और ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

## संक्षेप

### जियो की वर्षगांठ पर एक माह तक मिलेगा असीमित फ्री डाटा

नयी दिल्ली। देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने अपनी 9वीं वर्षगांठ के मौके पर सभी ग्राहकों के लिए फ्री असीमित डेटा पेशकश की शुरुआत की है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि यह पेशकश मौजूदा प्लान के आधार पर अलग-अलग अवधि के लिए उपलब्ध होगी। एक आधिकारिक बयान में कंपनी ने कहा कि 349 रुपये या उससे अधिक मूल्य वाले प्लान के ग्राहकों को पांच सितंबर से पांच अक्टूबर तक एक महीने के लिए असीमित डेटा मिलेगा। इसके साथ ही इस पेशकश में मनोरंजन और अन्य ऐप की सब्सक्रिप्शन भी शामिल होगी। वर्तमान में जियो केवल 349 रुपये या उससे अधिक कीमत वाले प्लान वाले 5जी स्मार्टफोन ग्राहकों को अनलिमिटेड 5जी डेटा प्रदान करती है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने इस अवसर पर कहा, जियो की 9वीं वर्षगांठ पर मुझे गर्व है कि 50 करोड़ से अधिक भारतीयों ने हम पर भरोसा जताया है।

### नायब तहसीलदार ने गोली मारकर दी जान

बिजनौर। जिले में तैनात एक नायब तहसीलदार ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर खुद को कथित तौर पर गोली मार ली और उन्हें गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने यहां बताया कि बिजनौर तहसील में नायब तहसीलदार के पद पर तैनात राजकुमार ने अपने सरकारी आवास में कमरा बंद कर खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन ने दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाला। नायब तहसीलदार को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

# 2047 में विकसित राज्य बनेगा उत्तर प्रदेश

○ मुख्यमंत्री ने समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल का किया शुभारंभ ○ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी यूपी : योगी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और यूपी का भविष्य कैसा हो, यह हमें तय करना है। हमें अपने युवाओं को तैयार करना है, क्योंकि हम जिस मनोदशा में जिएंगे, उसी दिशा में आगे बढ़ेंगे। हमें कैसा भारत और उत्तर प्रदेश चाहिए, यह हमारे विजन में होना चाहिए। सीएम योगी लोक भवन सभागार में समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान के शुभारंभ के अवसर पर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल प्रदेशवासियों को अपने सुझाव देने का मंच प्रदान करेगा, जो 12 प्रमुख सेक्टरों-कृषि, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी-टेक्नोलॉजी, पर्यटन, नगर व ग्राम्य विकास, आधारभूत संरचना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा व सुशासन पर केंद्रित विजन डॉक्यूमेंट ...शेष पृष्ठ 14 पर

### 3 मिशन, 3 थीम व 12 सेक्टर पर आधारित है विकास का खाका

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने के विजन को साकार करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक ठोस कार्ययोजना तैयार की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 3 मिशन, 3 थीम और 12 सेक्टर की मजबूत रूपरेखा तय ...शेष पृष्ठ 14 पर

# हरिद्वार कुंभ को बनायेंगे दिव्य और भव्य : धामी

हरिद्वार कुंभ मेले की तैयारियां शुरू, सीएम ने की उच्चस्तरीय बैठक

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता हरिद्वार कुंभ 2027 के आयोजन को लेकर उच्चस्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कुंभ मेला के सफल आयोजन के लिए व्यापक कुंभ मास्टर प्लान पर चर्चा हुई। इस योजना में सेक्टर, सड़कें, पार्किंग स्थल, घाट और कैंप एरिया का स्पष्ट निर्धारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि कुंभ मेला तैयारियों की समीक्षा हर पंद्रह दिन में नियमित रूप से की जाए।

बैठक को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार हरिद्वार कुंभ-2027 को दिव्य व भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी कुंभ मेले से जुड़े सभी स्थायी स्वरूप के कार्य अक्टूबर 2026 तक पूरे कर लिए जाएं। विभागों को निर्देश दिया गया कि वे आपसी तालमेल के साथ प्राथमिकता तय कर समयबद्ध तरीके से काम करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि भीड़ का दबाव कम करने के लिए नए घाट बनाए जाएंगे, कांगड़ा घाट का विस्तार होगा और मौजूदा घाटों की मरम्मत समय ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- कृषि उन्नयन से विकसित भारत का संकल्प होगा पूरा (पृष्ठ-02)
- मनरेगा को और कारगर बनायेगा पोर्टल युक्तधारा (पृष्ठ-07)
- नौ पैसे की बढ़त के साथ 88.06 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि 15 साल के उच्च स्तर पर (पृष्ठ-14)
- बैंकों का आंतरिक नियंत्रण जरूरी: सेबी (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के दौरान जवानों की बहादुरी और पराक्रम को स्वर्णिम अध्याय के रूप में किया जायेगा याद

# नक्सलवाद के खात्मे तक चैन से नहीं बैठेंगे : शाह

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर देते, पकड़े नहीं जाते या उनका सफाया नहीं हो जाता।

छत्तीसगढ़ के केंगुट्टा पहाड़ी पर ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और कोबरा बल के जवानों को बधाई देते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार भारत को नक्सल मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक सभी नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर देते, पकड़े नहीं जाते या उनका सफाया नहीं हो जाता। शाह ने कहा कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के दौरान जवानों द्वारा दिखाई गई बहादुरी और पराक्रम को नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गर्मी, ऊंचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरे के बावजूद, सुरक्षा बलों ने ऊंचे मनोबल के साथ अभियान चलाया और एक प्रमुख नक्सल बेस कैंप को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। गृह मंत्री ने कहा कि केंगुट्टा पहाड़ी पर से नक्सलियों के सामग्री भंडार और आपूर्ति शृंखला को छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने बहादुरी से नष्ट कर दिया। शाह ने कहा कि नक्सलियों ने देश के कुछ सबसे कम विकसित क्षेत्रों को भारी नुकसान पहुंचाया है, स्कूलों, अस्पतालों को बाधित किया है और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में बाधा डाली है। उन्होंने कहा कि निरंतर नक्सल विरोधी अभियानों के कारण, पशुपतिनाथ से तिरुपति तक फैले पूरे क्षेत्र में 6.5 करोड़ लोगों के जीवन में एक नया सूर्योदय हुआ है। शाह ने यह भी कहा कि मोदी सरकार नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए सुरक्षाकर्मियों की सहायता के लिए सभी आवश्यक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी : सड़क हादसों में चार की मौत, 20 अन्य घायल

विशेष संवाददाता

○ अमेठी में पेड़ से टकराई कार
○ बदायूं में खंती में गिरी बस

लखनऊ। अमेठी और बदायूं जिले में हुए सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए। अमेठी जिले के शुकुल बाजार में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार तड़के गाजीपुर से लखनऊ जा रही एक कार ने एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, कानपुर निवासी अर्पित विश्वकर्मा (30) और विनय दुबे (27) तथा लखनऊ के रहने वाले विमल पांडेय (28) कार से गाजीपुर से लखनऊ की ओर जा रहे थे। रास्ते में तड़के करीब साढ़े तीन बजे अमेठी जिले के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पॉइंट नंबर 60.1 के पास उनकी कार आगे जा रहे एक ट्रक से जा टकरायी। इस घटना में कार में सवार सभी तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें शुकुल बाजार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, बदायूं जिले में बुधवार को एक तेज रफ्तार बस पलटकर पानी से भरे गड्ढे में गिर जाने के कारण 70 वर्षीय महिला की मौत हो गई जबकि 20 लोग घायल हो गए। हादसा दातागंज थाना ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बीबीडी यूनिवर्सिटी में दीक्षारंभ 2025 छात्र अभिविन्यास कार्यक्रम का समापन





फोटो बीबीडी के नाम से

लखनऊ। बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नवप्रवेशी छात्रों के लिए आयोजित छात्र अभिविन्यास कार्यक्रम दीक्षारंभ 2025 का सफलतापूर्वक भव्य समापन किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन विभिन्न विद्यालयों के अधिष्ठाताओं, प्रख्यात शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों और पूर्व छात्रों ने छात्रों को प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर बीबीडीयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. के. श्रीवास्तव, प्रो. (डॉ.) एस. सी. शर्मा, प्रो वाइस चांसलर, तथा प्रो. (डॉ.) एस. एम. के. रिजवी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर एवं चीफ प्रॉक्टर उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों को ईमानदारी, नवाचार और उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे प्रो. (डॉ.) एस. के. भटनागर, पूर्व कुलपति, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जिन्होंने छात्रों को विधि शिक्षा एवं नेतृत्व पर प्रेरणादायी विचार साझा किए। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के गौरव, तनमय सक्सेना (पूर्व छात्र) ने भी अपने अनुभव साझा कर छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों के अधिष्ठाताओं ने अपने-अपने डिपार्टमेंट की उपलब्धियों एवं अवसरों का परिचय क्रमशः प्रो. (डॉ.) एस. अहमद अली, निदेशक (आईक्यूएसी) एवं अधिष्ठाता, बेसिक साइंसेज प्रो. (डॉ.) सचिन कुमार श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, प्रबंधन अध्ययन, प्रो. सुमित वाधेरा, अधिष्ठाता, आर्किटेक्चर एवं प्लानिंग स्कूल, प्रो. (डॉ.) अरुण वर्मा, हेड, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, डॉ. रोहित कुमार सिंह, प्रभारी, कृषि विज्ञान स्कूल आदि ने दिया। कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. के. श्रीवास्तव ने कहा कि दीक्षारंभ केवल एक अभिविन्यास कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह वह पहला कदम है जो हमारे छात्रों को भविष्य के नेता, नवोन्मेषक और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर करता है। चार दिवसीय इस अभिविन्यास कार्यक्रम में प्रेरक सत्र, कैंपस भ्रमण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा उद्योग एवं अकादमिक जगत के अतिथियों के साथ संवाद शामिल रहे। इस भव्य समापन के साथ दीक्षारंभ 2025 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और नवप्रवेशी छात्रों का बीबीडीयू परिवार में औपचारिक स्वागत किया गया।

# मनरेगा को गांवों में और कारगर बनायेगा पोर्टल युक्तधारा : केशव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता व निगरानी के लिए अभिनव कार्य किये जा रहे हैं। की गयी व्यवस्था के बहुत ही सार्थक व सकारात्मक परिणाम निखर कर आ रहे हैं। मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए और मजदूरों के भुगतान में हेराफेरी न होने पाये, इस दिशा में अभिनव कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में युक्तधारा पोर्टल लांच किया जा रहा है। युक्तधारा पोर्टल महात्मा गांधी नरेगा को और भी पारदर्शी बनाएगा।

वित्तीय वर्ष 2026-27 से मनरेगा के सभी कार्य युक्तधारा पोर्टल पर अपलोड किये जाएंगे। इस पोर्टल पर हर कार्य की कार्ययोजना, स्थान, लागत और प्रगति का पूरा ब्योरा दर्ज होगा। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआइएस) आधारित योजना तैयार की जाएगी। यानी किस गांव में, किस जगह, कितने क्षेत्रफल में और कितनी लागत से कार्य होना है, यह पूरी जानकारी मानचित्र पर दर्ज रहेगी। इससे न तो एक ही जगह दोबारा काम दिखाया जा सकेगा और न ही अतिरिक्त भुगतान की कोई संभावना रहेगी। ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। गांवों में जो भी कार्य होंगे, उनकी जानकारी अब खुले तौर पर उपलब्ध रहेगी। युक्तधारा पोर्टल से योजनाओं की पारदर्शिता बढ़ेगी और गड़बड़ी को कोई गुंजाइश नहीं बचेगी। ग्रामीणों को भरोसे के साथ समय पर रोजगार और विकास कार्यों का लाभ मिलेगा। यह पोर्टल महात्मा गांधी नरेगा के तहत ग्रामीण विकास कार्यों की योजना और कार्यान्वयन के लिए एक संरचित तथा भागीदारीपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह प्रक्रिया ग्राम पंचायत योजनाकार के सिस्टम में लॉग इन करने और लैंडस्कैप परिचयकरण से शुरू होती है- यह एक आवश्यक कदम है, जिसमें गांव की भौगोलिक तथा विषयगत विशेषताओं की खोज कई जीआईएस-आधारित मानचित्र परतों के माध्यम से की जाती है।

# भारत बनेगा तकनीक और विकास का केंद्र : योगी

विशेष संवाददाता (vol)




कानपुर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को आईआईटी कानपुर के 'समन्वय' से उद्योग-अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इंडस्ट्री और

- आईआईटी कानपुर के 'समन्वय' से उद्योग-अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सीएम योगी
- एआई, साइबर सिक्योरिटी और सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर मंथन से यूपी को मिलेगी नई दिशा
- आज भारत दो वर्षों में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर

अकादमिक संस्थानों के सहयोग का मुद्दा केवल शोध और नवाचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे-सीधे आम नागरिक के जीवन स्तर, वैश्विक चुनौतियों और सतत विकास से जुड़ा हुआ है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और सस्टेनेबिलिटी जैसे विषयों पर मंथन भारत को न केवल आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाएगा, बल्कि तकनीक और विकास का वैश्विक केंद्र स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम जिस विषय पर एकत्र हुए हैं, वह केवल इंडस्ट्रीझएकेडमिया सहयोग का 'समन्वय' ही नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के सामने खड़ी चुनौतियों से जुड़ा हुआ है। ये चुनौतियां सीधे-सीधे आम नागरिक के जीवन स्तर को प्रभावित करती हैं। इसीलिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी) जैसे तीन महत्त्वपूर्ण स्तंभों पर तकनीकी सत्र होंगे और चर्चा होगी। कभी 17वीं शताब्दी तक भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। वैश्विक जीडीपी में हमारा योगदान 25 प्रतिशत तक था। लेकिन 150-200 वर्षों में ऐसा क्या कुछ हुआ कि यह लगातार गिरता गया और 1947 तक आते-आते भारत का योगदान केवल 2 प्रतिशत रह गया। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में हमने भारत को बदलते हुए देखा है। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले दो वर्षों में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। आगे चलकर हमें दूसरी अर्थव्यवस्था बनने का अवसर भी मिलेगा। यह यात्रा केवल आर्थिक विकास की नहीं है, बल्कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में है। आईआईटी कानपुर का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आईआईटी कानपुर का गौरवशाली इतिहास है। पिछले छह दशकों में इस संस्थान ने देश को तकनीक की दिशा में बहुत कुछ दिया है। हाल ही में मैंने नोएडा में ड्रोन टेक्नोलॉजी केंद्र का दौरा किया। वहां आईआईटी कानपुर से जुड़े लोग भी मिले। मैंने देखा कि हमारे युवा नई सामरिक चुनौतियों का सामना करने के लिए कैसे तैयार हो रहे हैं। आईआईटी कानपुर भी उसमें अपना योगदान दे रहा है। हमें हमेशा यह विश्वास रखना चाहिए कि हम कर सकते हैं। दुनिया का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय तक्षशिला भी भारत में था। वहीं से चरक और सुश्रुत जैसे आयुर्वेदाचार्य निकले। यही हमारी परंपरा है कि हर अक्षर, हर वनस्पति और हर मनुष्य में कुछ बनने की क्षमता होती है। बस एक जोड़ने वाले की आवश्यकता होती है। मुझे विश्वास है कि आईआईटी जैसे संस्थान वही जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1947 में उत्तर प्रदेश का योगदान राष्ट्रीय जीडीपी में 14 प्रतिशत तक था। लेकिन 2017 तक यह घटकर केवल 7-8 प्रतिशत रह गया। निराशा का माहौल था, उद्योग निवेश नहीं करना चाहते थे, युवा पलायन कर रहे थे। कभी समृद्ध रहा प्रदेश बीमारू कहलाने लगा। पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदली है। आज प्रदेश, देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। बेहतर सुरक्षा, निवेश, बुनियादी ढांचा और सुशासन के साथ यूपी ने नए मानक स्थापित किए हैं।

## आईआईटी कानपुर से भारत के पहले राष्ट्रीय डीपटेक सम्मेलन का आगाज, यूपी बनेगा डीपटेक हब

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में भारत के पहले राष्ट्रीय डीपटेक सम्मेलन (डीपटेक भार 2025) का भव्य शुभारंभ आईआईटी कानपुर से हुआ। इस दौरान आईआईटी कानपुर के डायरेक्टर प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को डीप-टेक लैब की स्थापना के संबंध में प्रस्तुतिकरण के जरिए जानकारी दी। मालूम हो कि यह ऐतिहासिक आयोजन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सेमीकंडक्टर, क्वांटम टेक्नोलॉजी, स्पेस टेक और बायोसाइंसेज जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों पर केंद्रित है। सम्मेलन का उद्देश्य भारत को डीपटेक शक्ति के रूप में स्थापित करना और उत्तर प्रदेश को देश का पहला डीपटेक-रेडी राज्य बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाना है। यह पहल प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में भी सहयोग करेगी। साथ ही डीपटेक इकोसिस्टम का लाभ अब केवल महानगरों तक सीमित न रहकर टियर-2 और टियर-3 शहरों तथा वहां के युवाओं और स्टार्टअप्स तक पहुंचेगा। इससे छोटे शहरों के नवाचार सीधे राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर से जुड़ सकेंगे। सम्मेलन में डीपटेक पॉलिसी 2035, देश का पहला डीपटेक एक्सेलेरेटर और भारत का पहला एआई को-पायलट लॉन्च किया गया। यह सम्मेलन वैश्विक सहयोग और निवेश का भी बड़ा मंच बनेगा। इसमें डीआरडीओ, इसरो, एमईआईटीवाई, डीएसी सहित 200 से अधिक वेंचर कैपिटल फर्मों और उद्योग जगत के लीडर्स ने भाग लिया।

## सीएम योगी की बड़ी घोषणा, भारत डीप टेक 2025 की दिशा में बढ़ेगा यूपी

कानपुर/लखनऊ। आईआईटी कानपुर के 'समन्वय' से उद्योग-अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डीप टेक को लेकर बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश को भारत डीप टेक 2025 का केंद्र बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। डीप टेक पर एक प्रभावशाली समिट आयोजित करने की आवश्यकता है, जिससे रिसर्च और नवाचार को नई दिशा मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईआईटी कानपुर को डीप टेक इनोवेशन का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा। इसके साथ ही स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और युवाओं को वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि उत्तर प्रदेश आने वाले समय में तकनीकी क्रांति का अग्रदूत बन सके। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग भारत का पहला ह्यडीप टेक भारत 2025 बनने की ओर आगे बढ़ें, इसके लिए एक अच्छा शिखर सम्मेलन (समिट) होना चाहिए, जहां डीप टेक भारत को लेकर ठोस कार्य किया जा सके। आईआईटी कानपुर को इसका केंद्र बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौतमबुद्ध नगर जनपद में इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से भूमि भी आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि मैं चाहूंगा कि आईआईटी कानपुर इसका नेतृत्व करे, ताकि यह पूरे देश को आज की चुनौतियों की दिशा में नई लीडरशिप देने में सक्षम हो। आईआईटी कानपुर में यह क्षमता है कि युवाओं के मन में जो आशंका है, उसे दूर किया जा सके। इसके लिए डीआरडीओ, इसरो और अन्य संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा सकता है।

- डीप टेक पर हो एक प्रभावशाली समिट का आयोजनः सीएम
- आईआईटी कानपुर बने डीप टेक इनोवेशन का केंद

# कृषि क्षेत्र के उन्नयन से पूरा होगा विकसित भारत का संकल्प

लखनऊ। लखनऊ कृषि क्षेत्र के उन्नयन और नवाचार से ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। डबल इंजन की सरकार कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, कृषि यंत्रों पर रियायत और फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रखने के लिए बीमा योजना का लाभ किसानों को दे रही है। जिससे किसानों की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। ये बातें सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने मुख्यमंत्री कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्रीजंक्शन) जागरूकता अभियान कार्यक्रम में कहीं। इस मौके पर 147 कृषि स्नातकों को मंत्री असीम अरुण ने प्रशिक्षण पत्र प्रदान किया।

- जिले के 147 कृषि स्नातकों को मिला प्रशिक्षण : असीम अरुण

कार्यक्रम में मंत्री असीम अरुण ने कहा कि मल्टी लेयर फार्मिंग, मशरूम उत्पादन का विकसित माडल तैयार कर, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट स्थापित कर और अन्य नवाचार के माध्यम से युवा कृषि को सफल रोजगार के रूप में चुन रहे हैं। उन्होंने बताया कि कैसे किसान सरकार की योजनाओं और प्रशिक्षण का लाभ लेते हुए अपनी आय को बढ़ा रहे हैं। मंत्री असीम अरुण ने बताया कि जो मुर्गी फार्म बंद हो गए हैं, उनके संचालकों को पुनः शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। इसके लिए कांट्रेक्ट फार्मिंग के मॉडल को अपनाया जायेगा। इस कार्य में बड़ी कंपनियों की मदद ली जाएगी जो किसानों को चूजे, दवाई, आहार आदि उपलब्ध करवाने के साथ उनका उत्पादन भी खरीदने का काम करेंगे।

# भाजपा सरकार में निर्दोषों को झूठे मुकदमें में फंसाते हैं : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश से सामाजिक न्याय के राज की स्थापना और अन्याय को मिटाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाना आवश्यक है। भाजपा सरकार में

- सपा प्रमुख ने विभिन्न जिलों से आये नेताओं और कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित

निर्दोषों को झूठे मुकदमें में फंसाया जाता है। संविधान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर हैं प्रशासन का दुरुपयोग हो रहा है। भाजपा सरकार ने शिक्षा, और स्वास्थ्य व्यवस्था बर्बाद कर दिया। अस्पतालों में दवा, इलाज नहीं मिल पा रहा है। एम्बुलेंस सेवाएं ठप्प है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर विभिन्न जिलों से आये नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार का तीसरा कार्यकाल है लेकिन देश की जनता को परेशानी और तबाही के सिवा क्या मिला? सरकार बताए कि नोटबंदी का परिणाम क्या रहा? प्रधानमंत्री के क्षेत्र में भी विकास क्यों नहीं हुआ? वाराणसी में आयी बाढ़ की भयावह स्थिति को सभी ने देखा। भाजपा ने झूठे सपने दिखाकर लोगों को विनाश के कगार पर पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा इस्तेमाली पार्टी है। यह लोगों का इस्तेमाल करती है, फिर उन्हें बर्बाद कर देती है। भाजपा सरकार ने जीएसटी को जटिल बनाकर व्यापार और व्यापारियों को उलझा दिया है। व्यापार करना कठिन हो गया है। टैक्स की प्रक्रिया आसान होनी चाहिए। भाजपा सरकार के फैसलों में भारी गड़बड़झाला है। इस सरकार के पास बेरोजगारी, महंगाई का कोई समाधान नहीं है। भाजपा सरकार के एजेंडे में नौकरी रोजगार नहीं है। आउटसोर्स से बेरोजगारी का स्थायी हल नहीं होगा। भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता के हित में कोई काम नहीं किया। भाजपा ने नौ साल की सरकार में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया। बिजली का कोई कारखाना नहीं लगाया। भाजपा ने जनता का भरोसा खो दिया है। भाजपा पर किसी को भरोसा नहीं रह गया है। जनता को समाजवादी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों पर भरोसा है। सपा ने उत्तर प्रदेश में विकास के तमाम कार्य किए हैं। किसानों, नौजवानों समेत सभी वर्गो के हित में फैसले लिए।

# जनसत्ता दल के जिलाध्यक्ष ने ली रालोद की सदस्यता



लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय पर सीतापुर जनसत्ता दल के जिलाध्यक्ष अंशुल पांडेय तथा हरगांव से जिला पंचायत सदस्य चुनाव के उपविजेता अरुण भार्गव तथा अजित कुमार वर्मा एवं उनके साथियों को रालोद की सदस्यता ग्रहण करायी। सदस्यता ग्रहण करने वालों ने भारत रत्न एवं किसान मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह की नीतियों तथा पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने तथा पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान को सीतापुर में गतिशील बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल आदि मौजूद रहे।

# आमजन के विश्वास का हिस्सा हैं भाजपा के कार्यकर्ताः सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने भाजपा के सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यशाला को किया संबोधित, कार्यकर्ताओं का किया मार्गदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यशाला को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने एक तरफ पार्टी कार्यकर्ताओं की हौसलाअफजाई की,

- सीएम ने कहा, देश का पैसा यहां के कारीगरों को ही मिले, बाहर जायेगा तो भारत के खिलाफ आतंकवाद में होगा प्रयोग
- योगी ने कहा, युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की है लंबी फौज

तो उनका मार्गदर्शन भी किया। मुख्यमंत्री ने सेवा पखवाड़ा अभियान (17सितंबर से 2 अक्टूबर) के तहत होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा के कार्यक्रम स्वयं के लिए नहीं, बल्कि नेशन फर्स्ट के भाव के साथ होते हैं। हम संस्थापकों के विजन राष्ट्र प्रथम के भाव को जीवन का मिशन मानकर आगे बढ़ते हैं। हमारे कार्यकर्ता जब इसे अभियान मानकर बढ़ते हैं तो वे आमजन का विश्वास का हिस्सा बनते हैं। मुख्यमंत्री ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर पहले उत्साहवर्धन किया, फिर अपील भी की कि 2 अक्टूबर को विजयादशमी भी है। यह सभी कार्यक्रम भी अच्छे से हों और पर्व-त्योहार भी आसानी से मनाए जाएं।

सीएम ने सेवा पखवाड़े के आयोजन और उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने वोकल फॉर लोकल को हस्तशिल्पियों का सम्मान बताया। कहा कि इसने यूपी के एक्सपोर्ट को कई गुना बढ़ाया है। यह आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। सीएम ने सभी से इसे बढ़ावा देने की अपील की और कहा कि देश का पैसा यहां के कारीगरों को ही मिले, बाहर जाएगा तो भारत के खिलाफ आतंकवाद में प्रयोग होगा। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता कार्यक्रम का जिक्र करते हुए इसे जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इसका महत्व यूपी से अधिक कोई नहीं समझ सकता। 11 वर्ष पहले इस सीजन में गांवों में पैदल चलना दूभर होता था। बदबू व गंदगी रहती थी, लेकिन आज हर गांव में पैदल जाया जा सकता है। स्वच्छता का ही असर है कि इंसेफेलाइटिस समाप्त हो गया। सीएम ने कहा कि बूथ स्तर की टीम मलिन बस्तियों में होने वाले कार्यक्रमों का हिस्सा बने। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्णतः बैन करने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में यूपी की भागीदारी से आगंतुकों व कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत इस वर्ष भी एक दिन में 36 करोड़ से अधिक पौधरोपण का रिकॉर्ड बना। 8 वर्ष में 240 करोड़ पौधरोपण हुए। यूपी का फॉरेस्ट कवर बढ़ा। जिस प्रदेश में पहले 50 लाख पौधे नहीं मिलते थे, वहां की नर्सरियों में 52 करोड़ पौधे तैयार किए गए। सीएम ने नमो वन/पार्क का भी जिक्र किया। सीएम ने भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या से मुखातिब होते हुए कहा कि यूपी में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की लंबी फौज है। हर अभियान में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता जीजान से लगे रहते हैं। सीएम ने रक्तदान शिविर को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग हर रविवार को स्वास्थ्य मेला लगाता है। वहां केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का डिस्प्ले, उपचार व अन्य सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। सीएम ने स्वास्थ्य के प्रति आमजन को जागरूक करने की अपील की और मंत्र दिया कि जितनी मेहनत करेंगे, बीमारियों से उतना ही लड़ने का सामर्थ्य रखेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 300 से अधिक सेवानिवृत्त आईएएस, आईएफएस, विभिन्न अधिकारियों व अलग-अलग विषय विशेषज्ञों के साथ बैठकर विकसित-आत्मनिर्भर यूपी के कार्यक्रम को बढ़ाने जा रहे हैं। विकसित व आत्मनिर्भर भारत के साथ विकसित यूपी को बढ़ाने के कार्यक्रम कॉलेजों, स्कूलों व अन्य संस्थाओं में होंगे, जनप्रतिनिधि भी उसका हिस्सा बनेंगे। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की संकल्पना को संकल्प के रूप में दिया है। हम इसके अनुरूप कार्य करेंगे। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत दिव्यांगजनों को जनप्रतिनिधियों द्वारा कृत्रिम उपकरण वितरण करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि पीएम पर लिखीं गईं पुस्तकें उपहार के रूप में दें। पूरे पखवाड़े यह अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि सांसद खेलकूद प्रतियोगिता से पहले विधायक खेलकूद प्रतियोगिता होगी। ग्राम पंचायत से लेकर संसदीय क्षेत्र की प्रतिभाएं इससे निखरेंगी। सीएम ने विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता के जरिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि फाइन आर्ट से जुड़े लोगों को भी इससे प्रेरित करें। यह प्रतियोगिता सावर्जनिक स्थानों पर करें, जिससे दीवारें भी सजेंगी और युवाओं का सम्मान भी होगा। सीएम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, पं. दीनदयाल उपाध्याय व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी की भी चर्चा की। इस दौरान भाजयुमो के अध्यक्ष व सांसद तेजस्वी सूर्या, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल आदि मौजूद रहे।

## सीएम ने नमो मैराथन में तेजस्वी सूर्या को किया आमंत्रित

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी 17 नगर निगम व गौतमबुद्ध नगर में नमो मैराथन कार्यक्रम पर जोर दिया। सीएम ने इसमें भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या को भी आमंत्रित किया। सीएम ने मैराथन में 10 हजार से अधिक युवाओं को हिस्सा बनाने की अपील की।

संक्षेप

## नवविवाहिता फंदे पर झूलती मिली

**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती से एक बड़ी और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। नवीन मॉर्डन पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भटपुरवा कला के मजरा चुरिहारपुर में मंगलवार की शाम एक युवती अपने ही घर के कमरे के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में झूलती हुई पाई गई। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। मृतका की पहचान 22 वर्षीय कमर जहां पत्नी हमीदुल्लाह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार उसकी शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी और छह माह का एक मासूम बच्चा भी है। वहीं, पति रोजगार के सिलसिले में पिछले एक वर्ष से मुंबई में रहकर मेहनत-मजदूरी कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि परिवार सामान्य जीवन जी रहा था, लेकिन अचानक हुई इस घटना ने सबको स्तब्ध कर दिया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवती ने ऐसा कदम क्यों उठाया। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान, थाना प्रभारी नवीन मार्डन निरीक्षक शम्भू सिंह, रमवापुर चौकी इंचार्ज, श्रावस्ती चौकी इंचार्ज तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मारपीट व आगजनी का आरोपी गिरफ्तार




**प्रतापगढ़।** एएनएम सेंटर पर मारपीट व आगजनी की घटना में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। सांगीपुर के डभियार कुम्भापुर एएनएम सेंटर पर तैनात नर्स नीता सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि उदयपुर थाना क्षेत्र के कुंभीआईमा निवासी अभिषेक मौर्य ने अपने साथियों के साथ सेंटर पर पहुंचकर उसके व उसके पति के साथ मारपीट किया। विरोध करने पर आरोपियों ने दवाइयों और अन्य सामानों में आग लगा दी। सांगीपुर थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी को गांव के समीप से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## मारपीट में घायल की मौत

**सिद्धार्थनगर। गोल्हौरा** थाना क्षेत्र के अकोल्हिया गांव में 27 अगस्त को हुई मारपीट में घायल रामसेवक की लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में मौत हो गई। मौत की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर है। पुलिस ने पहले बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) में केस दर्ज किया था। घायल रमावती की मेडिकल रिपोर्ट और मृतक की मौत के बाद धाराएं बढ़ा दी हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए गए अभियान में पुलिस को सफलता मिली। इटवा-बासी मार्ग शास्त्री नगर से तीन आरोपी विदेशी पुत्र पांचू साहनी, धर्मेंद्र उर्फ गोलू पुत्र शिवकरन और बालकरण साहनी पुत्र फुलेराज को गिरफ्तार किया गया। एक नाबालिग को तेलियाडीह-भीटिया मार्ग से पकड़ा गया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारी इटवा शुभेंदु सिंह और गोल्हौरा थाना प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता की टीम ने सभी आरोपियों को कानूनी कार्रवाई के बाद अदालत में पेश किया।

# गौ तस्करों को बचाने केआरोप में 10 पुलिसकर्मी निलंबित

मुरादाबाद। मुरादाबाद में एक थाना प्रभारी समेत 10 पुलिसकर्मियों को गोमांस तस्करी के एक मामले को दबाने की कोशिश करते हुए बरामद मांस को मिट्टी में दबाने और संबंधित कार को छुपाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने विभागीय जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद निलंबन का आदेश दिया।

अधिकारियों के अनुसार, यह घटना सोमवार देर रात हुई। पुलिस की यूपी-112 की टीम ने पाकबड़ा थाना क्षेत्र के उमरी सब्जीपुर वन क्षेत्र में एक कार को संदेह के आधार पर रोका तथा जांच करने पर वाहन में कथित तौर पर भारी मात्रा में गोमांस पाया गया। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने घटना के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने के बजाय कथित तौर पर जब्त मांस को गड्ढा खोदकर मिट्टी में दबा दिया और कार को छुपा दिया। पुलिस सूत्रों ने दावा किया कि कुछ पुलिसकर्मियों ने तस्करों से समझौता करने की भी कोशिश की। घटना की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंतिल ने त्वरित जांच के आदेश दिये। पुलिस के विशेष कार्य बल ने पशु चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ गड्ढे में दबाये गये मांस को बाहर निकाला और फिर पुष्टि की कि वह गोमांस ही था। सूत्रों ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में पाकबड़ा थानाध्यक्ष मनोज कुमार, चौकी प्रभारी (ग्रोथ सेंटर) अनिल कुमार, उपनिरीक्षक महावीर सिंह और तस्लीम, हेड कांस्टेबल बंसत कुमार और धीरेंद्र कसाना, कांस्टेबल मोहित, मनीष, राहुल और सोनू सैनी को निलम्बित कर दिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गोमांस गजरौला से कुंदरकी ले जाया जा रहा था। जिस कार से गोमांस बरामद किया गया था वह जांच में कुंदरकी के मोहल्ला सादात निवासी मोहम्मद शमी के नाम पंजीकृत पायी गयी है। अपर पुलिस अधीक्षक कुंवर रणविजय सिंह ने बुधवार को कहा कि आरोपी तस्करों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## झांसी में लापता हुआ छह साल का बच्चा बरामद , अपहर्ता गिरफ्तार

झांसी। बस स्टैंड से लापता हुए छह साल के एक बच्चे को बरामद करके परिवार के हवाले कर दिया और अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि एक सितंबर को उन्नाव जिले के सफीपुर क्षेत्र के बदलेपुरवा की निवासी सुमित्रा ने नवाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि गुजरात से आने के बाद उन्नाव जाते समय उसका बेटा बस स्टैंड से गायब हो गया। मूर्ति ने कहा कि इस संबंध में मामला दर्ज किया गया और तकनीकी जानकारी के आधार पर नितेश कुमार नामक आरोपी को यहां कानपुर रोड पर स्थित एलआईसी भवन के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। कुमार कानपुर देहात जिले के निर्मोही गांव का निवासी है। लड़के को मुक्त कराकर परिवार के हवाले कर दिया गया। मूर्ति के अनुसार पूछताछ के दौरान, गुजरात के वडोदरा में मजदूरी करने वाले कुमार ने पुलिस को बताया कि उसी बस में यात्रा करते समय उसे बच्चे से लगाव हो गया और उसने उसे पालने का फैसला किया।

## डीएम ने बीएचएनडी दिवस का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली में गंभीर खामियां सामने आई हैं। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने बुधवार को विकास खंड उसका बाजार के उपकेन्द्र गंगाधरपुर में बीएचएनडी दिवस पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में गर्भवती महिलाओं की जांच में कई कमियां मिलीं। एमसीपी कार्ड में आरसीएच नंबर दर्ज नहीं था। ड्यू लिस्ट अपडेट नहीं की गई थी। गर्भवती महिलाओं का नियमित फॉलोअप भी नहीं हो रहा था। स्वास्थ्य केंद्र में और भी कई खामियां सामने आईं। आशा डायरी अधूरी मिली। आंगनबाड़ी कार्यकत्री का रजिस्टर अपूर्ण था। सैम-मैम बच्चों के पोषण वितरण में भी त्रुटियां पाई गईं। डीएम ने इन कमियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने एमओआईसी, एएनएम पीयूषलता और सीएचओ से स्पष्टीकरण मांगा। उन्हें खुद एचआरपी महिला से फोन पर संपर्क करना पड़ा। यह स्थिति दशार्ती है कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन नहीं कर रहे हैं। इससे गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ रहा है। विभाग की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं। जमीनी स्तर पर इनका क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं हो रहा है।

## साइबर ठगी के 8 पीड़ितों को मिली राहत

**सिद्धार्थनगर।** साइबर ठगी के शिकार हुए 8 लोगों को उनकी खोई हुई रकम वापस मिल गई है। पुलिस की सक्रियता से कुल 2 लाख 59 हजार 300 रुपए की धनराशि पीड़ितों के खातों में वापस कराई है। पीड़ितों में सेहरी बुजुर्ग की अंजू यादव को 10 हजार रुपए और बासापार के दुर्गेश कुमार दूबे को 30 हजार रुपए वापस मिले हैं। सेहरी बुजुर्ग के ओमप्रकाश को 20 हजार रुपए और गनवरिया के रामलल्लन को सबसे अधिक 1 लाख 27 हजार 500 रुपए लौटाए गए हैं। विशुनपुरवा की सुमन को 10 हजार रुपए, खोरिया रघुवीर सिंह की विनीता को 18 हजार रुपए मिले हैं। गौरी पाठक की आशा देवी को 3 हजार 800 रुपए और कम्हरिया बुजुर्ग की कृष्णा को 40 हजार रुपए वापस कराए गए हैं। इस सफलता में थानाध्यक्ष अमित कुमार, उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह समेत पथरा बाजार थाने और साइबर थाना सिद्धार्थनगर की टीम का योगदान रहा है। पीड़ितों ने राहत जताते हुए कहा कि साइबर फ्रॉड में पैसा वापस मिलना दुर्लभ होता है।

# सीएमओ के निरीक्षण में अस्पताल की अव्यवस्थाएं उजागर



**श्रावस्ती।** सीएमओ डॉ. अशोक कुमार सिंह ने मंगलवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर कमियाँ उजागर हुईं, जिन पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। सीएमओ ने अस्पताल के मुख्य द्वार पर सुरक्षा गार्ड की अनुपस्थिति तथा अव्यवस्थित पार्किंग को अस्वीकार्य बताया। इमरजेंसी वार्ड की गंदगी और अस्वच्छता देखकर उन्होंने गहरी चिंता जताई। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पर्चा काउंटर को अस्पताल परिसर के बाहर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण में पाया गया कि पीएनसी वार्ड में पंखे बंद थे तथा एसएनसीयू में ओपीडी रजिस्टर ही नहीं बनाया गया था। दवाओं के रखरखाव की स्थिति भी अत्यंत असंतोषजनक पाई गई। अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ और कथित रूप से पैसे लेकर प्राथमिकता देने की शिकायतों पर उन्होंने सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए। ईसीजी कक्ष में टेक्नीशियन अनुपस्थित पाया गया, जबकि लेबर रूम और इमरजेंसी वार्ड के द्वार पर गंदगी का अंबार मिला। समग्र स्वच्छता व्यवस्था दयनीय हालत में थी। सफाई कंपनी के सुपरवाइजर ने बताया कि सुबह 11 बजे तक पानी न आने से सफाई प्रभावित होती है। इमरजेंसी में सेक्शन मशीन खराब मिली और सीढ़ियों के नीचे भी गंदगी पाई गई। इस पर सीएमओ ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिया व्यवस्थाओं को तत्काल सुधारकर मरीजों को सुगम, सुरक्षित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराई जायें।

## नीति आयोग व सीएसआर के तहत कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**सिद्धार्थनगर।** डीएम डॉ. राजागणपति आर की अध्यक्षता एवं सीडीओ बलराम सिंह की उपस्थिति में नीति आयोग व सीएसआर के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। डीएम ने नीति आयोग में चिन्हित स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पेयजल व अन्य विन्दुओं की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सभी परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, पेयजल, शौचालय की साफ-सफाई व्यवस्था, बाला पेन्टिंग, फर्नीचर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। नीति आयोग योजना के अन्तर्गत क्रिटिकल गैप के अर्न्तगत जो भी निर्माण एजेंसी कार्य कर रही है उसे गुणवत्ता पूर्ण व समय से पूर्ण कराये। को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्र जो बन रहे है वह विद्यालय के नदीक ही उसका निर्माण कराये। सैम-मैम बच्चों का चिन्हांकन कराये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी टीकों का शत-प्रतिशत टीकाकरण करायें। डीएम ने पीएचसी घोसियारी में डिलेवरी प्वाइन्ट शुरू करने का निर्देश दिया। आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी की क्लस्टर बैठक नियमित रूप से कराये। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि सहायता प्राप्त विद्यालयों में पीने के पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय में एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय उसका बाजार का निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके आलावा बी-पैक्स गोदाम, आंगनबाड़ी भवन, का निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कठमोरवा का निर्माण शुरू कराने का निर्देश दिया। इंडिया मार्का हैण्ड पम्प का रैन्डमली सत्यापन कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग अच्छे से कार्य करे जिससे जनपद को अग्रणी जनपद की श्रेणी में लाया जा सके। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त परियोजना निदेशक डीआरडीए नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बी.एस.यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, खण्ड विकास अधिकारी खेसरहा अमित सिंह कार्यदायी संस्थाओं के सम्बन्धित अधिकारी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे

# सामाजिक व राष्ट्रीय सरोकार की मजबूती के लिए निष्पक्ष पत्रकारिता होनी चाहिए



**लखनऊ/प्रतापगढ़।** सदर कैण्ट स्थित रघुवर भवन में बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की प्रदेश कार्य समिति ने पत्रकार सुरक्षा कानून समेत विभिन्न मुददों पर प्रस्ताव पारित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत सरकार के छावनी परिषद से रक्षा मंत्रालय के नामित सदस्य प्रमोद शर्मा तथा राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया एवं पत्रकार उत्पीड़न प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रदेश अध्यक्ष प्रभाशंकर ओझा के साथ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सम्मेलन में पत्रकार सुरक्षा कानून तथा शासन द्वारा समान रूप से पत्रकारों को चिकित्सा समेत विभिन्न सुविधाओं पर शासनादेश निर्गत किये जाने का प्रस्ताव पारित किया। मुख्य अतिथि रक्षा मंत्रालय सलाहकार समिति के सदस्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि सामाजिक व राष्ट्रीय सरोकार की मजबूती के लिए पत्रकारों को सदैव निरपेक्ष एवं निष्पक्ष भूमिका निभानी चाहिए। उन्होनें कहा कि लेखन तथा चिंतन के पटल को सदैव देशहित एवं सामाजिक एकता के मूल्यों पर केन्द्रित रखा जाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सरकार की ओर से बरती जा रही शिथिलता मौलिक स्वतंत्रता को भी प्रभावित किया करती है। पत्रकार उत्पीड़न प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि पत्रकारिता के जरिए ही राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता व सामाजिक संरचना के ढांचे को ताकत मिल सकती है। प्रान्तीय कार्य समिति की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष प्रभाशंकर ओझा ने किया। संचालन करते हुए प्रान्तीय मुख्य महासचिव मधुसूदन सिंह ने बैठक की कार्यवृत्ति प्रस्तुत की। महासंघ के लखनऊ जिला इकाई अध्यक्ष वीरेन्द्र मिश्र ने स्वागत भाषण तथा प्रदेश प्रवक्ता अजय पाण्डेय ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। बैठक में सच्चिदानंद मिश्र, प्रदीप सिंह, सुरेन्द्र सिंह ने भी पत्रकारिता से जुड़े मूल्यों व चुनौतियों पर विचार रखे।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ केस दर्ज

**वाराणसी।** श्रीरामचरित मानस के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ अदालत के आदेश पर वाराणसी के कैंट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। कैंट थानाध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि अदालत के आदेश पर मौर्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 295 (किसी वर्ग के धर्म का अपमान करने के इरादे से किसी पूजा स्थल या पवित्र वस्तु को नुकसान पहुंचाना, किसी की धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर ठेस पहुंचाना), 504 (जानबूझकर अपमान करना और उकसाना), 505(2) (धर्म, जाति, या समुदाय जैसे विभिन्न आधारों पर विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा या दुर्भावना उत्पन्न करना) और 153(ए) (धर्म, जाति, भाषा, जन्मस्थान, या निवास के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता, घृणा, या वैमनस्य को बढ़ावा देना) के तहत मंगलवार की शाम मुकदमा दर्ज कर लिया गया। याचिकाकर्ता अधिवक्ता अशोक कुमार ने बताया कि मौर्य ने 22 जनवरी 2023 को एक न्यूज चैनल को दिए गए इंटरव्यू में गोस्वामी तुलसीदास और रामचरित मानस को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। मौर्य ने कहा था कि करोड़ों लोग श्रीरामचरित मानस को नहीं पढ़ते हैं और तुलसीदास ने रामचरित मानस को अपनी खुशी के लिए लिखा है।

## चीनी मिल मालिक के बेटे समेत 5 पर केस दर्ज

**बदायूं।** बदायूं जिले की बिसौली तहसील के किसानों को करीब 31 करोड़ रुपये से अधिक का गन्ना बकाया भुगतान नहीं करने के आरोप में चीनी मिल के निदेशक एवं पूर्व सांसद डी. पी. यादव के बेटे समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बिसौली गन्ना विकास समिति के सचिव राजीव कुमार सिंह ने यदु चीनी मिल के निदेशक एवं पूर्व सांसद डी. पी. यादव के बेटे कुणाल यादव, मिल के प्रबंध निदेशक सूरज यादव, सुरेश चंद्र जौहरी, चीनी मिल इकाई प्रमुख डी. पी. सिंह और वरिष्ठ महाप्रबंधक ब्रजेश शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है।

## मुल्क में शांति के लिए कौमी एकता की मजबूती है जरूरी : मोना

**प्रतापगढ़।** खानापटटी स्थित मदरसा दारूल उलूम बाबुननवी में चार रोजा उन्नीसवां उर्से अतीकी की बुधवार को शुरूआत हुई। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने स्वयं तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की ओर से चादरपोशी की। यहां उर्स को लेकर हुए जलसे में बोलती हुयीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि मुल्क में अमनों शांति तथा तरक्की के लिए भाईचारे के पैगाम को ताकतवर बनाया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि रामपुरखास में भाईचारा तथा तरक्की का माहौल सदैव खुशनुमा बना रहेगा। जलसे की सदारत करते हुए हजरत मौलाना रहमानी मियां ने अतीक साहब की सामाजिक व शैक्षिक क्षेत्र में दिये गये योगदान का बखान किया। संचालन बेलाल रहमानी ने किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, केडी मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अब्दुल लतीफ खान, जर्रार अहमद, हाफिज शोएब खान, मो0 अली, मतलूब खान, सभासद मोकीम खान, अहमदरजा खान, कासिम, जाहिद, मो0 रेहान, मकबूल खान, रईस खान आदि रहे। वहीं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मंगलवार की देर शाम लालगंज, खालसा तिराहा, बाबा घुइसरनाथ धाम, सांगीपुर, उदयपुर, ननौती आदि स्थानों पर सजाये गये भगवान गणेश के पाण्डालों में भी पहुंची। इन पाण्डालों में दर्शन पूजन करते हुए विधायक मोना ने भगवान श्रीगणेश को मंगल प्रदाता बताते हुए लोककल्याण की प्रार्थना किया। दौरे में सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, रोहित सिंह, पप्पू तिवारी, भुवनेश्वर शुक्ल, राकेश चतुर्वेदी, राजू मिश्रा, प्रभात ओझा, त्रिभु तिवारी, मुरलीधर तिवारी, अतुल शुक्ला आदि शामिल रहे।

## बकरी, मुर्गी के विवाद में मारपीट का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** बकरी, मुर्गी के विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना अंतर्गत डांडी खास निवासी कैलाश यादव पुत्र राम सेवक यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव निवासी अरबाज पुत्र असलम की बकरी मुर्गी अक्सर उसके दरवाजे पर आती रहती हैं। आरोप है कि मना करने पर बीती एक सितंबर को दोपहर आरोपी अरबाज ने पीड़ित को गाली देते हुए मारपीटा। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते भाग गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पांडेय का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## चोरों ने नगदी समेत लाखों का जेवर उड़ाया

**प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे मना रेहुआ लालगंज गांव निवासिनी सीता देवी पत्नी चंद्रभूषण गौड़ ने थाने पर तहरीर देते हुए कहा कि सोमवार की रात लगभग तीन बजे उसकी नींद खुली तो एक युवक भागता हुआ दिखाई दिया। गुहार लगाई और जब तक ग्रामीण इकट्ठा हुए, तब तक वह भाग निकला। बाद में पीड़िता ने घर के अंदर देखा तो कमरे का ताला टूटा था और बक्सा का सामान बिखरा पड़ा था। उसके मुताबिक बक्सा में रखा लगभग एक लाख का जेवर तथा तीन हजार नगद और मोबाइल फोन चोर लेकर भाग गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। उदयपुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## विधिविधान से पूजे गये भगवान गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**प्रतापगढ़।** भगवान गजानन का विधिविधान से पूजन अर्चन कर भक्तों ने बुधवार को प्रतिमाओं का विसर्जन किया। अबीर गुलाल उडाते नाचते गाते गणेश जी के भक्तों का उत्साह भक्तिमय देखा गया। लालगंज बाजार समेत कैथौला बाजार, सांगीपुर, डभियार, उदयपुर आदि स्थानों पर सुबह से ही गणेश पूजन को लेकर मंत्रोच्चारण गूंजता दिखा। डीजे की धुन पर भक्तिमय भजनों में रमे भगवान गणेश के भक्तों की शोभा यात्रा भी मनमोहक दिखी। शांति एवं व्यवस्था की दृष्टि से विसर्जन कार्यक्रम को लेकर पुलिस व प्रशासन को भी एहतियातन सतर्क देखा गया।

## धूमधाम से मनाया जा रहा श्रीगणेश उत्सव

**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत अंतर्गत लालगंज बाजार से जुड़े हाइवे किनारे स्थित बड़े हनुमान मंदिर, घुइसरनाथ मार्ग पर गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शाम को आरती के समय भक्तों की भारी भीड़ जुट रही है। भक्त बड़े ही श्रद्धाभाव से भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का पूजन कर मंगल कामना कर रहे हैं। पांडाल में स्थापित श्रीगणेश की प्रतिमा श्रद्धालुओं में आकर्षण का केंद्र बना है। शाम होते ही पंडालों के आसपास मेले जैसा नजारा दिखने लगता है। नगर में सजे पांडालों में मंगलवार की रात जुटी महिला श्रद्धालुओं के भजनों ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया। घुइसरनाथ मार्ग पर सजे पांडाल में आचार्य भागवत भूषण विनय शुक्ल ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्रीगणेश का आरती पूजन कराया। यहां देर रात तक भक्त पंडालों पर पहुंच कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। भजन गायक श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। इस मौके पर राज मोदनवाल, राजकुमार मिश्र, भोला विश्वकर्मा, अनुराग पांडेय आदि श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

## पुलिस का बारावफात से पहले पूर्वाभ्यास

**सिद्धार्थनगर।** बारावफात त्योहार की तैयारियों के मद्देनजर रिजर्व पुलिस लाइन्स में पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के नेतृत्व में हुए इस अभ्यास में दंगा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस बल को छोटे-छोटे दलों में बांटा गया। प्रत्येक टीम को विभिन्न परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। अभ्यास में लाठीचार्ज, आंसू गैस, रबर बुलेट गन, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, मिर्ची बम और हैंड ग्रेनेड के प्रयोग का प्रशिक्षण शामिल था। पुलिस बल को विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि आपात स्थिति में कौन सी टीम कब और कैसे कार्रवाई करेगी। एसपी डॉ. महाजन ने कहा कि बारावफात पर बड़ी भीड़ जुटती है। किसी भी अफवाह या विवाद से माहौल बिगड़ सकता है। उन्होंने जवानों को ड्यूटी के दौरान संयम रखने और जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। अभ्यास में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष और प्रतिसार निरीक्षक सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस बल ने अनुशासन और तत्परता के साथ अपना कौशल प्रदर्शित किया।

## हिंदू लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज

**कौशांबी।** जिले में एक हिंदू लड़की से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने और जबरन धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया है, जिसके बाद सात लोगों को खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिले के एक गांव की निवासी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि 31 अगस्त को रात आठ बजे उसकी 19 वर्षीय बेटी को गांव की ही निवासी नेहा बानो नामक महिला ने धोखे से अपने घर बुलाया और वहां पहुंचने पर नेहा के भाई सैफ खान (24) और अनुज अहमद (25) ने बेटी से दुष्कर्म किया। तहरीर के मुताबिक आरोपियों ने लड़की से दुर्व्यवहार करके जबरन विवाह का दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसी दौरान गांव की मस्जिद के मौलाना ने शिकायतकर्ता महिला और उसकी बेटी को गलत तरीके से जबरन कलमा पढ़वा कर उनका धर्म परिवर्तन कराया जबकि इस दौरान गांव के छोटू खान, अतीक अहमद और इसरार अहमद भी वहां मौजूद रहे और इस कृत्य में सक्रिय रूप से शामिल रहे। तहरीर में कहा गया है कि अगली सुबह महिला और उसकी बेटी ने घर पहुंचकर परिवार वालों को इस घटना की जानकारी दी।

## पिता की अस्थियां विसर्जित करने गया युवक नदी में डूबा

**इटावा।** जिले की सुदूरवर्ती चंबल घाटी स्थित क्वारी नदी में अपने पिता की अस्थियां विसर्जित करने गया एक युवक पैर फिसलने से नदी के तेज बहाव में बह गया। पुलिस के मुताबिक, बिठौली थाना क्षेत्र के बिडौरी गांव का निवासी संतोष कुमार तिवारी (22) मंगलवार को अपने पिता विनोद तिवारी की अस्थियों और उनके वस्त्रों को विसर्जित करने के लिये क्वारी नदी में उतरा था। नदी का तट कीचड़ भरा होने के कारण उसका पैर फिसल गया और वह नदी के तेज बहाव में बह गया। उन्होंने बताया कि संतोष के साथ आये लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन नदी के तेज बहाव और मगरमच्छों के डर के कारण वे उसे बचा नहीं पाये। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गये। मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी ब्रह्म नंद कठेरिया और पुलिस क्षेत्राधिकारी रामबदन सिंह तथा वन विभाग के क्षेत्राधिकारी एसएन यादव ने गोताखोरो की मदद से डूबे युवक की तलाश का अभियान चलाया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

## त्योहारों पर शांति और सुरक्षा के लिए पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**श्रावस्ती।** आगामी बारावफात एवं गणेश चतुर्थी को दृष्टिगत रखते हुए जनपद पुलिस ने दंगा निरोधक उपकरणों की तैयारी का निरीक्षण किया और फ्लैग मार्च का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के आदेशानुसार जनपद के सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में स्टाफ को उच्चाधिकारियों एवं शासन के दिशा-निदेर्शों से अवगत कराया। इस दौरान दंगा निरोधक उपकरणों को पूर्णतः तैयार स्थिति में रखा गया। साथ ही, थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ बारावफात जुलूस मार्ग एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन मार्ग पर फ्लैग मार्च निकाला गया, जिससे आमजन में सुरक्षा का विश्वास उत्पन्न हुआ और शांति का संदेश प्रसारित हुआ। जनपद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर स्तर पर पूरी सतर्कता बरती जाएगी तथा जनसहयोग से पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाएगा।

## राहुल गांधी की याचिका पर निर्णय सुरक्षित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा दायर एक याचिका पर बुधवार को सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया। गांधी ने वाराणसी के विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया है। राहुल गांधी द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति समीर जैन ने निर्णय सुरक्षित रख लिया और कहा कि निर्णय सुनाए जाने तक, विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए के आदेश पर रोक रहेगी। विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) ने राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली एक याचिका को नए सिरे से सुनवाई करने के लिए एसीजेएम की अदालत के पास भेज दिया था जिसके खिलाफ राहुल गांधी ने इस उच्च न्यायालय का रुख किया है।

# डीएम संग शान्ति समिति की बैठक संपन्न



**श्रावस्ती।** आगामी ईद-ए-मिलाद (बारावफात), दुर्गा पूजा, दशहरा एवं अन्य पर्वो पर शान्ति और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्रीय शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने संयुक्त रूप से की।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी समुदाय परस्पर सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं, कोई भी नई परम्परा न शुरू की जाए जिससे अमन-चैन में बाधा पहुँचे। उन्होंने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट न डालने की सख्त हिदायत दी तथा चेताया कि उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी। जिले में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से गतिविधियों की निगरानी भी होगी।

उन्होंने उपजिलाधिकारियों और क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना स्तर पर शान्ति समिति की बैठकें आयोजित की जाएं और जुलूस मार्गों, घाटों, प्रकाश व्यवस्था व ढीले विद्युत तारों की मरम्मत शीघ्र कराई जाए। साफ-सफाई और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहारों पर गुड पुलिसिंग लागू रहेगी। संवेदनशील क्षेत्रों में पेट्रोलिंग कराई जाएगी तथा अराजक तत्वों को चिन्हित कर पाबंद किया जाएगा। उन्होंने थानाध्यक्षों और चौकी प्रभारियों को छोटे-छोटे विवादों को भी गम्भीरता से लेकर तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अशोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम, प्रभागीय वनाधिकारी धनराज मीणा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. सिंह सहित समस्त क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष तथा दोनों समुदायों के सम्भ्रांत नागरिक और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## फांसी पर लटके मिले दंपति के शव

**कानपुर।** जिले के मछरिया इलाके में एक नवविवाहित जोड़े के शव संदिग्ध हालत में उनके घर के कमरे में फांसी से लटकते मिले। सहायक पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी क्षेत्र) योगेश कुमार ने बुधवार को बताया कि ऑटो चालक मोहम्मद साजिद (22) और उसकी पत्नी शाहिदा (20) के शव मछरिया क्षेत्र में स्थित उनके घर के कमरे में मंगलवार की शाम फांसी से लटकते पाये गये। दोनों की शादी करीब दो महीने पहले हुई थी। कुमार के मुताबिक परिजन का कहना है कि साजिद और शाहिदा मंगलवार दोपहर बाजार गए थे और लौटने पर खुश दिखाई दे रहे थे। दोनों ने अपने कमरे में जाने से पहले परिवार के सदस्यों से बात भी की थी।

संक्षेप

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र के ग्राम तमेरी में मंगलवार रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक 30 वर्षीय शिवकुमार, जो पेशे से राजमिस्त्री था, रात करीब 10 बजे अचानक मृत पाया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि मृतक घर का सबसे छोटा पुत्र था। उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व आगरा जिले के वाह तहसील के जैतपुर निवासी शारदा देवी से हुई थी। दंपती की कोई संतान नहीं थी। प्रारंभिक जांच में मृतक के नाक और कान से खून निकलने की बात सामने आई थी। मृतक की मां राजन श्री ने बहू पर आरोप लगाए, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ब्रेन हेमरेज से मौत की पुष्टि हुई। घटना के बाद घर में मातम छा गया। मां राजन श्री और पत्नी शारदा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं अन्य परिजन भी गम में डूबे हुए हैं। पुलिस ने मामले में कोई संदिग्ध तत्व न मिलने की बात कही है।

## महिला की अज्ञात कारणों से मौत

**इटावा।** जसवंतनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खेड़ा धौलपुर में एक महिला की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। थाना जसवंतनगर के ग्र्राम खेड़ा धौलपुर निवासिनी शकुन्तला देवी पत्नी मनीष बाबू उम्र 32 साल की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। जसवंतनगर थाना पुलिस ने शव को महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट कराया।

## परशुराम समिति ने शोक जताया

**इकदिल, इटावा।** परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डा.सुशील सम्राट, संरक्षक हरिप्रकाश चैधरी, प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष गोपालजी मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री राहुल प्रकाश दीक्षित, जिलाध्यक्ष अनुपम तिवारी आदि पदाधिकारियों ने परशुराम सेवा समिति इटावा के युवा जिलाध्यक्ष शिवम शुक्ला के भाई चंदन शुक्ला के निधन पर उनके आवास लखना पहुँचकर शोक जताया।

# विश्वसनीयता की कसौटी पर आज भी समाचार पत्र सबसे ऊपर : एडीजी

- एडीजी अशोक मुथा जैन ने जीवन एक्सप्रेस के गोरखपुर कार्यालय का किया उद्घाटन

जिला संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** इंटरनेट मीडिया दोधारी तलवार है। इसकी स्वच्छंदता को नियंत्रित नहीं किया गया तो हमारी स्वतंत्रता पर खतरा आ जाएगा। दूसरी ओर प्रिंट मीडिया आज भी जिम्मेदार है। यहां आपत्ति और शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। समाचार पत्र की विश्वसनीयता आज भी सबसे ऊपर है। उक्त बातें गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अशोक मुथा जैन ने कही। वे बुधवार को महानगर के जेल बाईपास रोड पर जीवन एक्सप्रेस अंग्रेजी दैनिक के गोरखपुर कार्यालय का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन करते हुए कही। उन्होने

मंत्रोच्चार के बाद फीता काटकर इसका उद्घाटन विधिवत उद्घाटन किया। उन्होने संस्थान को शुभकामनाएं ज्ञापित करते हुए कहा कि जीवन एक्सप्रेस ने कम समय में अपनी पहचान बनाई है। इस उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंची 26वी वाहिनी



पीएसी की कमांडेंट श्रीमती निहारिका शर्मा व आरटीओ प्रवर्तन संजय कुमार झा ने संस्थान के गोरखपुर समेत पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सबसे पहले जीवन एक्सप्रेस के जिला ब्यूरो चीफ-गोरखपुर दामोदर उपाध्याय ने एडीजी अशोक मुथा जैन, सेना नायक 26वीं वाहिनी पीएसी व आरटीओ प्रवर्तन संजय कुमार झा को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। तथा कार्यक्रम के अंत में आंगुतको के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन गोरखपुर अध्यक्ष अरविंद राय, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कुमार कसौधन, हरेंद्र दूबे, दिग्विजय नारायण राय, राजेश पांडेय, रामचंद्र शाही, राजकुमार हिंदुस्तानी, महामंत्री यूपी ट्रक संचालक एसोसिएशन आर पी शाही, पार्षद रामगति निषाद, विनोद दूबे, सोनू सिंह, मंटू राय, दिनेश राय समेत अनेकों गणमान्य उपस्थित रहें।

### संस्थान ने विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वालों को किया सम्मानित

**गोरखपुर।** जीवन एक्सप्रेस संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक अशोक मुथा जैन व विशिष्ट अतिथि सेना नायक 26वीं वाहिनी पीएसी व आरटीओ प्रवर्तन संजय कुमार झा ने पत्रकारिता समेत विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वालों को संस्थान की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन गोरखपुर अध्यक्ष अरविंद राय, गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब अध्यक्ष रितेश मिश्र, गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष रत्नाकर सिंह, सहायक सूचना निदेशक प्रशांत श्रीवास्तव, प्रांतीय संगठन मंत्री पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन व वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कुमार कसौधन, शिक्षक नेता दिग्विजय नारायण राय, राजेश पांडेय, महामंत्री यूपी ट्रक संचालक एसोसिएशन आर पी शाही, पार्षद रामगति निषाद, डा सौरभ श्रीवास्तव, डा संदीप राय, डा शांतनु प्रकाश अग्रवाल, डा पीएन भट्ट, अनुज पांडेय को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

## मझगांवा प्रा.विद्यालय में सफाई का अभाव

**मझगांवा, गोरखपुर।** गगहा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत करवल ऊर्फ मझगांवा में स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में उगे घास व परिसर में फैला बारिश की पानी से बच्चों के साथ अध्यापकों को परेशानी उठानी पड़ रही है. प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में फैला गंदगी व परिसर में से बारिश की पानी न निकले की समस्या फोन से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है।

बुधवार को गगहा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत करवल ऊर्फ मझगांवा में स्थित प्राथमिक विद्यालय के परिसर में उगे घास फूस के साथ बारिश का पानी फैलने से संक्रामक रोग फैलने की आंशका बनी रहेगी।

प्राथमिक विद्यालय करवल मझगांवा के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बारिश का समय है परिसर में घास फूस उगे हैं साथ ही बारिश के पानी विद्यालय परिसर में से निकलने की व्यवस्था नहीं होने से पानी जम गया है जिससे मच्छर पनपेगे, इसके बारे में फोन से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है उन्होंने समस्या का समाधान जल्द कराने का आश्वासन दिया है।

इस सन्दर्भ में एडीओ पंचायत सुनील कुमार यादव ने बताया कि जल्द ही रोस्टर लगाकर परिसर की साफ सफाई कराया जायेगा।

# 32वें स्थापना दिवस पर व्यापारी हुए सम्मानित



**इटावा।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के 32 वें स्थापना दिवस पर व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन साई मंदिर पक्का तालाब पर किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल ने की एवं संचालन जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने किया। मुख्यअतिथि नगर क्षेत्राधिकारी अभय नारायण राय, राजकुमार सिंह तहसीलदार सदर, अति विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार मिश्रा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व विशिष्ट अतिथि यशवंत सिंह शहर कोतवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में जनपद के वरिष्ठ व्यापारियों को व्यापारी सेवा सम्मान से सम्मानित किया सम्मानित होने वाले व्यापारियों में पंकज तिवारी बबलू महिंद्रा संतोष पटेल मनोज जैन डॉ. हरिशंकर पटेल राहुल गुप्ता विनोद यादव जसवन्तनगर यामीन रिंकू चैधरी को व्यापारी सेवा सम्मान प्रतीक चिन्ह पगड़ी फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान विशेष रूप से व्यापारियों ने 3 सितंबर राष्ट्रीय व्यापारी दिवस घोषित किया जाए स्वदेशी के तहत स्वदेशी अपनाओ एक राष्ट्र एक चुनाव जीएसटी में आमूल चूल परिवर्तन भ्रष्टाचार पर नियंत्रण अंग्रेजों के समय में बने कानून में परिवर्तन कराए जाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को जिला संरक्षक राजीव यादव, इकरार अहमद हरिओम गुप्ता अर्चना कुशवाहा मनोज अग्रवाल रंजीत कुशवाहा ने संबोधित किया। इस अवसर पर सर्वेश चौहान रणवीर सिंह चैहान अशोक कुमार कुशवाहा सत्येंद्र कुमार कुशवाहा लल्लू वारसी आकाश वर्मा हाजी गुड्डू मंसूरी जैनुलाब्दीन सुदर्शन जैन राधे राजावत राघवेंद्र सिंह राहुल अवस्थी वरुणराज संजय वर्मा शिवम गुप्ता ऋषि पोरवाल संतोष पटेल पूजा श्रीवास्तव मो.वसीम राईन विकास बाबू शाक्य सुशीला राजावत वर्षा दुबे विपिन दुबे सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

## मेले में युवक को मारपीट कर किया घायल

**इकदिल, इटावा।** क्षेत्र के गांव मड़ैया मुसावली के रहने वाले पीड़ित हरि सिंह ने मेले में आये रिश्तेदारों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए दो नामजद कुछ अज्ञात लोगों के लिए रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि वह बुढ़वा मंगल पर क्षेत्र में सूखा ताल पर लगे मेले में वह सुबह से जलेवी की दुकान लगाकर जलेवी बेचने का काम कर रहा था। तभी देर शाम को करीब 7 बजे पर उसकी दुकान पर जलेवी खत्म हो गई। इसी बीच मेला देखने आए थाना बकेवर महेवा के गांव नगला खांद निवासी वृजेश राजपूत पुत्र वीर सिंह और उसका दोस्त राज कुमार उर्फ राजा के साथ कुछ अन्य लोग मेला देख रहे थे तभी उसकी दुकान पर आकर के जलेवी मांगने लगे पीड़ित ने कहा कि जलेवी खत्म हो गई आप किसी और दुकान से खरीद लो इसी बात से आग बाबूलाल हो गया उसे अपने दोस्त और कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर गालीगलौज करना शुरू कर दिया पीड़ित के विरोध करने पर उन्होंने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

## ट्रक की टक्कर से गर्भवती की मौत

**इकदिल, इटावा।** आगरा- कानपुर नेशनल हाईवे पर पिलखर के पास दवा लेकर लौट रही गर्भवती महिला को ट्रक ने रौंदा हादसे में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका भाई और पिता घायल हो गए। अछल्दा के गांव समहों के रहने वाले सिंटू की 22 वर्षीय पत्नी साधना अपने मायके गांव भिलौना में रक्षाबंधन पर आई थी और वह काफी दिनों से बीमार चल रही थी मायके में रुक कर अपना इलाज भी करा रही थी बुधवार अपने पिता भूप सिंह और भाई देवेश के साथ शहर दवा लेने मोपेड से आई थी। तभी दवा लेकर अपने भाई और पिता के साथ अपने मायके गांव भिलौना के लिए लौट रही थी। भाई मोपेड चला रहा था और पिता बीच मे और महिला पीछे बैठी हुई थी। तभी पिलखर के पास पीछे से आ रहे ट्रक केंटर ने मोपेड में जोरदार टक्कर मार दी जिसमे भाई व पिता अलग हाइवे पर गिर गए और महिला उछल कर ट्रक के तरफ जा गई जिसमें ट्रक का पहिया उसके ऊपर चढ़कर निकल गया जिसमें चार माह की गर्भवती महिला की मौत हो गए और पहिया चढने के बाद उसके पेट से चार माह का भ्रूण भी निकल कर बाहर आ गया। उसके पिता और भाई घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर ट्रक को भगा ले गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया वहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

## देवराज की स्मृति में ओपीडी निःशुल्क



**इटावा।** चैधरी रघुराज सिंह स्मारक संस्थान की ओर से जनपद के कीर्तिशेष पूर्व सांसद चै. रघुराज सिंह के पुत्र स्व. देवराज चैधरी की पुण्यतिथि पर बुधवार को श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर में सभी लोगों के लिए समस्त जांचों सहित ओपीडी निशुल्क रखी गई, जिसमें 65 मरीजों ने लाभ उठाया। चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि चैधरी रघुराज सिंह संस्थान की अध्यक्ष आशा दुबे के विशेष आग्रह एवं सहयोग से पूर्व सांसद के दिवंगत युवा पुत्र देवराज चैधरी की पुण्य स्मृति में चिकित्सालय में आने वाले सभी मरीजों के लिए समस्त जांचों समेत ओपीडी निःशुल्क रखी गई। संस्थान की ओर से इन सभी को चाय और बिस्किट तथा अस्पताल स्टाफ को फल एवं मिठाई का वितरण भी किया गया। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के सचिव महेश कुमार बाथम के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित, घनश्याम तिवारी, केके त्रिपाठी, सुधीर मिश्र, महेश चंद्र तिवारी समेत अस्पताल के कुशल चिकित्सक डा. आदर्श राजौरे, डा. प्रभाकर कटियार, अवधेश पचैरी, विशाल, शिवेंद्र यादव, उमाकांत पाठक एवं समस्त स्टाफ का उपचार व्यवस्था बनाने में विशेष सहयोग रहा। संस्थान की अध्यक्ष आशा दुबे ने इस सेवा सहयोग के लिए चिकित्सालय प्रबंधन, धर्मार्थ सेवा शाखा एवं स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आर्थिक विकास योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाकर जल्द करें पूरा : मंडलायुक्त



- मण्डलायुक्त ने नगर निगम व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को दिया निर्देश

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत चल रही परियोजनाओं में धीमी प्रगति पर नगर निगम तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को तत्काल प्रभाव से अवशेष कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विकास निधि( जिलांश/राज्यांश )/त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए, इसपर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उक्त निर्देश मंडलायुक्त ने आयुक्त सभागार में पूर्वांचल विकास निधि (जिलांश/राज्यांश)/त्वरित आर्थिक विकास योजना की प्रगति की मण्डलीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिया।

बैठक के दौरान परियोजनाओं की अद्यतन कार्य प्रगति की वार्षिक बिंदुवार स्थिति से अवगत कराये जाने पर मंडलायुक्त ने संबंधित विभागों से परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट जानने के बाद निर्देश दिया कि समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करें। मण्डलायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि परियोजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए ठोस कार्ययोजना बनाएं और समयबद्ध ढंग से उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी गण सहित देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज के जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी तथा सबंधित विभागों के अधिकारी गण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

## सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का हुआ निरीक्षण

**गोरखपुर।** सीएम का गोरखपुर के दौरे पर आगमन होगा। इस दौरान जीआरडी कैंपस में उनका कार्यक्रम व जनसभा प्रस्तावित है। सीएम के आगमन के मद्देनजर बुधवार की अपरान्ह कमिश्नर, डीआईजी, डीएम व एसएसपी ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया तथा मातहतों को दिशा-निर्देश भी दिया। बुधवार की अपरान्ह मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने उपपुलिस महानिरीक्षक एस चन्नप्पा तथा डीएम दीपक मीणा, एसएसपी राजकरण नैय्यर के साथ जीआरडी कैंपस में सीएम का प्रस्तावित कार्यक्रम के पूर्व, तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

## मुठभेड़ के बाद अभियुक्त गिरफ्तार, तमंचा कारतूस बरामद



**इटावा।** मेडिकल संचालक पर बाँका से हमला करने वाले अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में किया गिरफ्तार। कब्जे से घटना में प्रयुक्त बांका, तमन्चा, 2 जिन्दा कारतूस व 2 खोखा कारतूस 315 बोर किये गये बरामद। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। 29 अगस्त को वादी राधा मोहन ओझा पुत्र गिरजाशंकर निवासी गांधीनगर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में तहरीर की सूचना दी थी। मेडिकल पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दवा लेने के बहाने आकर उसके ऊपर जान से मारने की नियत से वांका से हमला कर करके भाग गया। सूचना पर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

बुधवार को थाना फ्रेंडस कालोनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पक्काबाग अंडरपास के पास चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि भरथना रोड पर स्थित ओम फार्मास्यूटिकलस मेडिकल की दुकान के संचालक के ऊपर बांका से हमला करने वाला अभियुक्त एनएच 19 से देशरमऊ की तरफ जाने वाली सडक पर कहीं जाने की फिराक में है, सूचना पर तत्काल थाना फ्रेंडस कालोनी पुलिस द्वारा मौके पर जाकर अभियुक्त को गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो उसके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी तो गोली अभियुक्त शाहरूख पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी नवीननगर बाबरपुर थाना अजीतमल औरैया के दाहिने पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष फ्रेंडस कॉलोनी अमित कुमार मिश्रा रहे। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया कि कुछ दिन पहले वह लूट करने के इरादे से भरथना रोड पर स्थित मेडिकल की दुकान पर गया था, दवाई लेने का बहाना करते हुये बातों में उलझाकर मौके की तलाश करने लगा मौका मिलते ही अपने बैग से बांका निकालकर उसके सिर पर पीछे से जाने से मारने की नियत से हमला कर दिया था।

## ईद ए मिलादुन्नबी का जुलूस 5 को

**इटावा।** बारह रविउलअव्वल शरीफ के मुबारक मौके पर उर्दू मोहल्ला जुलूस ईद मिलादुन्नबी कमेटी की एक अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमेटी के सदर कुँवर रफत अली खान ने ऐलान किया कि इस साल 5 सितंबर, दिन जुमा को नमाज-ए-असर के बाद बड़ी मस्जिद चैक, उर्दू मोहल्ला से उल्माए इकराम की कयादत में जुलूस-ए-ईद मिलादुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम अपनी पारंपरिक रिवायत के साथ निकाला जाएगा। सदर कुँवर रफत अली खान ने जोर देकर कहा कि जुलूस में सभी शरीक अदब और इहतिराम के साथ नात शरीफ और दुरूद-ए-पाक पढ़ते हुए चलें। उन्होंने निर्देश दिए कि साऊंड कम आवाज में बजाएं और डीजे का बिल्कुल भी इस्तेमाल न करें, इसका विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा, लिहाजा, तमाम हजरात से गुजारिश है कि वे अपने-अपने घरों और दुकानों को रोशनी और फूलों से सजाएं।

## सफारी पार्क में शावक अज्जू का जन्मदिन मनाया

**इटावा।** सफारी पार्क में वास कर रहे बब्बर शेर कान्हा और रूपा से 3 सितंबर को जन्में शावक अज्जू का द्वितीय जन्मदिन मनाया गया। इस शावक को शेरनी रूपा द्वारा अपना दूध न पिलाए जाने पर सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सक एवं समर्पित कीपर अजय सिंह द्वारा इसका लालन-पालन किया गया। यह शावक अब पूर्णतया स्वस्थ है एवं शेरनी नीरजा के दो शावकों आषी एवं जया के पास वाले बाड़े में अच्छे से अपना जीवन यापन कर रहा है। इस शावक को माँ ने दूध नहीं पिलाया था। जिस वजह से उसे सफारी पार्क के नियोनेटल केयर हाउस में शिफ्ट किया गया था।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं0 1:–** ई–निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरणः टेण्डर नं0–"24–जीकेपी– एमडब्ल्यूएस–2025–26" "पेंटिग ऑफ आईसीएफ बोगीज एण्ड देयर कमपोनेन्टस अलॉग विथ स्क्रैपिंग, क्लीनिग एण्ड पेंटिग ऑफ अन्डरफेम्स ऑफ आईसीएफ एंड एलएचबी नॉन–एसी कोचेज ऐट मेकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर" अनुमानित लागत (रू0में): ₹ 4741194.40, धरोहर राशि(रू0में): ₹ 94800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्यः–रू शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधिः 24.09.2025, 11.00 बजे, संविदा की अवधिः 12 माह।

उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखे।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी./कार्य, यांत्रिक मुजाधि/यांत्रिक–60 कारखाना, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**न्यायालय सूचना**

एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.–7

**हेतु संदर्षित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**

धारा 34/35 उ.प्र.

न्यायालय श्रीमान न्यायालय नायब तहसीलदार, स्थान कादीपुर

जिला–सुलतानपुर

वादी संख्या विमलेश कुमार

1. विमलेश कुमार पुत्र श्री हनुमान प्रसाद ग्राम कोरियापर अल्देमऊ, कादीपुर ...........वादी

बनाम

1. देवनरायन ......प्रतिवादी

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है .....अतः एवं आपकी एत्त द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 200 के 19/09/2025 के दिवस को पूर्वाह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 200 27.08.2025 के दिवस को निकाली गयी।

न्यायालय

**कार्यालय ग्राम पंचायत मीरा–मानिकपुर, वि.ख.– कूरेभार, जनपद–सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025–26 दिनांक–03.09.2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मीरा-मानिकपुर, विकासखंड कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म मालिक/भट्ठा मालिक/दुकानदार दिनांक- 04.09.2025 से दिनांक 10.09.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- मीरामानिकपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 10.09.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | सेमरी रोड से बादशाह के घर होते हुए जितेंद्र के घर के आगे तक मिट्टी, खड़ंजा कार्य। | 7.87 लाख रुपये। | एस.ओ.बी. ईंट व अन्य सामग्री। |

नोट– समस्त नियम व शर्तें गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां.पं.– मीरा–मानिकपुर, वि.ख.–कूरेभार
जनपद–सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत गौरा, वि.ख.– प्रतापपुर कमैचा, जनपद–सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025–26 दिनांक–03.09.2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- गौरा, विकासखंड- प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर राजवित्त/पंचम वित्त/15वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 में प्राप्त होने वाली धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरे आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 04.09.2025 से दिनांक-12.09.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत गौरा पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 12.09.2025 को निविदा दाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरे पीडब्ल्यूडी की दरे से अधिक नहीं होनी चाहिए।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | धीरेन्द्र के घर से देवी सहाय के घर तक मिट्टी एवं खड़ंजा मरम्मत कार्य। माप-100x3 मीटर। | 1,10,423 रुपए। | एसओबी ईंट व अन्य सामग्री। |

नोट– समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां0पं0– गौरा, वि0ख0–प्रतापपुर कमैचा
जनपद–सुलतानपुर

# एंटी-रैगिंग व साइबर सेफ़्टी विषय पर सेमिनार आयोजित

**चरगांवा, गोरखपुर।** फातिमा अस्पताल, गोरखपुर में बुधवार को ₹एंटी-रैगिंग एवं साइबर सेफ़्टी₹ विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया, इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अरुण कुमार एस (क्द्धर), अपर पुलिस अधीक्षक, गोरखपुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एंटी-रेगिंग कानून और साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य है। आगे उन्होंने कहा की आज की डिजिटल दुनिया अवसरों के साथ-साथ अनेक चुनौतियाँ भी लेकर आई है। साइबर अपराधियों द्वारा फिशिंग, फ्रॉड कॉल, ऑनलाइन ठगी, डेटा चोरी, बैंकिंग फ्रॉड और साइबर बुलिंग जैसी घटनाएँ आम हो गई हैं। युवा वर्ग, विशेषकर छात्र-छात्राएँ, इनका सबसे आसान शिकार बनते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक विद्यार्थी साइबर



हाइजीन (उ्ट्रीश् ल्द्गील्ली) को अपनाए झ्र जैसे कि मजबूत पासवर्ड का उपयोग, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचना, अनजान लिंक पर क्लिक न करना और संदिग्ध कॉल या मैसेज से सावधान रहना।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने साइबर सुरक्षा और एंटी-रेगिंग से जुड़े कई प्रश्न पूछे जिनका श्री अरुण कुमार एस ( आई पी एस ) ने धैर्यपूर्वक उत्तर दिया। उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों के साथ छात्रों को साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए, जिससे विद्यार्थियों को विषय को और गहराई से समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता फातिमा अस्पताल के निदेशक फा॰ डॉ॰ संतोष सेबास्टियन ने किया व अपने अध्यक्षीय संबोधन मे फादर डॉक्टर संतोष सेबास्टियन ने कहा कि, ₹आज के समय में विद्यार्थियों को केवल अकादमिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि अनुशासन, सुरक्षा और नैतिक मूल्यों के साथ भी आगे बढ़ना आवश्यक हैं, रैगिंग जैसी प्रवृत्तियाँ न केवल पीड़ित के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं बल्कि शैक्षणिक माहौल को भी नष्ट करती हैं। फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग सदैव इस दिशा में प्रतिबद्ध है कि हमारे परिसर में हर छात्र छात्राएं सुरक्षित, व आत्म स्वाभिमान से प्रेरित महसूस करे। कार्यक्रम का आयोजन ऑडिटोरियम फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग सभागार में किया गया जिसमें कॉलेज के शिक्षकगण, स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में अस्पताल के एसोसिएट निदेशक फा. शिजो , मेडिकल सुपरिटेंडेट डॉ॰ विनय सिन्हा, डॉ॰ प्रो॰ एसपिन, प्रधानाचार्य, कालेज आफ नर्सिंग, अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक, समस्त विभागाध्यक्ष, डॉक्टर्स , स्टाफ, मरीज बन्धु एवं उनके तीमारदार आदि उपस्थित रहें।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**17वां (वि./यॉं.) वृत्त लो.नि.वि., लखनऊ**

पत्रांक : 2176/7(1)CBW-17E/M/2025 दिनांक : 02/09/2025

**जेम कस्टम बिड शुद्धि पत्र**

जेम कस्टम बिड ई-निविदा सूचना संख्या 2127/7 (1)CBW-17E/M/2025 26/08/2025 द्वारा राजभवन परिसर के विद्युत अधिष्ठापनों के विद्युत आपूर्ति हेतु स्थापित विद्युत एल.टी. पैनल का वार्षिक कॉम्प्रेहेंसिव अनुरक्षण का कार्य (सामग्री सहित) की ऑनलाइन जेम कस्टम बिड ई-निविदा आई.डी. संख्या GEM /2025/B/6508462 Dt. 26-08-2025 की तकनीकी बिड दिनांक 10/09/2025 को दोपहर 12.00 बजे तक जेम पोर्टल पर आमंत्रित की जानी थी व दिनांक 10/09/2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जानी थी।

अपरिहार्य कारणोंवश अब उक्त जेम कस्टम बिड ई-निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 19/09/2025 को दोपहर 12.00 बजे तक जेम पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है तथा निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 19/09/2025 को दोपहर 12.30 बजे ऑनलाइन खोली जाएंगी।

शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

(पारितोष सिंह)
कार्य अधीक्षक
अ.वि.नि.ई. (वि./यॉं.) लो.नि.वि.
लखनऊ

(आर.एम. श्रीवास्तव)
अधीक्षण अभियन्ता
17वॉं (वि./यॉं.) वृत्त लो.नि.वि.
लखनऊ

UPID-237476 Date: 03.09.25 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## नकदी व जेवर सहित किशोरी प्रेमी के साथ फरार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक किशोरी नकदी व जेवर लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। किशोरी के पिता ने युवक के खिलाफ बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है।एक व्यक्ति ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री 31 अगस्त को मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम ऊंचाखेडा निवासी अमित पुत्र मान सिंह बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है।उसकी पुत्री जेबरात व 10 हजार रुपऐ की नकदी अपने साथ लेकर गई है।किशोरी के पिता ने पुलिस से पुत्री बरामद कराने की मांग की है।

## मकान में नकब लगाकर चोरी का प्रयास

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात लगभग नौ बजे ग्राम कोरैया एजेंट में अज्ञात चोरों ने अरुण कुमार के मकान में नकब लगाने का प्रयास किया। घटना के समय अरुण कुमार अपने परिवार के साथ आंगन में बैठकर भोजन कर रहे थे। तभी अचानक कुछ संदिग्ध गतिविधि पर पड़ोसियों की नजर पड़ी। उन्होंने शोर मचाकर आसपास के लोगों को सतर्क कर दिया। ग्रामीणों की सक्रियता देख चोर घबरा गए और मौके से भाग निकले। इस दौरान चोर न तो नकब पूरा कर सके और न ही घर से कोई सामान ले जा पाए।ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से हैदराबाद थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं।आए दिन हो रही घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## दहेज प्रताड़ना में 6 के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव पडसर की विवाहिता को दहेज की मांग पूरी न करने पर ससुराली जनों ने मारपीट कर सुहाग के गहने और कपड़े छीन कर घर से निकाल दिया पिता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत 6 लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कर लिया है। पडसर निवासी यामीन ने बताया उसने अपनी पुत्री खुशनूर की शादी 2 वर्ष पहले मूड़ा निजाम निवासी मुन्ना के साथ अपनी सामर्थ के अनुसार उपहार देकर की थी। शादी के कुछ दिनों बाद उसकी ससुराल के लोग बाइक और अंगूठी की मांग करने लगे जिस पर उसने असमर्थता जताई जिससे क्षुब्द होकर उसे मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देने लगे जिसकी शिकायत उसने अपने मायके वालों से कई बार की थी।कुछ दिन पूर्व उसकी पुत्री को मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पुलिस ने पति, मुन्ना, जबर, दरोगा, रहीस, रोशनी और नंनद रुखसाना के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। विवेचना एस आई विक्रांत चौधरी को सौंपी गई है।

# खेल प्रतिभाओं को मंच देना प्राथमिकता: डीएम



लखीमपुर खीरी। खेल प्रतिभाओं को निखारने और जिले को खेलों में पहचान दिलाने की तैयारी तेज हो गई है। बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को मंच और संसाधन देना ही अब प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में 14 अक्टूबर को बेटियों को समर्पित भव्य खेल आयोजन किया जाएगा। ताइक्वांडो, कबड्डी, चेस जैसे खेलों की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए इन खेलों के कोच उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय से पत्राचार किया जाए।साथ ही उपक्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिए कि इन खेलों में रुचि रखने वाले युवाओं, खिलाड़ियों को सूचीबद्ध कर प्रोत्साहन की दिशा में कार्य करें। स्टेडियम निर्माण कार्यों का नियमित अनुश्रवण कर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि खिलाड़ियों की जरूरतों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए, ताकि जिले की प्रतिभाएं प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। बैठक में स्टेडियम में प्रतियोगिताओं के दौरान वायरलेस साउंड सिस्टम, मेज-कुर्सी व बेंच-डायस की उपलब्धता पर चर्चा हुई। साथ ही स्वीमिंग पूल के संचालन हेतु कोच व जीवन रक्षक, जिम ट्रेनर मानदेय प्रशिक्षक रखने का प्रस्ताव भी रखा गया। खिलाड़ियों के लिए आवश्यक खेल उपकरण उपलब्ध कराने और समिति के कोष को मजबूत बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा, उप क्रीड़ा अधिकारी मो.इरफान, बीएससी प्रवीण तिवारी, जीआईसी के प्रधानाचार्य सहित विभिन्न खेलों के कोच मौजूद रहे।

### डीएम की पहल पर 14 अक्टूबर को होगा बेटियों को समर्पित खेल इवेंट

जिले में खेल प्रतिभाओं को संवारने और बेटियों को विशेष मंच देने के लिए जिला प्रशासन बड़ी पहल करने जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देश दिए कि 14 अक्टूबर को बेटियों को समर्पित भव्य खेल इवेंट आयोजित होगा।डीएम ने अधिकारियों को तैयारी समय रहते पूरी करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम की रूपरेखा आकर्षक और प्रभावी हो। इसमें अधिक से अधिक बेटियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि उनकी प्रतिभा को सामने लाया जा सके। उन्होंने कहा कि खेल न सिर्फ शारीरिक और मानसिक मजबूती का आधार हैं, बल्कि बेटियों को आत्मविश्वास और नेतृत्व की नई पहचान भी दिलाते हैं।

## क्षेत्र पंचायत में कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया

जिला संवाददाता(vol)

मोहम्मदी खीरी।ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख महेंद्र वाजपेई की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पंचायती राज सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे संचालन बीडीओ अश्वनी कुमार सिंह ने किया है।

सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए संचालक ने वर्ष 2025 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया वहीं वर्ष 2026 में कराए जाने वाले कार्यों का प्रस्ताव मांगा है।पंचम वित्त आयोग में 348.365 लाख रुपया के सापेक्ष 259.746 लाख रुपया कार्यों पर बैक किया गया है। 15वें केंद्रीय वित्त आयोग में190.365 लाख रुपया के सापेक्ष 180.918 लाख रुपया कार्यों पर व्यय किया किए जाने का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने पर सभी सदस्यों ने ध्वनि मत से पारित कर दिया है। बैठक को संबोधित करते हुए लोकेंद्र प्रताप सिंह ने क्षेत्र के विकास को लेकर सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों से विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव मांगा है।इस मौके पर तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे हैं।

## सेवानिवृत्त सफाईकर्मी को दी विदाई

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) नगर पालिका परिषद में सफाईकर्मी के रूप में फरवरी 1985 से निरंतर सेवाएँ दे रहे किशोर कुमार के सेवानिवृत्त होने पर सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित किया गया। नगर पालिका परिषद के सभागार में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने की। उन्होंने कहा कि किशोर कुमार ने लगभग 40 वर्षों तक नगर पालिका में



पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से सेवा दी है। उनका योगदान सराहनीय है।उन्होंने सेवा निवृत हुए सफाई कर्मी के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने उन्हें व्यवहार कुशल और कर्तव्यनिष्ठ बताते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली सभी के लिए प्रेरणादायक रही है।सभासद आनंद सोनी ने उन्हें अत्यंत सामाजिक और मिलनसार व्यक्तित्व का धनी बताया। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा ने कहा कि किशोर कुमार ने अपने सेवाकाल में कभी भी कार्य के प्रति लापरवाही नहीं बरती। कार्यक्रम में सभासद आनंद सोनी, अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, जूनियर इंजीनियर आदर्श मिश्रा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, सफाई नायक दिलीप कुमार, जितेंद्र कुमार, राहुल बाल्मीकि, गोविंद कुमार, राजकुमार, अमित महाजन, सुधीर कुमार सहित बड़ी संख्या में पालिका कर्मचारी मौजूद थे।

## परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन 2 दंपति को विदा किया गया

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन पुलिस लाइन, जनपद शाहजहाँपुर में किया गया । आज 10 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 02 दम्पति को विदा किया गया ।थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 02 वर्ष पूर्व हुई थी। आवेदिका 20 दिन से अपने मायके में रह रही थी । आवेदिका ने बताया की मेरा पति मेरे साथ मारपीट करता है और मुझे अपने घर बात नहीं करने देता है, इसी बात को लेकर दोनों पति-पत्नी में विवाद था दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहाँपुर बुलाया गया कदोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया कप्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हैकदोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है ।दोनो को परिवार परामर्श केन्द्र से सकुशल विदा किया गया। थाना खुटार, जनपद शाहजहाँपुर के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी। आवेदिका 4 महीने से अपने मायके में रह रही थी। आवेदिका ने बताया कि उसका पति अपने मां-बाप के कहने पर मेरे साथ मारपीट करता है और मुझे खर्च के लिए पैसे नहीं देता है, दोनों पति-पत्नी को परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन बुलाया गया। दोनों पक्षों में आपस में वार्ता कराई गई तथा दोनों पक्षों को समझाया गया । दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हैं। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र से सकुशल विदा किया गया।इस मौके पर परिवार परामर्श केन्द्र, जनपद शाहजहांपुर में महिला आरक्षी करूणा, महिला आरक्षी मोनिका कुमारी, महिला आरक्षी पिंकी, महिला आरक्षी सरस्वती मौजूद रही।

## शिक्षा संघर्ष मोर्चा फाउंडेशन ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



धौरहरा खीरी। शिक्षा संघर्ष मोर्चा फाउंडेशन के द्वारा जन जागरूकता जन समर्थन हस्ताक्षर अभियान जिसमे निजी संस्थानों द्वारा मनमानी फीस वसूली निवारण हेतु फीस संसोधन के संबंध मे हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। बुधवार को शिक्षा संघर्ष मोर्चा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित महेश गंभीर के निर्देशन मे तहसील परिसर धौरहरा मे जन जागरूकता जन समर्थन हस्ताक्षर अभियान जिसमे निजी संस्थानों द्वारा मनमानी फीस वसूली निवारण हेतु फीस संसोधन के संबंध मे हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमे तहसील के अधिवक्ताओ व अन्य लोगों ने हस्ताक्षर करके अभियान मे सहयोग किया।इस दौरान शिक्षा संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में हुआ फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। सीजीएन पीजी कॉलेज में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत महाविद्यालय के नेहरू सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मलेरिया इंस्पेक्टर पंकज वर्मा एवं अमित वर्मा (पीसीआई) के नेतृत्व में सुपरवाइजर नंदकिशोर व उनकी टीम द्वारा प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराया गया। यह दवा स्वास्थ्य विभाग की टीम की देखरेख में सभी को सामूहिक रूप से दी गई।



कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो॰ पंकज सिंह की मौजूदगी में दवा का सेवन कर किया गया। छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया उन्मूलन के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही इसके कारण, लक्षण और बचाव के उपाय विस्तार से बताए गए।इस बीमारी को अंग्रेजी में फाइलेरिया और हिंदी में हाथी पांव कहते हैं।संक्रमण आमतौर पर बचपन में होता है, लेकिन लक्षण 7-8 साल बाद दिखाई देते हैं।यह रोग मच्छरों के काटने से फैलता है,विशेषकर क्यूलेक्स और मैनसोनाइडिस प्रजाति के मच्छरों से होता है।

मच्छर परजीवी छोड़ता है जो शरीर में प्रवेश कर लाखों सूक्ष्म फाइलेरिया उत्पन्न करता है।कई साल बाद टांगों, हाथों और शरीर के अन्य हिस्सों में असामान्य व अत्यधिक सूजन दिखाई देने लगती है।प्रभावित अंगों में दर्द, लालपन, बार-बार बुखार और जीवाणुओं का संक्रमण हो सकता है।शुरूआती अवस्था में सूजन अस्थायी होती है, लेकिन बाद में स्थायी और लाइलाज हो जाती है। हाथी पांव खानदानी रोग नहीं है, जैसा कि आमतौर पर माना जाता है।इससे प्रजनन क्षमता पर कोई असर नहीं पड़ता है।अन्य रोगों की तरह इसका उपचार और रोकथाम संभव है।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## हाइवे के गड्ढों और जलभराव का विधायक ने लिया संज्ञान

शाहजहांपुर। निगोही नगर के भगत सिंह (हमजापुर) चौराहे से पहले हाइवे की सड़क में हुए गड्ढों एवं जलभराव से आवागमन में हो रही भारी दिक्कतों सहित डिवाइडर पर संकेतक न लगे होने के कारण आए दिन हो रहे हादसों से क्षेत्रवासियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है,जिसका संज्ञान लेते हुए तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा ने आज मौके पर जाकर निरीक्षण किया. साथ ही तत्काल ठलअकके अधिकारियों को सूचित किया.इसके बाद उन्होंने शाहजहांपुर पहुंचकर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मिलकर पत्र के माध्यम से इस गंभीर समस्या से अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए इस समस्या का अविलंब निस्तारण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## शारदा का पानी बाहरी कॉलोनी व डिस्टीलिरी के गेट तक पहुंचा

- तहसील पलिया के एक दर्जन से अधिक गावों मे भरा बाढ़ का पानी, बांटे गए लंच पैकेट

पलियाकलां खीरी। बनबसा बैराज से लगातार भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से पूरे क्षेत्र में जहां बाढ़ की



स्थिति उत्पन्न हो गई है।

वहीं पलिया नगर में स्थित बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल के बाहरी कालोनी में बाढ़ का पानी घुस गया है। हालांकि पानी अभी मकानो के अंदर नहीं घुसा है लेकिन जिस तरह से पानी बढ़ रहा है शाम तक मकानो में पानी घुसने का पूरा अनुमान है। उधर पलिया डिस्टलरी गेट पर पर पानी पहुंच गया है रात तक प्लांट के अंदर बाढ़ के पानी के पहुंचने के पूरे आसार हैं। अगर इसी रफ्तार से पानी का जलस्तर बढ़ता रहा तो संभव है शुगर प्लांट में पानी प्रवेश कर जाएगा। पर अब पानी कम छोड़ा जा रहा है इसलिए जल स्तर कम हो रहा है। वहीं पलिया तहसील के एक दर्जन गांवों और मजरों में पानी घुस गया है। लेखपालों के माध्यम से बाढ़ प्रभावितों को लंच पैकेट बटवाए गये हैं। श्रीनगर में 400 में लंचपैकेट, मेला घाट अतरिया में 600 लंच पैकेट मकनपुर- चंबरबोझ में 400, गोविंदपुरी भानपुरी कमलापुरी कॉलोनी में 825, लंच पैकेट,जंगल नंबर पांच बगिया खेड़ा में 700, शाहपुर के मजरा पलियापुरवा, नरायन पुरवा ,कुंवरपुर खुर्द में 1000 लंच पैकेट बांटे गए ।कल प्रातः बाढ़ पीड़ितों को राशन किट का वितरण किया जाएगा। आज बनवसा बैराज से 1,25356 क्यूसेक पानी ही छोड़ा गया है ।कम पानी छोड़े जाने के कारण गांवों में भी पानी कम हो रहा है पलिया भीरा रपटा पुल पर चल रहा पानी भी कम हो गया है। संभावना है बाढ़ से राहत मिलेगी।

## नौ दिवसीय गणेश महोत्सव आरती पूजन मन्त्रोच्चार के साथ संपन्न

जिला संवाददाता(vol)

शाहजहॉपुर। गणेश महोत्सव का आयोजन हर वर्ष महाराष्ट्र मण्डल के द्वारा मनाया जाता है। गणेश महोत्सव के आयोजन अर्न्तगत 27 अगस्त को राम चरन लाल धर्मशाला खिरनीबाग में स्थापना की गयी। नौ दिवसीय गणेश महोत्सव के अर्न्तगत प्रतिदिन आरती पूजन विधिवत मन्त्रोचार द्वारा आचार्य हरिकेश शुक्ला के द्वारा सम्पन्न कराया गया गणेश महोत्सव महाराष्ट्र मण्डल के साथ जनपद के भक्तों ने भी हिस्सा लेकर बडी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजन किया उक्त आयोजन में छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान श्री गणेश की प्रतिमा बनायी।

महाराष्ट्र मण्डल की ओर से सभी बच्चों को समिति के संयोजक नीरज बाजपेई एवं गोवा से पधारे त्रिमूर्ति अर्चना शिंदे ने सम्मानित किया भगवान श्री गणेश महोत्सव के आयोजन के समापन पूर्व श्रद्धालुओं ने महाराष्ट्र मण्डल के साथ हवन आरती पूजन किया। हवन आरती पूजन के उपरान्त वृहद्ध स्तर पर भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकडों भक्तों ने भण्डारा का प्रसाद ग्रहण किया। भगवान श्री गणेश की शोभा यात्रा कल 04 सितम्बर गुरुवार को साय चार बजे से नगर के विभिन्न मार्गो जिसमें प्रमुंख रूप से राम चरन लाल धर्मशाला से प्रारम्भ होकर सदर कोतवाली के सामने से सदर बाजार बहादुर गंज धण्टाघर चौक कोतवाली से चारखम्भ मार्ग होते हुए रात्रि आठ बजे तक गर्रा घाट पर विसर्जित की जायेगी।

भगवान श्री गणेश की शोभा यात्रा बडी श्रद्धा भक्ति के साथ निकाली जायेगी। जिसमें जगहों जगहों पर मटकी फोडने का कार्यक्रम भी किया जायेगा।

आज के आयोजन में भगवान श्री गणेश का पूजन आरती के साथ भण्डारा का शुभारम्भ हरि शरण बाजपेई ने शुरू कराया। सफल आयोजन मे मुख्य रूप से अर्जुन सूर्यवशी, सुदामा शिंदे, नंदा सूर्यवशी, वंदना कदम, सुमन गुप्ता, हर्षित गुप्ता, आशीष गुप्ता, अक्षय कदम, योगेश कदम, शालिनी गुप्ता, खुशबू गुप्ता, रोहित शिंदे आदि का सहयोग रहा।

## मठिया के महाराजा को को लगाया गया भोग ,आज होगा भंडारा

शाहजहांपुर। जनपद शाहजहांपुर के मठिया के महाराजा के मंदिर पर बीते 8 दिनों से कार्यक्रम चल रहा था।मठिया के महाराजा को महाभोग लगाया गया, मठिया के महाराज के आज आठवां दिन के कार्यक्रम में मटिया के महाराज को महाभोग प्रसाद अर्पण किया गया और भस्मासुरवध की झांकी का शानदार मंचन किया गया। इस आयोजन में नगर के हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़-कर कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अरुण रस्तोगी, मनोज शर्मा, महेंद्र किशोर कपूर, अमित वैश्य, संजय गुप्ता पाइप वाले का विशेष सहयोग रहा, 04/09/2025 प्रात 10 बजे हवन उसके पश्चात महा प्रसाद ( भण्डार ) प्रारंभ होगा।

## 2 अभियुक्त गिरफ्तार, अफीम व नगदी बरामद

शाहजहाँपुर। पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के कुशल नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एंव चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी एवं अपराध एवं मादक पदार्थ की रोकथाम के परिपेक्ष्य मे प्रचलित अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण लल्लन उर्फ गुड्डू पुत्र जाफर नि0 ग्राम किरियारी थाना उचौलिया, जनपद लखीमपुर खीरी, मुकीम खां पुत्र मुशतियाक खां निवासी ग्राम दौलतपुर थाना मझिला जनपद हरदोई उम्र करीब 45 वर्ष को मय 507 ग्राम नशीला पदार्थ अफीम व कुल 2450 रुपये के साथ बरेली मोड़ से बीकानेर रेस्टोरेन्ट की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर, साउथ सिटी के पिछले गेट के पास, गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया । गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## अस्पतालों के नवीनीकरण और आवेदनों की जांच को पहुंची टीम

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में संचालित हॉस्पिटल और नवीन रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करने पर जिला से आई टीम ने सी एच सी की टीम के साथ संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया है।

जांच टीम की भनक लगते ही मानक विहीन संचालित अस्पताल के संचालक ताला डालकर भूमिगत हो गए। कस्बा में बुधवार को संचालित हॉस्पिटल के नवीनीकरण और नवीन रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन पर जिला से आए नोडल अधिकारी उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रमोद कुमार रावत और अधीक्षक मयंक मिश्रा की संयुक्त टीम ने आवेदकों के भवन, स्टाफ, प्रपत्र की जांच करते हुए नवीनीकरण के लिए आवेदनों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा के लिए लगाए गए उपकरणों की खराब गुणवत्ता पाए जाने पर सुधार करने के लिए दिशा निर्देश दिए हैं।

वहीं जांच की भनक लगते ही मानक बिन संचालित अस्पताल के संचालक आनंन-फानन में मरीजों की छुट्टी कर ताला डालकर नौ दो ग्यारह हो गए हैं।

## फंदे पर लटका मिला पति, बिस्तर पर मृत मिली पत्नी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद कस्बे में बुधवार की सुबह एक दंपती की संदिग्ध हालात में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मोहल्ले के लोग इसे आत्महत्या तो कुछ हत्या का मामला बता रहे हैं। पुलिस भी मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

50 वर्षीय राज बहादुर मिश्रा पुत्र छोटेलाल मिश्रा और उनकी पत्नी 47 वर्षीय सुनीला देवी अपने घर में थे। सुबह जब वे नहीं उठे तो उनके बड़े भाई रामबहादुर और भतीजे मोनू ने आवाज लगाई। जब कोई जवाब नहीं मिला तो अंदर जाकर देखा तो राज बहादुर फांसी के फंदे पर लटके थे, जबकि उनकी पत्नी सुनीला देवी छत पर कमरे में बिस्तर पर मृत पड़ी थीं। यह दृश्य देखकर घरवालों के होश उड़ गए और पूरे मोहल्ले में कोहराम मच गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि राज बहादुर दूध का व्यवसाय करते थे। आमतौर पर वे अपनी भैंस घर के भीतर बांधते थे, लेकिन उस रात भैंस बाहर ही बंधी रही, जिससे शक की स्थिति और गहरी हो गई। मृतका की मां रूपा देवी निवासी पड़रिया मोड़ मोहम्मदी मौके पर पहुंचीं और उन्होंने साफ तौर पर आरोप लगाया कि उनकी बेटी और दामाद की हत्या की गई है। थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या जैसा प्रतीत नहीं हो रहा है। वास्तविक स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं और हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है

## बिजली विभाग की लापरवाही के चलते झुलसा बालक



पसगवां खीरी। बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही के चलते ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से एक बालक झुलसकर घायल हो गया है। ब्लॉक पसगवां क्षेत्र के ग्राम मोहिद्दीनपुर निवासी शोहित पुत्र धर्मेंद्र बुधवार की सुबह घर से निकलकर खेलने गया था बही गांव के पास जमीन पर रखे बिजली के ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से शोहित झुलसकर बुरी तरह से घायल हो गया परिजनों ने तत्काल डायल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी मगर एक घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंची जिसके बाद मजबूरी में शोहित के पिता धर्मेंद्र अपने बेटे को एक ऑटो में लेकर सीएचसी पसगवां पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है इस दौरान बिजली विभाग की भी बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है इस ट्रांसफार्मर को न तो इंसुलेटेड जाली से ढका गया था और न ही कोई चेतावनी संकेत बोर्ड लगा हुआ है साथ ही इसके आस आस बहुत सारे खुले तार भी पड़े नजर आ रहे थे हादसे की सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग ने तुरंत ट्रांसफार्मर के चारों और जाली लगवा दी है यदि ट्रांसफार्मर को पहले से ही ढका गया होता तो शायद यह हादसा न होता।

## अमित सिंह परिहार ने संभाला कार्यभार



लखीमपुर खीरी। अमित सिंह परिहार बीडीओ मितौली को उपयुक्त श्रम रोजगार मनरेगा का पदभार सौंपा गया। बुधवार को अमित सिंह परिहार ने उपयुक्त श्रम रोजगार मनरेगा खीरी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बताते चलें कि श्री परिहार पिछले करीब 2 वर्षों से जनपद खीरी के मितौली में बीडीओ के पद पर तैनात है। उनकी पदोन्नति होने पर शासन ने मंगलवार को उपयुक्त श्रम रोजगार मनरेगा खीरी के पद पर अमित सिंह परिहार को नाई तैनाती का आदेश जारी कर दिया। बुधवार को श्री परिहार ने विकास भवन लखीमपुर पहुंचकर पहुंच उपयुक्त श्रम रोजगार मनरेगा के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। पूरा दिन उनको बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

## थरिया गांव में लगा विधिक साक्षरता 150 ग्रामीण हुए लाभान्वित

लखीमपुर खीरी। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर बुधवार को ग्राम थरिया, थाना नीमगांव, तहसील मितौली में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय, तहसीलदार मितौली व प्राधिकरण के कर्मचारीगण मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता के माध्यम से वादों का निस्तारण, राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के सुलह-समझौते से निस्तारण, प्री-लिटिगेशन वादों, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं नागरिकों के विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई। तहसीलदार मितौली ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं और ग्रामीणों के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। शिविर से लगभग 150 नागरिक लाभान्वित हुए। ग्रामीणों ने इसे उपयोगी बताते हुए ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

## थानाध्याक्ष ने बच्चों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

म्योरपुर/सोनभद्र। म्योरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक कमल नयन दुबे ने मंगलवार को कस्बा मे स्थित बिडला विधा मंदिर इंटर कालेज मे अध्ययन कर रहे छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए हुए शफ्थ लिवाया की मैं कभी भी किसी दो पहिया चार पहिया वाहन पर बैठूंगा। तो हेलमेट एव सीट बेल्ट अवश्य पहनूंगा ड्राइव करने वाला ब्यक्ति अगर शराब पीकर गाड़ी चलता हैं। तो उसे गाड़ी चलाने के लिए मना करूंगा। अपने सम्बोधन मे श्री दुबे ने कहा की बेटियों की सुरक्षा के लिए सरकार एव पुलिस कटी बाध्य हैं आपको लगता हैं की कोई आपको परेशान कर रहा तो तुरंत आप 112,1090,181 पर डायल कर सुचना दे सकती हैं पुलिस त्वरित कार्यवाही करेगी इस दौरान स्कूल के अध्यापक एव पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

संक्षेप

## शिक्षक सम्मान व छात्र प्रोत्साहन समारोह कल

आजमगढ़। देवाराचंल उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान एव छात्र प्रोत्साहन समारोह का आयोजन शिक्षक दिवस के मौके पर सहदेवगंज मार्ग स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरपुर के परिसर में दिन में 11 बजे से किया गया है। उक्त आशय की जानकारी समिति के अध्यक्ष विकास गुप्ता ने देते हुए बताया कि समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। इस दौरान शौर्य सिंह कौशिक ने बताया कि देवारांचल जनपद का सबसे पिछड़ा क्षेत्र है, इसे मुख्य धारा में लाने के लिए समिति कटिबद्ध है। समारोह में अनाथ जरूरतमंद छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु पांच साइकिल व 100 बच्चों में शैक्षणिक सामग्री का वितरण जायेगा। श्री कौशिक ने उक्त समारोह में अधिक से अधिक लोगों के पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया।

## पेड़ पर झूलता मिला युवक का शव

आजमगढ़। जनपद के रानी की सराय थाना क्षेत्र के बेहटा गांव के बाहरी हिस्से में स्थित घने जंगल में बुधवार को एक युवक का शव पेड़ की डाल पर शर्ट के सहारे फंदे से लटकता हुआ पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान खैरा गांव निवासी विकास कुमार (20) पुत्र शिवनारायण के रूप में हुई, जो शटरिंग का काम करता था। विकास कुमार सोमवार को दिन में घर से निकला था और उसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार को ग्रामीणों ने जंगल में शव देखकर पुलिस को सूचित किया। मृतक अविवाहित था और तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसके पिता खेतीबाड़ी करते हैं। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## एडीओ आईएसबी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

जौनपुर। जिला ग्राम्य विकास संस्थान, सिद्धीकपुर में एडीओ आईएसबी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार पांडे, एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव, डाक्टर फूलचंद्र कन्नौजिया एवं प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी करंजकला विनोद सहाय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। प्रथम दिन के सत्र में डॉ. सौरभ कुमार पांडे ने कर्मचारी आचरण नियमावली पर जानकारी प्रदान किया। प्रशिक्षक सुप्रिया राय और संजय कुमार ने प्रतिभागियों को ई-ऑफिस संचालन एवं साइबर सुरक्षा के बारे में उपयोगी जानकारियाँ दीं। इसी क्रम में डीसी मनरेगा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए मनरेगा के अनुमन्य कार्य, श्रम बजट सहित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनरेगा कार्यों के सत्यापन और पर्वेक्षण में एडीओ आईएसबी की महत्वपूर्ण भूमिका है। डीओ आईएसबी प्रदीप श्रीवास्तव, धन्नजय सिंह, के के मिश्रा सहित जौनपुर और चंदौली जनपद के सभी एडीओ आईएसबी मौजूद रहे।

## गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शवयात्रा

मीरजापुर। जनपद के पत्रकार जेपी पटेल के दादा बहादुर लाल का 90 वर्ष की अवस्था में बुधवार को सुबह निधन हो गया। वह पिछले महीनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। जिनके निधन की खबर सुनते ही उनके गृह आवास और गायत्री पटेल होटल पर श्रद्धांजलि देने वालों ताता लगा रहा है। जिले के लालगंज ब्लाक के खुदार्राजा गांव स्थित उनके आवास से लालगंज तक गाजे-बाजे के साथ छः किलोमीटर तक पैदल शवयात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों गाड़ियां के और पैदल लोग चलते दिखाई दिए। बैकुण्ठ धाम रामगया घाट विंध्याचल में उनका अंतिम दाह संस्कार किया किया। मुखाग्नि गायत्री पटेल के छोटे भाई वीरेंद्र पटेल ने दिया। बताते चलें कि कि बहादुर लाल अपने पीछे पांच बेटे सहित एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। जिनके निधन का समाचार मिलते ही उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा है, इनमें बड़ी संख्या में पत्रकार, गणमान्य जनों सहित में पूर्व ब्लाक प्रमुख जय सिंह, सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, सपा नेता कीर्ति कोल, जिला पंचायत सदस्य विष्णु सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य वाशिम अहमद के साथ क्षेत्र के तमाम सामाजिक लोगों के साथ रिश्तेदारों शामिल रहे हैं।

# सुरक्षा संसाधनों के प्रति किया जागरूक



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों एवं एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत महिला पुलिसकर्मियों तथा मिशन शक्ति टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों, चैराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं और सुरक्षा संसाधनों के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान महिला सशक्तिकरण से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना महिला सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई एवं पंपलेट वितरित किए गए अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने आमजन विशेषकर युवतियों एवं महिलाओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें यह संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की असुविधा या उत्पीड़न की स्थिति में वे निःसंकोच पुलिस से संपर्क करें। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि यह जागरूकता अभियान मिशन शक्ति के तहत निरंतर जारी रहेगा, ताकि समाज में महिला सुरक्षा को लेकर सकारात्मक वातावरण एवं जनसहभागिता को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

## सीओ के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने निकाला रूटमार्च



ड्रमंडगंज, मीरजापुर। बारावफात पर्व और गणेश उत्सव को लेकर बुधवार शाम को सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने रूटमार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। इस दौरान थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज ब्रह्मदीन पांडेय, थानाध्यक्ष हलिया राजीव श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष लालगंज संजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक संतनगर राजेश कुमार पुलिसकर्मियों संग महेशपुर, रतेह चौराहा होते हुए बबुरा खुर्द गांव तक चक्रमण किया। इसके बाद ड्रमंडगंज बाजार में रूटमार्च करते हुए रामलीला गली स्थित गणेश पूजा पंडाल तक पहुंचे। सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर ड्रमंडगंज, हलिया, लालगंज, संतनगर थाना की पुलिस संग सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्र में रूटमार्च किया गया है। चार थानों के थानेदारों की एक साथ गाड़ियों और पुलिसकर्मियों को देखकर ग्रामीणों में कौतूहल बना रहा।

## शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में रोजगार की संभावना



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरा राजा में बुधवार को जिला सेवा योजन कार्यालय की ओर से कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला में छात्र छात्राओं को शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में रोजगार के अवसर के संबंध में टिप्स दिए गए। मोटी वेशन स्पीच के माध्यम से बी. ए. बी. काम. एम ए के छात्र छात्राओं को म्यक जानकारी देकर सेवा योजन कार्यालय से आए श्रीराम ने विस्तार से रोजगार के सुनहरे अवसरों को एक एक करके गिनाया तो जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने विषय प्रवर्तन करते हुए कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला की आवश्यकता को रेखांकित किया। यंग प्रोफेसनल सेवा से जुड़े सेवा योजन कार्यालय के शिवेंद्र प्रजापति ने रोजगार के अवसरों को अवसर में बदलने के लिए युवक युवतियों का उत्साह वर्धन किएं।

राजकीय महिला महाविद्यालय राबर्ट्सगंज के आंग्ल भाषा के असिस्टेंट प्रोफेसर गिरीशचंद्र ने शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में रोजगार के संदर्भ में अपने विचार रखे। ईश्वर प्रसाद पीजी कालेज के समाज शास्त्र के विद्वान डॉ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने जिला सेवा योजन कार्यालय सोनभद्र द्वारा आयोजित कैरियर कार्यशाला में पधारे सभी अभ्यागतों का शब्द प्रसून से स्वागतकिया। महाविद्यालय के प्रबंधक मनीष पाण्डेय ने अंग्रेजी के असिस्टेंट प्रोफेसर गिरीश चंद्र को अंगवस्त्र और स्मृतिचिन्ह भेंट कर उनका सारस्वत सम्मान किया। कार्यशाला में प्रबंध समिति के संरक्षक पण्डित हेमनाथ पाण्डेय, मृत्युंजय नारायण, विमलेश कुमार पाठक, गीता देवी, विनय प्रजापति बृजेश सिंह पटेल, भोलानाथ मिश्र कार्यालय अधीक्षक विनीत पाण्डेय समेत बीए, बी .काम, एम ए समाज शास्त्र, गृहविज्ञान की छात्र छात्राएं सैकड़ों की संख्या में कार्यशाला में सहभागी थी।

## टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए किया जागरूक



लालगंज, मीरजापुर। क्षय विभाग लालगंज के शमीम अहमद वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर थरपरसिया गांव में कैम्प के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए टीबी के समस्त लक्षणों एवं सरकारी स्तर से उपलब्ध समस्त निःशुल्क सुविधाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया।

शमीम अहमद ने लोगों को बताया कि जांचोपरांत पाए गए टीबी मरीजों को पोषण योजना के तहत खाते में रुपया 1000 प्रति माह पूरे इलाज अवधि तक दिया जाएगा। आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के सीएचओ अंजुल सैनी द्वारा उपस्थित लोगों से अनुरोध किया गया कि आप किसी भी व्यक्ति को यदि बताए गए लक्षणों से प्रभावित पाते हैं तो उन्हें अविलंब आयुष्मान आरोग्य मन्दिर या सरकारी स्वास्थ्य केंद्र तक जांच इलाज हेतु भेजने का कष्ट करें जिससे कि हम आप सभी टीबी के दुष्परिणामों से अपने को और अपने लोगों को सुरक्षित बनाए रख सकें। आप लोगों के जन सहयोग से ही मेरा भारत टी बी मुक्त होगा और प्रधानमंत्री के सपनों को साकार कर सकेंगे। कैम्प के दौरान निम्न लोग उपस्थिति रहे क्षेत्र के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद, अंजुल सैनी, आशा ननकी देवी, ओमप्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रतिबंधित मांस सड़क पर छोड़ भागे तस्कर

आजमगढ़। जनपद के जहानागंज थाना क्षेत्र के तुलसीपुर ग्राम सभा में सोमवार तड़के एक सनसनीखेज मामला सामने आया। सुबह करीब 4 बजे ग्रामीणों को पंचायत भवन के पास संदिग्ध आहट सुनाई दी। मौके पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने देखा कि कुछ बाइक सवार गौमांस लेकर जा रहे थे। ग्रामीणों को देखते ही आरोपी अपनी बाइक छोड़कर भाग निकले और रास्ते में लगभग 50 किलो गौमांस सड़क किनारे फेंक दिया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना जहानागंज पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मांस को कब्जे में लिया और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सोलर स्टालेशन अभियान का शुभारंभ

मीरजापुर। परियोजना अधिकारी यूपीनेडा ने जानकारी देते हुए बताया है कि 4 सितंबर 2025 को 11 बजे प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अन्तर्गत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा कार्यशाला एवं एक माह का जन-जागरूकता एवं सोलर स्टालेशन अभियान को शुभारंभ कलेक्ट्रेट से किया जायेगा। जन जागरूकता अभियान में 5 सितम्बर 2025 से लेकर 5 अक्टूबर 2025 तक यूपीनेडा मे पंजीकृत वेंडर, फर्म द्वारा एवं विभन्न विभागों द्वारा शिविर चौपाल एवं कार्यशाला के माध्यम से जनपद के निवासियों को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभ के विषय मे जानकारी प्रदान किया जायेगा। इससे विद्युत बिल में कमी के साथ ही अनुदान के रूप में एक किलोवाट पर 45000, दो किलोवाट पर 90000 एवं तीन किलोवाट पर 108000 रुपए का लाभ उपभोक्ता को मिलेगा। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में जनपद मीरजापुर मे अब तक 1892 उपभोक्ता सोलर सयंत्र लगाकर प्रति माह 52 लाख रुपए एवं प्रति वर्ष 6 करोड 25 लाख रुपए से अधिक का बिजली का बिल बचाने के साथ पर्यावरण सरंक्षण में योगदान कर रहे है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में आवेदन निशुल्क होगा एवं सोलर सयंत्र लगाने के लिए सभी राष्ट्रीयकृत बैंक एवं सहकारी बैंक द्वारा मात्र 6 प्रतिशत ब्याज पर आसानी से लोन उपलब्ध करा रहे है।

जनपद के समस्त बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि अधिक से अधिक लोग सरकार की इस महात्वाकांक्षी योजना से जुडकर अगले 25 वर्षों तक मुफ्त बिजली का लाभएवं अनुदान के रूप मे एक मुश्त 45 हजार, 90 हजार एवं 108000 रुपए का लाभ उठा सकते है।

## इंटरलॉकिंग व हाईमास्ट लाइट का उद्घाटन



सोनभद्र। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय प्रांगण में बुधवार को इंटरलॉकिंग एवं हाईमास्ट लाइट का उद्घाटन घोरावल विधायक डॉ. अनिल मौर्य एवं सदर प्रमुख अजीत रावत ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह ने की। इस अवसर पर विधायक डॉ. अनिल मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है। शिक्षा क्षेत्र में भी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। डीआईओएस कार्यालय परिसर में हाईमास्ट लाइट और इंटरलॉकिंग की सुविधा से न केवल शिक्षकों और कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि यह परिसर अधिक सुरक्षित भी बनेगा।

वहीं सदर प्रमुख अजीत रावत ने कहा कि जिले के विद्यालयों से आने-जाने वाले शिक्षक -शिक्षिकाओं को पहले असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। अब हाईमास्ट लाइट से अंधेरे की समस्या खत्म होगी और इंटरलॉकिंग से परिसर व्यवस्थित व आकर्षक बनेगा। यह कार्य विकास की दिशा में एक और ठोस कदम है। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी लालजी शुक्ल, प्रबंध संचालक राजा शारदा महेश ऋषिकेश पाठक, वित्त एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार, प्रधानाचार्य राजा शारदा महेश डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह, जनता इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुशील चौबे, चंद्रगुप्त इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या पूजा राय, आदर्श इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज की वरिष्ठ प्रवक्ता वंदना सिंह सहित क्रीड़ा सचिव व पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राव, पूर्व जिला मंत्री दिवाकर सिंह, अनिल कुमार पासवान, प्रेम सिंह पटेल आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अमर सिंह ने किया।

## प्रोजेक्ट जल संचय की शुरुआत



रेणुकूट/सोनभद्र। हिण्डाल्को रेणुकूट क्लस्टर हेड समीर नायक एवं क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह के नेतृत्व में तथा सीएसआरहेड अनिल झा के मार्गदर्शन मंल हिण्डाल्को का ग्रामीण विकास विभाग क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पाँच प्रमुख विषयगत क्षेत्रों-स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, सामाजिक सुधार एवं अवसंरचना विकास पर निरंतर कार्य कर रहा है। सीएसआरकी गतिविधियाँ दुद्धी, म्योरपुर और बभनी तीनों ब्लॉकों तक विस्तारित हैं, जिसके अंतर्गत 180 गाँव और रेणुकूट के 10 मलिन बस्तियों को कवर करता है। इन पहलों के माध्यम से कंपनी समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास कर रही है।

पानी जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के बिना सतत विकास की कल्पना अधूरी है। इसी सोच को केंद्र में रखकर हिण्डाल्को सीएसआर, रेणुकूटने प्रोजेक्ट जल संचय की शुरूआत की। वित्तीय वर्ष-2024 तक कुल 45 चेकडैम और 17 बावलियों के निर्माणकराए गए। इन संरचनाओं ने क्षेत्र में 5,62,314 घन मीटर अतिरिक्त जल भंडारण क्षमता का निर्माण किया है, जिससे स्थानीय भूजल स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पहले जहाँ खेती बारिश पर निर्भर थी, वहीं अब 426 एकड़ भूमि को 27 लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम के माध्यम से सिंचाई के दायरे में लाया गया है ।इससे किसानों को सालभर खेती करने का अवसर मिला। परिणामस्वरूप गर्मियों के मौसम में भी कुओं और हैंडपंपों में पर्याप्त पानी उपलब्ध रहने लगा है।

जल संरक्षण की इस पहल का सबसे बड़ा लाभ किसानों को मिला है। पहले जहाँ खेती बारिश पर निर्भर थी और गर्मियों में सिंचाई के साधन सीमित थे, वहीं अब 115 एकड़ से अधिक भूमि सिंचाई के दायरे में आ गई है। इससे फसल की उत्पादकता बढ़ी है और किसानों को अपनी आय बढ़ाने का अवसर मिला है। ह्नप्रोजेक्ट जल संचयह्न का एक और अहम पहलू यह है कि इसमें स्थानीय संस्थाओं को भी जोड़ा गया है। गांवों में समितियों और समूहों का गठन कर उन्हें परियोजना का स्वामित्व सौंपा गया है। इससे न केवल लोगों में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता आई है, बल्कि सामुदायिक भागीदारी और जिम्मेदारी भी बढ़ी है। यह मॉडल भविष्य में भी लंबे समय तक टिकाऊ परिणाम सुनिश्चित करेगा। हिंडाल्को रेनुकूट प्रबंधन का कहना है कि जल संचय केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण की गारंटी है। हमारा उद्देश्य समुदायों को सशक्त करना और पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलित विकास सुनिश्चित करना है ह्न ह्नजल है तो कल हैह्न की सोच के साथ हिंडाल्कोसीएसआरका यह प्रयास क्षेत्र में न केवल पर्यावरण को सुरक्षित कर रहा है, बल्कि ग्रामीण जीवन में खुशहाली और सतत विकास का मार्ग भी प्रशस्त कर रहाहैं।

## नाले में मिला युवक का हत्या कर फेंका गया शव

डाला (सोनभद्र) नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 में नगर की सीमा पर स्थित नाले में युवक का हत्या कर फेंका गया शव पड़ा मिलने से सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया।

बताया गया कि मंगलवार को मृतक अपने पशुओं को लेकर चराने निकला था शाम को वापस घर वापस लौट कर आने के बाद पशुओं को बांधकर घरवालों को बिना बताए कंही चला गया और पूरी रात वापस घर लौट कर नहीं आया बुधवार की सुबह नाले में शौच करने गए बच्चों ने पानी में औंधे मुंह पड़ा शव देखकर इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई कुछ ही देर में डाला चैकी प्रभारी आशीष कुमार पटेल भी मय हमराहियों संग मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकालकर शिनाख्त कराया तो मृतक की पहचान 35 वर्षीय संजय गोंड पुत्र रामविलास गोंड निवासी नई बस्ती डाला के रूप में हुई घटना की जानकारी जब परिजनों को हुई तब उनके होश उड़ गए मृतक की पत्नी देवी गोंड व उसके बच्चे रोते बिलखते शव के पाश पहुंचे और रोते-रोते बेसुध हो गए। मृतक के सिर पर व शरीर के अन्य हिस्सों में धारदार हथियार से घाव के निशान पाए ।लोगों ने हत्या की आशंका जताई पुलिस ने घटना स्थल पर छानबीन किया तो वंहा नाले के समीप दो गिलास दो शराब का खाली पाउच नमकीन का खाली पैकट व पानी बोतल का ढक्कन तथा एक सफेद रंग का गमछा पड़ा मिला जिसे लेकर पुलिस हर पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही है ।मृतक राजगिर व किसानी करता था उसके आधा दर्जन बच्चों में तीन पुत्र व तीन पुत्रियां हैं जो सभी नाबालिग बताए जा रहे हैं। इस संबंध में चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चैरसिया ने बताया कि मृतक के पिता रामबिलास की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है मामला संदिग्ध है हर पहलुओं पर जांच की जा रही है सर में चोट का निशान है घर से कब यह निकले थे उनके कौन-कौन मित्र थे शराब का पाउच जो मिला है वह कहां से लिया गया जो इसकी जांच की जा रही है मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

## घूस लेते लेखपाल को एंटी करप्शन ने पकड़ा

आजमगढ़। जिले के मेहनगर तहसील के गोपालपुर में तैनात लेखपाल राजेश मौर्य को एंटी करप्शन टीम ने घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार को उस समय की गई, जब राजेश मौर्य कथित तौर पर जमीन सम्बन्धी मामले में एक स्थानीय निवासी से रिश्वत ले रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार, गोपालपुर के एक निवासी ने राजेश मौर्य पर जमीन से संबंधित कार्य के लिए रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए एंटी करप्शन टीम, आजमगढ़ से शिकायत की थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि लेखपाल ने काम करने के बदले रुपये की मांग की और बार-बार टालमटोल कर रहे थे। परेशान होकर शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना एंटी करप्शन टीम को दी। एंटी करप्शन टीम ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एक जाल बिछाया। तय योजना के तहत, शिकायतकर्ता को केमिकल लगे नोटों के साथ लेखपाल को रिश्वत देने के लिए भेजा गया। जैसे ही राजेश मौर्य ने शिकायतकर्ता से रुपये लिए, पहले से तैयार एंटी करप्शन टीम ने उन्हें रंगे हाथ धर दबोचा। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने लेखपाल के हाथ धुलवाए, जिसमें केमिकल युक्त नोटों के निशान मिले। इस घटना से मेहनगर तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। कुछ लेखपालों ने इस कार्रवाई का विरोध किया और इसे साजिश करार दिया, लेकिन एंटी करप्शन टीम ने अपनी कार्रवाई को सही ठहराया।

## रमा हॉस्पिटल में चिकित्सा शिविर आयोजित

आजमगढ़। रमा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन मंगलवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। कैम्प में 78 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श किया गया। इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि इस मौसम में खाने-पीने का विशेष ध्यान रखें साथ ही घरों को भी साफ सुथरा रखें ताकि संक्रमण से बचा जा सकें। गर्भवती महिलाए स्वच्छ पानी और तेल रिफाइन कम इस्तेमाल करें हरी सब्जी व सलाद का ज्यादा प्रयोग करें व मसालेदार खाने से परहेज करें लापरवाही बिल्कुल ना करें गर्भवती महिलाएं इससे बचने का पूरा प्रयास करें जिससे जच्चा-बच्चा दोनों ठीक रहे। रमा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा अमित सिंह ने बताया की कुल 78 महिलाओं का निशुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया। हमारा लक्ष्य की हर वह व्यक्ति जो गरीब से गरीब तबके का है उनके घर की गर्भवती महिलाएं इस शिविर में जांच जरूर करवाएं जिससे जच्चा बच्चा दोनों का प्रशिक्षण कर देखा जा सकें कि वह स्वस्थ है। हास्पिटल के व्यवस्थापक अविनाश सिंह ने बताया कि हर महीने की पहले मंगलवार को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक सेवाओं का लाभ उठा सकते है। श्री सिंह ने बताया कि रमा हास्पिटल आगामी दिनों में हाईटेक स्तर की सुविधाओं को बढ़ाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ा मुकाम हासिल करेगा। इस अवसर पर व्यवस्थापक अविनाश सिंह, गौरव सिंह, मनीष सिंह, मोनू सिंह, श्रीकांत खरवार, विकास, नागेन्द्र मौर्य, सीमा अनिता गीता सहित आदि स्टाफ मौजूद रहे।

## गणेश चतुर्थी के अवसर पर गीत गायन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में गणेशोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। सोमवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पुजा समिति द्वारा बाल वर्ग कक्षा 03 से 09 और ऊपर तक के बच्चों हेतु धार्मिक गीतों पर आधारित गीत-गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में छोटे-बड़े सभी बच्चों ने विभिन्न परिधानों में सज-संवरकर अपनी हअपनी मधुर भक्ति गीतों को प्रस्तुत किया। बच्चों की मनमोहक



प्रस्तुति ने सभी को तालियाँ बजने पर मजबूर कर दिया। तत्पश्चात मंगलवार को सभी के लिए गणपति बिंगों का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों के साथ-साथ बच्चों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन) सत्येंद्र कुमार सिन्हा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अन्य महाप्रबंधकगण, सुहासिनी संघ की सदस्याएँ, पुजा समिति के सभी सदस्य एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहें। सभी श्रद्धालुओं हेतु प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी। सभी ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए गणेश पुजा समिति का गठन किया गया है, जिसमें महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम) मणिक्यन सुरेश, (अध्यक्ष), सुनील महेश्वरी (उपाध्यक्ष), हनुमान सोनी, विशाल गोयल व पंकज पाण्डेय (कोषाध्यक्ष), अभिषेक कुमार रस्तोगी (सचिव) एवं आदित्य देशमुख( सयुंक्त सचिव) है। जिनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में पुजा समिति द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## मानवीय गुणों को अपनाने की जरूरत: पंकज

जौनपुर। जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था की 122 दिवसीय शाकाहार- सदाचार मद्यनिशेध आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा ने रैक्ल ब्रह्म बाबा मैदान धरौरा में पड़ाव डाला। यहां आयोजित सत्संग संदेष में पंकज जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन बहुत अनमोल है, इसे व्यर्थ नहीं करना चाहिए। प्रभु की प्राप्ति करने वाले किसी सन्त सतगुरु



की तलाश करें और उनकी दी हुई साधना को करके अपना कल्याण करा लें। कहा कि कलियुग में गृहस्थ आश्रम पर रहकर भी सुरत शब्द योग (नाम योग) की साधना की जा सकती है। समय आ गया है कि हम परस्पर प्रेम सद्भाव से रहने की आवश्यकता है। एक-दूसरे की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने और प्रेम, दया, करुणा आदि मानवीय गुणों को अपनाने की जरूरत है। अपने दो घण्टे के प्रवचन में पंकज जी महाराज ने लोगों को अध्यात्मवाद के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाष डाला और साधना करने की विधि बताई। समर्थ सतुगरु की कृपा से हम इसी मानव शरीर में रहते हुये ऊपरी मण्डलों का सफर करके पुनः अपने शरीर में वापस आ सकते हैं और हमारा जीवन धन्य हो जायेगा। इस अवसर पर तमाम लोगों की उपस्थिति रही।

## सर्पदंश से 11 वर्षीया बालिका की हुई मौत

मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कलां गांव में मंगलवार देर शाम घर पर सर्पदंश से बालिका की मौत हो गई। बालिका की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बंजारी कलां गांव के कोठरा बस्ती निवासी संतलाल विश्वकर्मा की 11 वर्षीया पुत्री प्रियंका अपने पक्के मकान के भीतर से बाहर निकल रही थी कि दरवाजे के बाहर बैठे कोबरा सर्प ने पैर में अचानक डस लिया। सर्पदंश की घटना पर बालिका भयभीत होकर घर के भीतर जाने लगी तो कोबरा सर्प पैर से दबने के कारण दुबारा बालिका के पैर में डस लिया। सर्पदंश की घटना के बाद कोबरा सर्प घर के भीतर कमरे में जाकर छिप गया। बालिका की चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर घर के भीतर मौजूद मां पार्वती बालिका के पास पहुंची तो बालिका ने पैर में सर्प के डसने की घटना मां को बताई। कुछ ही देर बाद बालिका अचेत हो गई आनन-फानन में परिजन दवा पिलाने के लिए बालिका को छतरिहा गांव ले जा रहे थे कि बालिका की रास्ते में मौत हो गई।

## कच्चा मकान धराशायी ,सामान मलवे में दबा

जौनपुर। सिकरारा विकासखण्ड के अन्तर्गत स्थित ग्राम सभा लाजीपार के हरिजन बस्ती में एक व्यक्ति का कच्चा मकान गिर गया। जिससे उसका हजारों रुपए का नुकसान हो गया। बताते है कि उक्त गांव निवासी धर्मराज गौतम का कच्चा मकान बारिश की वजह से दीवाल के अगल-बगल पानी इकठठा हो गया था नाली के अभाव में पानी की निकासी नहीं हो पाई थी। जिससे बीती रात उनका कच्चा मकान गिर गया। संयोग था कि परिजन मकान को छोड़कर छप्पर में सोए हुए थे। इस सम्बंध में पूछने पर पीड़ित धर्मराज गौतम ने बताया कि बारिश का पानी इकठठा हो गया था। जिससे दीवाल में सीलन लग गई थी। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान सत्य प्रकाश यादव ने बताया कि उक्त कच्चे मकान में इनका भूसा उपली अनाज रखा गया था। सब मलबे में दब गया। जिसकी सूचना लेखपाल संदीप यादव को दे दी गई है।

संक्षेप

## चार जुआरी गिरफ्तार

ललितपुर। मड़ावरा पुलिस ने गश्त के दौरान चार जुआरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये जुआरियों के पास से नकदी, ताश के पत्ते भी बरामद किये हैं। पुलिस ने पकड़े गये सभी जुआरियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मड़ावरा थाने में तैनात उप निरीक्षक दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वह अपने हमराही हे.कां. प्रदीप कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। गश्त करते हुये वह ग्राम साढूमल पहुंचे, जहां मुखबिर ने सूचना दी कि ग्राम गढ़ौलीकलां में महेन्द्र के मकान में कुछ लोग ताश के पत्तों पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने पर उन्होंने तत्काल थाने से उ.नि. राजेश कुमार, हे.कां.शैलेन्द्र सिंह, कां.विक्रम सिंह, कां.शिवाकांत को बुला लिया। कुछ समय पश्चात जब पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची तो सभी एकजुट होकर मुखबिर की बताये स्थान की ओर चले गये। गढ़ौलीकलां गांव में महेन्द्र के घर से करीब 50 कदम पहले मुखबिर ने उन्हें इशारे से स्थान बता दिया।

# महावीर पीजी कॉलेज में भारतीय दर्शन पर विशेष व्याख्यान आयोजित

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर स्थित श्री भगवान महावीर पी.जी. कॉलेज, पावानगर फाजिलनगर के संस्कृत विभाग में भारतीय दर्शन सिद्धांत अवबोधक विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता प्रो. मारकंडेय नाथ तिवारी, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली ने भारतीय दर्शन के मूल तत्वों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब भौतिक मार्ग से शांति संभव नहीं रह जाती। तब चिंतनशील मानव आत्यंतिक शांति के लिए जिस मार्ग का अन्वेषण करता है, वही दर्शन है। उन्होंने कहा कि दृश्यन्ते अनेन इति दर्शनम्, अर्थात जिसके द्वारा देखा जाए वह दर्शन है। व्याख्यान में उन्होंने प्रश्न उठाए प्रकृति क्या है? पुरुष क्या है? जगत क्या है? हम कौन हैं? बन्धन क्या है? और बताया कि इन्हीं प्रश्नों के उत्तर हेतु सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा, बौद्ध, जैन और चार्वाक जैसे दर्शनों का विकास हुआ कार्यक्रम की विषय प्रस्तुति आयोजक प्रो. कृष्ण चंद्र चौरसिया ने की। स्वागत भाषण डा. प्रभाकर मिश्र पंकज तथा धन्यवाद ज्ञापन डा. महात्मा प्रणव कुमार चतुर्वेदी द्वारा किया गया। दूरभाष पर कॉलेज की प्राचार्या प्रो. ज्योत्सना पाण्डेय, प्रबंधक शक्ति प्रकाश दीक्षित ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया। अंत में फाजिलनगर के चकिया निवासी प्रो. हरेराम त्रिपाठी, कुलपति, कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक ,नागपुर एवं कालेज की प्राचार्य प्रोफेसर ज्योत्सना पांडेय के पुत्र आर्किटेक्ट शिवांश पाण्डेय को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। ज्ञात हो कि प्रोफेसर हरेराम त्रिपाठी का हाल ही में आकस्मिक निधन एक कार दुर्घटना में हो गया था तथा आर्किटेक्ट शिवांश पांडेय का ईलाज के दौरान असामयिक निधन हो गया था। इस दौरान डा. पंकज कुमार, डा.श्रवण कुमार,प्रशांत बौद्ध, बृजेश वर्मा, शैलेश प्रजापति, विजय पवार, राजेश पाण्डेय, देवेंद्र नारायण त्रिपाठी, अंकित एवं अभिषेक सहित महाविद्यालय की छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## विद्युत संयोजन के साथ मीटर लगाने की मांग

ललितपुर। घरेलू विद्युत संयोजन कर मीटर लगाये जाने की मांग को लेकर महिलाओं ने जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है। पत्र में बताया कि मोहल्ला पिसनारी बाग नहर की पटरी पर रहने वाले लोगों के घरों में आवेदन करने के बावजूद भी विद्युत संयोजन नहीं किये गये हैं। बताया कि यहां के लोगों ने विद्युत संयोजन के लिए ऑनलाइन आवेदन किये थे। यहां से विद्युत पोल की दूरी महज 60 मीटर है, लेकिन यहां आज तक न तो विद्युत संयोजन दिया गया है और न ही मीटर लगाये गये हैं। महिलाओं का आरोप है कि यहां जांच करने आने वाले लोगों द्वारा मीटर लगवाने के नाम पर अवैध तरीके से 10-10 हजार रुपयों की मांग की जाती है, जिसे न दे पाने के कारण न तो मीटर लगाये जा रहे हैं और न ही संयोजन दिये जा रहे हैं। महिलाओं ने जिलाधिकारी से मौके पर जांच करायी जाकर विद्युत संयोजन कराकर मीटर लगवाये जाने की मांग उठायी है। पत्र देते समय सूर्यकांत, भूरी, नीलेश, बब्बू राजा, रामराजा, पिंकी राजा, कमलेश, लल्ली, रूबी, रामकुमारी, हरकुंवर, भारती, तेजकुमारी आदि मौजूद रहे।

## अपर जिला जज ने किया राजकीय बाल गृह देवरिया का औचक निरीक्षण

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन व स्वास्थ हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उनकी नियमित जॉच व बच्चों को नियमित व्यायाम कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा राजकीय बाल गृह के परिसर, भण्डार कक्ष की साफ-सफाई तथा सुरक्षा हेतु विशेष दिशा निर्देश दिया गया।

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भण्डारे का आयोजन संपन्न

**भटनी ,देवरिया।** स्थानीय नगर के केवड़ा चौक के निकट हनुमान अखाड़ा के अवसर पर हनुमानजी की मंदिर के परिसर में आयोजकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा अर्चना के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन कर प्रसाद के रूप में दूर दराज से आये श्रद्धालुओं को भोजन कराया।इस दौरान नगर एवं क्षेत्र के लोगों ने पूजा अर्चना कर विशाल भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे के कार्यक्रम की शुरूआत शाम 6 बजे से देर रात तक चली जिस दौरान श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा।आयोजकों में मुख्य रूप से शिवशंकर मौर्य,राहुल यादव,मनोज कुमार गौड़,रेयाज अहमद,विजय यादव, गुड्डू यादव,अजय यादव, गोरख यादव,राजीव चौरासिया, विनीत चौरासिया, शुभम यादव,रामबाबू कनौजिया, लक्ष्मी मद्देशिया, रविप्रकाश, अमन यादव,राहुल यादव,प्रेम बरनवाल आदि लोगों से बढ़चढ कर हिस्सा लिया।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता

देवरिया। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरहज, में आज एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायक नर्स मिडवाइफ (अठट) एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कार्यकताओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, देवरिया की जेंडर स्पेशलिस्ट मंशा सिंह ने बताया कि ढउढठउ्ळ एक्ट के तहत भ्रूण लिंग परीक्षण पर पूर्ण प्रतिबंध है और इसके उल्लंघन पर कठोर दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं।

उन्होंने पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों की भूमिका, उनकी निगरानी व्यवस्था तथा भ्रूण लिंगानुपात (उरफ) में सुधार हेतु सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य, गरिमा की सुरक्षा, किशोरियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के अधिकारों पर भी जानकारी दी।

वन स्टॉप सेंटर, देवरिया की केंद्र प्रशासक नीतू भारती ने स्वास्थ्य विभाग के साथ कन्वर्जेन्स, संयुक्त मॉनिटरिंग एवं फॉलो-अप की महत्ता पर चर्चा की।

उन्होंने संस्थागत प्रसव, सुरक्षित मातृत्व सेवाओं को बढ़ावा देने तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का संदेश जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

वन स्टॉप सेंटर की मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि लिंग चयन पर रोक और बेटियों का सम्मान करना समाज का सामूहिक दायित्व है। बेटियां ही महिला सशक्तिकरण की मजबूत नींव हैं।

# प्राथमिक शिक्षक संघ अपनी समस्याओं को लेकर संघर्ष करेगा

जिला संवाददाता



**देवरिया।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद देवरिया के जिला कार्यकारिणी की बैठक आज शिक्षक भवन बी आर सी देवरिया सदर पर जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में शिक्षकों के वर्तमान के ज्वलंत समस्याओं विद्यालयों के मर्जर, सुप्रीम कोर्ट के टी.ई. टी. संबंधी निर्णय ,बी.एल.ओ.ड्यूटी,2004 बैच के शिक्षकों , शिक्षामित्र से बने शिक्षकों सहित सभी को पुरानी पेंशन बहाली, पदोन्नति सहित संघ के सदस्यता अभियान को पूर्ण करने आदि मुद्दों पर चर्चा व रणनीति बनाई गयी। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गए टी ई टी संबंधी निर्णय से बहुत परेशान न हो। संघ के प्रदेश नेतृत्व द्वारा शीघ्र ही ठोस रणनीति बनाई जाएगी। शिक्षकों के हित मे विधि विशेषज्ञ से विचार विमर्श करते हुए पुनर्विचार याचिका की मांग की जाएगी। शिक्षक अपने पठान पाठन संबंधी कार्य बिना तनाव के सुचारू रूप से सम्पन्न करें। जिला मंत्री आनंद प्रकाश यादव ने कहा कि प्राथमिक शिक्षक संघ की वार्षिक सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक शिक्षकों को अपना सदस्य बनाकर शिक्षक हित में सदैव तत्पर रहा जा सकता है। शिक्षक अपने एकता को कमजोर करने वाले अधिकारी गण एवं तथाकथित समूहों से सतर्क रहें।

प्राथमिक शिक्षक संघ हर परिस्थिति में शिक्षकों के साथ है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि वर्तमान मुद्दों जैसे मर्जर,चयन वेतनमान, वेतन कटौती,शिक्षामित्र से शिक्षक बने साथियों को पुरानी पेंशन व बी एल ओ ड्यूटी की विसंगतियों को दूर करने की मांग किया। बैठक का संचालन जिला संयुक्त मंत्री ऋषिकेश जायसवाल ने किया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश मणि, बैजनाथ पति त्रिपाठी, सफीक अहमद खान,विनोद कुमार मिश्र,जयप्रकाश सिंह,नित्यानंद यादव,नलनिरंजन तिवारी,,रविंद्र कुमार पांडेय, संदीप कुमार द्विवेदी, सरिता जायसवाल, संजय कुमार मिश्र,बृजेश राव,सतेंद्र कुमार सिंह,नरेंद्र प्रताप यादव,ओम प्रकाश शुक्ल,रामनिवास यादव,सुशील यादव, फखरे आलम,दीनानाथ चतुर्वेदी, रविन्द्र यादव, निर्भय राय, सुभाष यादव,संजय सिंह,आलोक कुमार सिंह,आशुतोष शाह,रमेश कुमार,अरुण कुमार तिवारी,,रामनाथ प्रसाद,राज कपूर शर्मा,अतहर अली,रामसिंगार यादव,सत्यप्रकाश सिंह,आलोक सिंह,सूर्यकांत पांडेय , अमितेश बरनवाल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गरीब लड़के ने गायब रुपया वापस कर पेश किया ईमानदारी का मिशाल

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर के केवड़ा निवासी धर्मेंद्र यादव पुत्र छोटेलाल यादव जो आर्थिक स्थिति से तंग आकर पानी बेचने का काम कर अपने व अपने परिवार का जीवन यापन करता है। बताया गया है कि रामछबीला प्रसाद जो कि रेलवे के कर्मचारी है जिनका पैसा नौ हजार उनकी जेब से दोपहर में रेलवे स्टेशन के उत्तरी पुल के पास गिर गया था। जिसे धर्मेन्द्र यादव ने रास्ते में गिरा पाया। कुछ देर बाद रामछबीला प्रसाद काफी परेशान होकर अपना पैसा खोजने निकले तो धर्मेन्द्र यादव की नजर जब उनपर पड़ी तो उनसे उनके पैसे के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि मैं किसी जरूरी काम से पैसा निकालकर घर जा रहा था कि अचानक कही रास्ते में गिर गया। धर्मेन्द्र कुमार यादव ने उनका पूरा पैसा वापस कर ईमानदारी का मिशाल पेश किया। जिस दौरान रामछबीला प्रसाद ने अपना पूरा पैसा पाते ही धन्यबाद ज्ञापित किया। धर्मेंद्र यादव के इस सराहनीय कार्य से क्षेत्र व नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को मिलेगा विवेकानन्द यूथ अवॉर्ड

**देवरिया।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि युवा कल्याण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में मंगल दल श्रेणी के अंतर्गत राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को खंड स्तर, जनपद स्तर एवं राज्य स्तर पर विवेकानन्द यूथ अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार उन मंगल दलों को प्रदान किया जाएगा जिन्होंने सामाजिक एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में विशेष कार्य किए हों। साथ ही खेल, कला और अन्य विविध क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले मंगल दल भी इस सम्मान के पात्र होंगे। इच्छुक मंगल दल अपने आवेदन संबंधित विकास खंड के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी को अथवा विकास भवन, देवरिया स्थित युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल कार्यालय में 15 सितम्बर 2025 तक जमा कर सकते हैं।

## मांगों को लेकर शिक्षक संघ नौ देगा ज्ञापन

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्त विहीन के प्रदेश अध्यक्ष लाल बिहारी यादव के निर्देश तथा प्रदेश समिति के निर्णयानुसार जिला इकाई द्वारा 9 सितंबर दिन मंगलवार को 10 बजे सुबह मान्यता शर्तों और प्रबंधकों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी कुशीनगर को ज्ञापन दिया जाएगा। उक्त जानकारी एक विज्ञप्ति के माध्यम प्रदेश कार्य समिति सदस्य पुरंदर प्रताप यादव और जिलाध्यक्ष नियामत अली ने देते हुए शिक्षकों, प्रबंधकों और प्रधानाचार्य गण को समय से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचने की अपील की है।

# पं. कमलापति त्रिपाठी की जयंती मनायी गयी

जिला संवाददाता



**देवरिया।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश पंडित कमला पति त्रिपाठी की जयंती बुधवार को टाउन हॉल परिसर कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई। मासिक बैठक के सर्व प्रथम पंडित कमला पति त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि आज एक भारतीय राजनेता, लेखक, पत्रकार और स्वतंत्रता सेनानी की जयंती है। जो संविधान सभा के सदस्य रहे, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे तथा भारत के रेल मंत्री रहे। उन्होंने सर्व प्रथम हिन्दी दैनिक अखबार 'आज' और बाद में 'संसार' के लिए काम कर रहे एक पत्रकार के रूप में अपना करियर शुरू किया। हिन्दी भाषा के अनन्य सेवक, मूर्धन्य संपादक, समर्पित स्वतंत्रता सेनानी एवं यशस्वी राजनेता पंडित कमलापति त्रिपाठी ने काशी के विकास की नई इबारत लिखी। राष्ट्रीय राजनीति में काशी के गौरव पं. कमलापति त्रिपाठी एक समर्पित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। गांधी जी के सभी आंदोलनों में पांच बार जेल गए। वह धर्मनिष्ठा एवं धर्म निरपेक्षता दोनों की आदर्श मिसाल थे। गांधी दर्शन पर वह प्रशस्त लेखक थे, जिन्होंने अपने नेता पं. नेहरू की तर्ज पर ज्यादा ग्रंथ अपने जेल जीवन के बीच बिना किसी रेफरेंस लाइब्रेरी के सहयोग से लिखी थी। पंडित जी के जीवन को आज के राजनेताओं के लिए अनुकरणीय बताया उन्होंने ने कहा कि पंडित जी ने हमेशा देश हित को सर्वोपरि रखा और सभी धर्मों और पंथों का सम्मान किया। जिलाध्यक्ष ने बैठक में आगे कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत मंडल स्तर से लेकर न्याय पंचायत स्तर तक कमेटी गठित कर ली गई है। जनपद के सभी ब्लाक अध्यक्ष बूथ स्तर पर कमेटी गठित के लिए कार्य कर रहे है। इस दौरान जयदीप त्रिपाठी, मुकुंद भास्कर,मिर्जा खुर्शीद,अरविन्द शाही, भरत मणि त्रिपाठी, सुनील कुमार तिवारी, जयप्रकाश धनगर,जुलेखा खातून, डॉ. धर्मेंद्र पाण्डेय, दीनदयाल यादव, जनार्दन वर्मा,संजीव कुमार मिश्रा, चंदू वर्मा, राजेश प्रताप सिंह, आलोक त्रिपाठी राजन, शिव शंकर सिंह, सुभाष राय,रत्नेश मल्ल पिंटू, मनोज मणि, महेन्द्र अम्बेडकर,सच्चिदानंद मिश्रा,शहनाज जफर, सर्वशक्ति सिंह, मार्कण्डेय मिश्रा, कुलदीप यादव ,पन्नालाल पाठक, बृजभान सिंह, सोहन आदि उपस्थित रहे।

# नपा बोर्ड की बैठक में खींचा गया विकास का खांका




**कसया, कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर बोर्ड की बैठक नगरपालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वार्ड नंबर 17 मणि पूरम (परसौनी मुकुन्दहा) चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाए जाने का प्रस्ताव हुआ। इसी के साथ समेकित और सामुदायिक विकास को लेकर स्वच्छता, प्रकाश, शिक्षा, छठ घाटों के सुंदरी करण को लेकर कुल नौ प्रस्ताव पारित किए गए। बुधवार को नगर बोर्ड की बैठक में सभासदों ने अपने वार्डों की जन समस्याओं को रखा और विकास संबंधी प्रस्ताव रखे। नगर अध्यक्ष श्रीमती जायसवाल ने कहा कि नगर के सभी वार्डों को सरकार की मंशा और जन भावनाओं का ख्याल करते हुए विकास का खांका खींचा गया है। जिसमें जन हित का विकास सर्वोपरी रूप से ध्यान में रखा गया है। जन भागीदारी और सभी सभासद गण के सहयोग से नगर और सभी वार्डों को बुनियादी सुविधाओं से परिपूर्ण किया जाएगा। इसी क्रम में नगर की अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला ने नगर के विकास को लेकर चल रहे कार्यों, पूरी हो रही योजनाओं और प्रस्तावित योजनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रत्येक वार्ड में आरसीसी बेंच लगाने, प्रत्येक वार्ड में इनबिल्ड लाइट, सार्वजनिक स्थानों पर वाटर एटीएम, नेशनल हाईवे पकवा इनार से मल्लुडीह तक स्ट्रीट लाइट लगवाने, सभी वार्डों के छठ घाटों का सुंदरीकरण, सभी प्राथमिक स्कूलों में पाठ्य पुस्तक वितरण, रोड और नाला निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान सभासद राजेश मद्धेशिया, केशव सिंह, शैल देवी, गुड्डू कुशवाहा, अमरावती देवी, सूर्यनाथ यादव, विनय प्रताप राव, प्रभुनाथ सिंह, विजेंद्र कुमार सिंह उर्फ भगत सिंह, अमेरिकन सिंह, अमरनाथ जायसवाल, शबनम खातून, यशोदा देवी, दुर्गेश विश्वकर्मा, कमलावती देवी, ताजबून निशा, राजेश जायसवाल, मीरा, शमशाद अंसारी आदि सभासद उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधान सहित परिवार को जान से मारने की मिली धमकी

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सल्लहपुर के ग्राम प्रधान व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर दी गई है। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान ने पुलिस को लिखित रूप से सूचना देकर अवगत कराया है और अपने सहित परिवार के जान माल की रक्षा की गुहार लगाई है। थाना भटनी क्षेत्र के सल्लहपुर वर्तमान ग्राम प्रधान सुशील कुमार राय पिंटू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि एक सितंबर 25 को उनके ही गांव के एक युवक ने उनके इंस्टाग्राम आईडी पर फोन करके उनको तथा उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दिया। उन्होंने यह भी लिखा है कि दिए गए धमकी का साक्ष्य भी उन्होंने रखा है। उन्होंने आरोपित युवक को अपराधी प्रवृति का बताया है। ग्राम प्रधान के अनुसार आरोपित पर थाना विजयपुर और थाना भटनी पर गंभीर आरोपों में मुकदमा पंजीकृत है। उन्होंने लिखा है कि अगर उन पर या उनके पिता पर कोई भी हमला होता है तो उसका जिम्मेदार आरोपित युवक ही होगा जिसमें जान से मारने की धमकी दिया है

## गौवंश योजना में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांगा अनुदान



ललितपुर। ब्लाक जखौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत खड़ेरा व भैंसाई में रहने वाले किसानों ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देते हुये गौवंश योजना के तहत पाली गयी गौवंशों के भरण-पोषण के लिए अनुदान राशि दिलाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में बताया कि खड़ेरा व भैंसाई के करीब तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने गौवंश योजना के तहत गौवंशों को पाला था। बताया कि विगत 10-11 माह से उक्त गौवंशों के भरण-पोषण के लिए अनुदान राशि नहीं दिलायी गयी है। इस कारण लाभार्थियों को गौवंशों के भरण-पोषण में भारी परेशानियां आ रहीं हैं और गौवंशों को भूसा-पानी आदि नहीं ले पा रहे हैं। ग्रामीणों ने लामबंद होकर जिला प्रशासन से गौवंशों के पालन के लिए योजना के तहत अनुदान राशि दिलाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय पार्वती, गंगारानी, गनेश, जूजन, किरन, मजराबाई, सीमा, रूकमणि, शिवकुंवर, हज्जारा, प्रेमाबाई, कोमल, संध्या, ऊषा, शंकर के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रधान के पिता की आशनाई का वीडियो वायरल

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** ग्राम प्रधान के पिता द्वारा गांव के एक महिला के घर में घुसकर उसकी विधवा पुत्रबधू के साथ अश्लील हरकत करते हुए वीडियो प्रसारित हुआ है। वायरल वीडियो में प्रधान के पिता पोर्न वीडियो की तरह विधवा महिला के साथ कुकर्म करते हुए देखा जा रहा है। घर की मुखिया ज्ञान्ती देवी पुलिस को तहरीर के साथ साक्ष्य के तौर पर वीडियो क्लिप देकर अपने पुत्रबधू और प्रधान के पिता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। किन्तु पुलिस मामले को ठंडे बस्ते में डाल मैनेज करने में जुटी है। मामला जनपद के कसया थाना क्षेत्र के श्यामपुर हतवा का है।

- **घर की मुखिया द्वारा प्रधान के पिता के खिलाफ दी गई तहरीर पर अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई**
- **कसया थाना क्षेत्र के श्यामपुर हतवा का मामला**

शिकायतकर्ता ज्ञान्ती देवी का कहना है कि उनकी पुत्रबधू के साथ आशनाई करने वाला फूल बदन सिंह गांव के प्रधान संतोष सिंह के पिता है। कसया थानाध्यक्ष को दिये गये तहरीर में ज्ञान्ती देवी पत्नी राम प्रसाद सिंह निवासी श्यामपुर हतवा ने कहा है कि वर्ष 2017 में उनके छोटे पुत्र रिंकू सिंह की मृत्यु हो गयी। रिंकू और उसकी पत्नी नीरु से एक पुत्र है जिसकी उम्र लगभग नौ वर्ष है। पुत्र रिंकू के मृत्यु के पश्चात विधवा पुत्रबधू का आचरण खराब हो गया। गांव के प्रधान संतोष सिंह के पिता फूलबदन सिंह से उसकी नजदीकियां बढी और अवैध रिश्ता कायम कर लिया। ज्ञान्ती देवी का कहना है कि जब घर पर कोई नही रहता था तो प्रधान के पिता फूल बदन सिंह उनके घर पर आता था और पुत्रबधू के साथ आशनाई व अवैध संबंध बनाता था।

शक होने पर उसने घर में सीसीटीवी कैमरा लगवाई जिसमे ग्राम प्रधान के बाप फूलबदन सिंह और उसकी विधवा बहू नीरु की कुकर्म के क्रियाकलाप का पदार्फाश हुआ। शिकायतकर्ता ने अपने तहरीर मे आगे लिखा है कि जब वह इसकी शिकायत अपने पुत्रबधू के मायके और फूलबदन के पुत्रों से की तो उल्टे सभी लोग गाली-गलौज कर मारने-पीटने और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगे। उन्होने लिखा है कि 9 अगस्त-2025 तकरीबन दिन के बारह बजे फूलबदन सिंह के बुलाने पर दीपू सिंह व शिव प्रताप साकिन भवानी बैकुण्ठपुर जिला देवरिया एंव पप्पू सिंह निवासी हतवा मेरे घर आये और मेरे नाती पुलकित सिंह को जबरिया उठाकर ले जाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान वह अपने नाती पुलकित को उन लोगो के बीच से खिचकर घर का दरवाज बंद कर दिया। अपने मकसद में कामयाब न होने के कारण वह लोग गाली-गुप्ता देते हुए जान माल की धमकी देकर वापस लौट गये। शिकायतकर्ता ज्ञान्ती देवी ने अपने प्रार्थना पत्र मे लिखा है कि इस घटना के बाद से वह इतनी डरी-सहमी है कि गांव छोडकर अपने पति व नाती के साथ कसया में रहती है।

उन्होने पुलिस को दिये गये तहरीर में अंदेशा जताया है कि दीपू सिंह, पप्पू सिंह, फूलबदन सिंह एवं उनकी बहू नीरु उनके नाती पुलकित का अपहरण कर हत्या या फिर उनके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते है।

### अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई

बतादे कि कि शिकायतकर्ता ज्ञान्ती देवी पत्नी राम प्रसाद ने 13 अगस्त-2025 को अपनी शिकायत पत्र कसया थानाध्यक्ष को दी थी। कसया पुलिस की संवेदनशीलता व सक्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अभी कोई कार्रवाई नही हुई है। इतना ही नही ज्ञान्ती देवी के प्रार्थना पत्र पर उनका मोबाइल नम्बर भी अंकित है। ज्ञान्ती देवी का कहना है कि उन्होने वीडियो क्लिप के साथ शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इसके बावजूद कसया पुलिस द्वारा न तो शिकायतकर्ता के मोबाइल नम्बर पर संपर्क कर शिकायत व वीडियो से संबधित अब तक कोई जानकारी ली गयी है और न ही आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गयी है। सूत्र बताते है कि पुलिस ने इस मामले में आरोपी फूलबदन के पुत्र संतोष सिह जो कि गांव के प्रधान है उनसे मोटी रकम लेकर मामले को ठंडे बस्ते मे डाल दिया है। सूत्रो के इस बात में कितनी सच्चाई है यह जांच का विषय है।

# शासन ने पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए की होम स्टे नीति जारीः डीएम

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय एवं सुरक्षात्मक आवासीय सुविधा उपलब्ध कराएं जाने, सेवा मानकों में सुधार और आवास विकल्पों में वृद्धि कर पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने, राज्य की अर्थव्यवस्था के बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ आय और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न किए जाने के उद्देश्य से उ.प्र. शासन द्वारा उत्तर प्रदेश बेड एण्ड ब्रेकफास्ट (बी एण्ड बी) एवं होमस्टे नीति- 2025 जारी की गई है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि प्रदेश में स्थापित अनुमन्य होमस्टे एवं बी एण्ड बी इकाइयों को इस नीति में सम्बन्धित स्थानीय निकायों हुए नियमानुसार संचालन किये जाने की व्यवस्था का सरलीकरण किये जाने के लिए होमस्टे एवं बी एण्ड बी नीति-2025 तैयार की गई है तथा इसके साथ साथ नए होमस्टे एवं बी एण्ड बी इकाइयों को विभिन्न वित्तीय प्रोत्साहन एवं अनुदान प्रदान किये जाने की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि इस नीति के लागू होने के उपरान्त प्रदेश के सभी होमस्टे/बी एण्ड बी/रूरल होमस्टे इकाइयों के स्वामियों को इस नीति में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। वर्तमान में संचालित इकाइयों को नीति जारी होने की तारीख से पंजीयन प्रक्रिया को पूर्ण किये जाने के लिए 01 वर्ष/12 माह का समय प्रदान किया जाएगा, जिसके उपरान्त पंजीकरण प्रमाण-पत्र के अभाव में संचालन की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने पंजीयन की प्रक्रिया कि जानकारी देते हुए बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर उनकी समीक्षा की जाएगी तथा उपयुक्त पाये जाने पर सम्बन्धी जनपद कार्यालय को ऑनलाइन प्रेषित कर दिया जाएगा। जनपद कार्यालय द्वारा गठित समिति के माध्यम से इकाई का भौतिक निरीक्षण/परीक्षण किया जाएगा इकाई के पंजीयन किये जाने के लिए अपनी आख्या पर्यटन निदेशालय को उपलब्ध कराई जाएगी। योजना की विस्तृत जानकारी के लिए पर्यटन कार्यालय मुरादाबाद एंव विभाग की ईमेल पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

## एसपी ने कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**ललितपुर।** एसपी मो.मुश्ताक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण कर प्रधान लिपिक, डीसीआरबी, आंकिक आदि शाखाओं का निरीक्षण कर अभिलेखों, रजिस्टरों एवं अन्य दस्तावेजों का गहनता से अवलोकन कर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय की कार्यप्रणाली में और अधिक पारदर्शिता एवं दक्षता लाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अभिलेखों के सही रख-रखाव, समयबद्ध प्रविष्टि तथा रिकॉर्ड की नियमित जांच पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कार्यालय की साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने की भी सराहना की एवं सतत सुधार की प्रक्रिया को अपनाने के निर्देश दिए।

संक्षेप

## दो बाइक आपस में टकराईं,चार घायल

सिधौली सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर मंगलवार सांयकाल भण्डिया गांव के निकट दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ग्राम ब्रा, थाना थानगांव सीतापुर निवासी शिवपाल 24 वर्ष पुत्र रामनरेश, उनकी पत्नी रिंकी 22 वर्ष, पुत्र सुमित 6 वर्ष और पिता रामनरेश 65 वर्ष मोटर साइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से भिड़ंत हो गई। टक्कर में चारों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिधौली पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि दूसरी मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति दुर्घटना के बाद अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

फतेहपुर चौरासी। क्षेत्र के गांव कोरट गंज शिवपुरी में बुधवार को सुबह एक व्यक्ति की हालत बिगड़ गयी। परिजन सी एच सी बांगरमऊ ले गए, जहां चिकत्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सी एच सी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव के राजू के पुत्र प्रमोद का परिजनों से भूमि सम्बन्धी विवाद चल रहा था जिस पर बुधवार को पिता पुत्र और भाइयों से कहासुनी हो गई जिसमें प्रमोद की हालत बिगड़ गई जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसको मृत घोषित कर दिया गया। पत्नी ने पिता और भाई पर मारपीट का आरोप लगाया है, वहीं ग्रामीणों में हार्ट अटैक की चर्चा है। मृतक की पत्नी पम्मी ने आरोप लगाया है कि पति की मौत, मृतक के पिता व भाई की मारपीट से हुई है। मृतक पांच भाइयों में दूसरे नम्बर पर था। दो बेटी दो बेटे हैं। प्रमोद की मौत से मां, पत्नी, बेटी, और बेटे रो रोकर बेहाल हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## ब्लॉक सभागार में सवर्ण सेना भारत की हुई बैठक

साण्डा (सीतापुर)। ब्लाक सकरन में सवर्ण सेना भारत की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। रविवार को विकासखण्ड सकरन के ब्लॉक सभागार में सवर्ण सेना भारत की बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक अमित मिश्रा, राष्ट्रीय प्रवक्ता शिवम पांडे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर समरेंद्र सिंह, प्रदेश महासचिव दीपांशु दीक्षित, जिला महासचिव कपिल श्रीवास्तव सीतापुर के साथ मोहित मिश्रा, कमलाकांत अवस्थी, विवेक, अरविंद शुक्ला, जितेंद्र मिश्रा, आयुष मिश्रा, अनूप सिंह, ज्ञानू सिंह, कृष्ण स्वरूप शुक्ला, रविंद्र मिश्रा, नीरज तिवारी, सुनील तिवारी, सोनू तिवारी, बृजेश द्विवेदी, हिमांशु मिश्रा, श्याम किशोर मिश्रा, लक्ष्मण मिश्रा, मोनू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## तहसील में तैनात सात लेखपालों का स्थानांतरण

पाटन उन्नाव। तहसील बीघापुर में तैनात सात लेखपालों का स्थानांतरण अन्य तहसीलों के लिए कर दिया गया है। स्थानांतरित होने वालों में संदीप कुमार, संतोष कुमार साहू, राजेश कुमार, संजय कुमार, सूर्यकांत, पंकज कुमार और उदयभान सिंह शामिल हैं। स्थानांतरण आदेश जारी होते ही तहसील परिसर में इसकी चर्चा शुरू हो गई ।विभागीय सूत्रों के मुताबिक यह तबादला प्रशासनिक संतुलन बनाए रखने और राजस्व कार्यों को सुचारु ढंग से चलाने के उद्देश्य से किया गया है। कुछ लेखपालों की तैनाती पड़ोसी तहसीलों में की गई है, जबकि कुछ को दूरस्थ क्षेत्रों में भेजा गया है।इधर,बीघापुर तहसील में नए लेखपालों ने कार्यभार संभाल लिया है।हसनगंज तहसील से आए सोनू कुमार और सुनील कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है।वहीं बांगरमऊ तहसील से स्थानांतरित होकर आए तनवीर अहमद ने भी बीघापुर में कार्यभार संभाला। नए लेखपालों की तैनाती से राजस्व कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। लेखपाल सरकारी योजनाओं को लागू कराने और राजस्व मामलों के निस्तारण में अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में जहां स्थानांतरित लेखपालों की सेवाओं को लोग याद कर रहे हैं, वहीं नए लेखपालों से निष्पक्ष और त्वरित कार्यवाही की अपेक्षा कर रहे हैं।

# विद्यालय की बाउण्ड्रीवाल टूटी, आवारा पशुओं का लगता है जमावड़ा



जिला संवाददाता(vol)

परसेण्डी (सीतापुर)। कंपोजिट विद्यालय तालगांव की बाउंड्री वॉल टूटने से बच्चे असुरक्षित परसेंडी विकास क्षेत्र परसेंडी के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय तालगांव में विद्यालय की बाउंड्री वॉल टूट जाने के कारण विद्यालय में आवारा पशु झुंड के झुंड विद्यालय परिसर में विद्यालय के बाद एवं समय में घूमते हैं। जिस किसी भी समय छात्र एवं अध्यापक असुरक्षित रहते हैं। जिससे अभिभावकों में भी काफी नाराजगी जताई है। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद अहमद से हुई तो उन्होंने बताया विगत कई महीनों से बाउंड्री वॉल टूटी हुई है। जिससे शिक्षक एवं छात्र में असुरक्षित रहती हैं और आवारा पशु भी विद्यालय के अंदर बने रहते हैं।

ग्रामीणों ने बताया विद्यालय के बगल से ही सीतापुर से जीतामऊ जाने वाली रोड भी निकली हुई है एवं ताल गांव झील भी बगल में जिससे किसी भी समय जन हानि होने की चिंता बनी रहती है। विद्यालय में महिला शिक्षिका भी कार्यरत अभिभावकों ने जनहित के समस्या का तत्काल समाधान कराने बाउंड्री वॉल का तत्काल निर्माण कराया जाने की मांग की है। गांव के प्रधान ईरम कौशर ग्राम प्रधान हैं।

## टैबलेट पाकर छात्र छात्राओं के खिले चेहरे

जिला संवाददाता(vol)



मौरावां। हिलौली के गांव तिसन्धा स्थित माँ सिद्धेश्वरी महाविद्यालय में टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हिलौली ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित का महाविद्यालय संचालक अमित कुमार शुक्ला माल्यार्पण कर स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि सरकार सजग हैं। मौजूदा सरकार में युवाओं को बेहतर रोजगार और पारदर्शिता में भर्तियां हो रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद 100 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। टैबलेट पाकर जूली यादव, कंचन, काजल रावत, जीवन कुमार, कल्पना, कीर्ति, कोमल, अंकित रावत, देवेंद्र कुमार तिवारी, महेंद्र, जीतू टैबलेट पाकर चेहरे खिले। इस दौरान ब्लाक प्रमुख ने छात्र-छात्राओं से कहा कि टैबलेट का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार युवा वर्ग को स्वावलंबी बनने के लिए टैबलेट दे रही हैं। इसकी सहायता से छात्र छात्राएं अपना जीवन संवार रही हैं। शिक्षा के साथ वह खुद को रोजगार और नौकरी में भी अपना भविष्य गढ़ रहे हैं। महाविद्यालय के संचालक अमित कुमार शुक्ला कहा कि सरकार सभी छात्र छात्राओं के प्रति जागरूक है। उन्होंने कहा कि सरकार का शैक्षिक गुणवत्ता, पठन-पाठन का माहौल, तकनीकी दक्षता, डिजिटल लर्निंग, वोकेशनल शिक्षा को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य हैं। इस अवसर पर इंजीनियर सुरेश प्रकाश चौधरी, गोवर्धन प्रसाद मिश्रा,सुधांशू शुक्ला, इंजीनियर अनूप कुमार शुक्ला,मनोज मिश्रा, कंचन बाजपेई, उमेश विश्वकर्मा, पिंकी शर्मा, संगीता सिंह, शीला सिंह, दीपक भारती सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। महाविद्यालय संचालक अमित कुमार शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## धूमधाम से हुआ गजानन महाराज का विसर्जन

उन्नाव। गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जय घोष के साथ गाजे बाजे ढोल नगाड़ों के बीच हजारों की संख्या में थिरकते युवा, महिला, पुरुष के जनसमूह ने नगर में चल रहे सात दिवसीय पूजा अर्चना का शुभारंभ किया गया। शहर के लोक नगर स्थित कपिल मिश्रा के आवास पर बुधवार को गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया।



हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कपिल मिश्रा ने भगवान श्री गणेश जी का पूजन करते हुए सभी के कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित परिवार के बड़े बुजुर्गों एवं माताओं बहनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगलवार को गजानन महाराज की पूजा अर्चना के बाद गंगा नदी में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया। विसर्जन के दौरान गणेश भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना के नारे लगाए। इस दौरान कपिल मिश्रा चंद्र शेखर मिश्रा, ऋषिकेश मिश्र, शांति देवी, मंजू, मानसी मिश्र, रोली बाजपेई, दीपेंद्र लेखपाल व चंदन लेखपाल, सुमित तथा महिलाएं व बच्चे आदि गणेश भक्त मौजूद रहे।

## सिधौली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

सिधौली (सीतापुर)। आगामी बारहवफात त्यौहार को शांति व सौहार्दपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहार को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाया जाए। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में नगर के गणमान्य लोग, समाजसेवी और मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। हाजी जलीस संसारी, मोहम्मद राशिद, सानू, जिया-उल-हक, मोहम्मद इकराम, सैयद अहमद, नौशाद अली, फजल अहमद, नफीस सिद्दीकी, सरताज खान, अमन अहमद समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि त्योहार शांति और सौहार्द से मनाया जाएगा। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि त्यौहारों पर शांति बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करें। बैठक के अंत में सभी ने मिलकर त्यौहार को शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया।



## सशक्त भारत की पहचान बनेगी मेधाः ऊषा



सीतापुर। जेएलएमडीजे इण्टर कॉलेज खैराबाद में बुधवार का दिन कुछ खास रहा। कॉलेज का होनहार छात्र विशेष पुरूस्कार से नवाजा गया। इसी विद्यालय के प्रवक्ता रहे स्व. गिरीश चन्द्र मिश्र की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी ऊषा मिश्रा एवं सुपुत्र आशीष मिश्रा गीतू ने वर्ष 2024-25 हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी विषय में सर्वाधिक 89 अंक लाने वाले अभिषेक कुमार मिश्र को पाँच हजार रुपए नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अतिथियों ने खैराबाद के मिजार्पुर, अशरफपुर के रहने वाले अभिषेक कुमार मिश्र के पिता भुवनेश कुमार मिश्र की हौसला आफजाई की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ऊषा मिश्रा ने कहा कि भारत सर्वाधिक युवाओं का देश है। यहाँ की मेधा सशक्त भारत की पहचान बन रही है। उन्होंने कहा कि मेरे पति स्व.गिरीश चन्द्र मिश्रा ने सम्पूर्ण जीवन जेएलएमडीजे इण्टर कॉलेज में प्रवक्ता रहते हुए गरीब व बेसहारा छात्रो को आगे बढ़ाया है। उन्ही की सोंच को जीवन्त रखने के लिये मेरा परिवार इस तरह के आयोजन विगत दस वर्षो से करता आ रहा है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्व.गिरीश चन्द्र मिश्र के पुत्र आशीष मिश्रा गीतू ने बताया कि उनके पिता को भारत रत्न तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पाप्चजन्य नचिकेता पुरस्कार से 23 मार्च 2001 को सम्मानित किया था। अपने सफल सम्पादकीय कार्यों के साथ ही 1959 से 1988 तक डीजे कॉलेज खैराबाद में अंग्रेजी प्रवक्ता के रूप में शिक्षण कार्य किया। इस बार छात्र के साथ ही अंग्रेजी विषय के अध्यापक शिवमूर्ति का सम्मान हुआ। यह सम्मान विद्यालय के छात्र रहें स्व.सूरज प्रसाद त्रिपाठी के नाम पर उनके पुत्रद्वय भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी व सूरज त्रिपाठी मेडिकल स्टोर के संचालक पंकज त्रिपाठी के द्वारा अंग्रेजी अध्यापक को स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया।

## ग्रामीणों को धक्का देकर मौके से गौकश फरार

मौरावां। थाना क्षेत्र में इस समय गोकशी करने वालों की चहल कदमी बढ़ गई है। हिलौली ब्लाक के गांव महारानी खेड़ा गौशाला के पास गोकशी करने वाले चार गायों को साथ में ले जा रहे थे। तभी गांव के लड़कों ने रात में रोका और पूछा कि आप गायों को कहां ले जा रहे हो उल्टा गोकसी वालो ने धमकी दी कि आपको मौरावां में देख लेंगे। धमकी से ग्रामीण डर गये जिससे पुलिस के पहुंचने से पहले ही गोकश भाग निकले।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मौरावां थाना क्षेत्र के महारानी खेड़ा गौशाला के पास से गौकशी के लिए ले जा रहे चार गायों को ग्रामीणों ने रोका और इसकी जानकारी पुलिस को दिया। परन्तु गोकश ग्रामीणों को धमकी देते हुए पुलिस के पहुंचने से पहले भाग निकले। वहीं सूत्र बताते हैं कि इससे पहले भी पुलिस को कई बार जानकारी दी गई मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में पुलिसिया कार्रवाई पर संदेह उत्पन्न होता है। सूत्रों ने यह भी बताया कि जब समय पर पुलिस को बताया गया कि वहां पर गांव वालों ने पकड़ के रखा हुआ है फिर भी पुलिस लगभग आधा घंटे बाद पहुंचती है। तब तक गांव से गोकशी करने वाले धमकी देते हुए भाग चुके थे। ग्रामीणों ने सरकारी व्यवस्था पर सवाल खडे करते हुए कहा जब यहां पर यह हाल है स्थानीय पुलिस का तो कैसे मौरावां क्षेत्र सुरक्षित रहेगा। जहां सूचना पर देरी से पुलिस पहुंचती है। दारोगा को लगातार जानकारी दी गई उन्होने आश्वासन दिया कि गिरफ्तार कर लेंगे मगर गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई। गोकशी करने वालो के उपर कार्रवाई करने में स्थानीय पुलिस हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। ग्रामीणों में अंकित शर्मा, अखिलेश, शिवकुमार, करन, छोटू मुकेश, मौला आदि मौके पर रहे, जबकि इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी पुरवा से जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि कार्यवाही होगी।

## खंड विकास अधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी को सम्मानित किया

पुरवा। विकासखंड सभागार मे राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान ( आर जी एस ए ) के अंतर्गत प्रधान एवं सचिव हेतु विकास खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जहाँ मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचें खंड विकास अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव सहायक विकास अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए ग्राम सचिव अनिल पटेल सफाई कर्मचारी अध्यक्ष रजनीश छूलामऊ ग्राम प्रधान संदीप चैधरी नाथी खेड़ा पंचायत सहायक अंशुल बघेल को महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। खंड विकास अधिकारी ने कहां कि ये सम्मान किसी को भी मिलेगा लेकिन उसको अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से करना होंगा। सभी कर्मचारियों ने अधिकारियों का धन्यवाद किया।



## एलटी लाइन हटाये जाने के संबंध में बैठक

सीतापुर। जनपद में संचालित परिषदीय के ऊपर से जा रही हाईटेंशन एल.टी.लाइन हटाये जाने के सम्बन्ध में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विकास खण्डों से प्राप्त सूचनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शिफ्टिंग का कार्य नियमानुसार निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाय। सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रेषित की गयी सूचनाओं के संबंध में प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विद्युत आपूर्ति की स्थिति, विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति एवं विद्युत आपूर्ति में आ रही समस्याओं आदि की समीक्षा की।

## नवनिर्मित टीन शेड का विधायक ने किया शुभारंभ



सफीपुर, उन्नाव। तहसील परिसर में विधायक निधि से नव निर्मित टीन सेड का एसडीएम एवं बार एसोसिएशन अध्यक्ष की मौजूदगी में शुभारंभ किया। भाजपा विधायक बंबालाल दिवाकर ने उप जिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा, अधिवक्ता संघ के तहसील अध्यक्ष राम खेलावन एडवोकेट महामंत्री संजीव शुक्ला एडवोकेट सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओं की उपस्थिति में बुधवार को शुभारंभ करते हुए अधिवक्ताओं को समर्पित कर बार भवन में सभी अधिवक्ताओं के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान विधायक बंबा लाल दिवाकर ने कहा भाजपा सरकार सबका विकास, सबका विश्वास की तर्ज पर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रात दिन प्रदेश की चालीस करोड़ की जनता के विषय में सोचते रहते है। इस मौके पर अभिषेक गौड़ लाले, श्याम सुंदर यादव, चेयरमैन प्रतिनिधि ऊगू अनुज दीक्षित, नेहरू गौड़, विवेक सिंह, विजय गौड़ आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार डंपर ने स्कूल से लौट रहे मासूम को रौंदा, मां घायल

उन्नाव। बुधवार को एक सड़क हादसे में 6 वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। गंगाघाट थाना क्षेत्र के गांव देवारा की रहने वाली संगीता रोज की तरह अपने बेटे आदित्य को स्कूटी में बिठाकर स्कूल से लेकर घर वापस लौट रही थीं। मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में कक्षा-1 के छात्र आदित्य चैधरी की मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटी चला रही मां संगीता घायल हो गई। उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया।

दुर्घटना की सूचना पर मृतक के पिता जितेंद्र कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे। इधर, घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर जमा होकर जाम लगा दिया। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना था कि तेज रफ्तार डंपरों की आवाजाही से लगातार हादसे हो रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि लापरवाह डंपर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### प्रशासनिक उदासीनता में चली गयी मासूम की जान

बता दें कि ग्रामीणों ने साफ तौर पर कहा कि इस क्षेत्र में अवैध खनन के चलते ग्रामीणा क्षेत्रों में डंफर की आवाजाही दिनरात बनी रहती है। लेकिन इसके बावजूद प्रशासन स्तर पर इस समस्या को हल्के में लिया गया। अगर पहले ही अवैध रुप से खनन करने वाले डंफर पर गंभीर कार्यवाही हो रही होती तो शायद एक परिवार को अपना बेटा न खोना पडता। अक्सर अखबारों में अवैध खनन व इंट्री के काले कारोबार को लेकर समाचार सुर्खियों में आए लेकिन अधिकारियों की निरंकुशता के चलते एसी कमरे में ही ड्यूटी देते रहे। इधर सडको पर बेखौफ होकर डंफर फरार्टा भरते नजर आए। लेकिन किसी के कानों में जू नही रेंगी। हर बार की तरह हादसे के बाद आशूं पोछने जिम्मेदार पहुंच गए।

## केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट का हुआ प्रशिक्षण

सीतापुर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 को सुचितापूर्ण, सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 आगामी 6 व 7 सितम्बर, 2025 को प्रत्येक दिन दो पालियों में ( कुल 4 पालियों में ) जनपद के 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए जनपद में कुल 21600 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। ?प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी को निर्देश दिए कि वह परीक्षा के सम्बन्ध में उपलब्ध कराई गयी बुकलेट में दिए गए दिशा निर्देशों एवं परीक्षा प्रक्रिया का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा निर्धारित ड्यूटी स्थल पर समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्यूटी में तैनात किये जाने वाले सभी कक्ष निरीक्षकों का बेहतर प्रशिक्षण सुनिश्चित कराया जाये। परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। प्रवेश के समय परीक्षार्थियों नियमानुसार जांच की जाये। परीक्षा कक्षों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाये। परीक्षार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक प्रबन्ध भी सुनिश्चित किए जाये।

# राकेश की मौत जंगली जानवर के हमले से नहीं हुई

## वन विभाग ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

सीतापुर। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल ने बताया कि सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सीतापुर के महोली रेंज के अंतर्गत ग्राम बसारा निवासी किसान राकेश वर्मा आयु 50 वर्ष का शव उनके खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने की सूचना प्राप्त हुई।

सूचना मिलते ही वन विभाग, स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और आवश्यक जाँच प्रारम्भ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सीतापुर द्वारा 29 अगस्त को दोपहर लगभग 3 बजे स्वयं घटनास्थल का दौरा किया गया। घटनास्थल का निकट से निरीक्षण करते हुए पाया गया कि मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार के पंजे, दांत, नाखून या जंगली जानवर के हमले के निशान मौजूद नहीं थे। शव पर न तो गहरे घाव थे और न ही खरोंच के ऐसे साक्ष्य थे जो बाघ या किसी अन्य जंगली जानवर के हमले की पुष्टि करते हों।

जिला चिकित्सालय में 30 अगस्त को मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि मृत्यु का कारण बाघ अथवा किसी अन्य जंगली जानवर का हमला नहीं है, बल्कि मृत्यु अन्य चिकित्सीय कारणों से हुई प्रतीत होती है। घटना के पश्चात वन विभाग की टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र में कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। इस दौरान किसी भी प्रकार के पगमार्क, बाल, खून के धब्बे या जंगली जानवर की गतिविधियों के प्रमाण नहीं मिले। क्षेत्र की और अधिक सटीक निगरानी हेतु वन विभाग ने घटनास्थल के आसपास दो कैमरा ट्रैप भी स्थापित किए हैं। अब तक की निगरानी में किसी भी बाघ या अन्य जंगली जानवर की उपस्थिति दर्ज नहीं की गई है। ग्रामीणों को वन विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा तथ्यों की जानकारी देते हुए यह समझाया गया कि मृत्यु का कारण जंगली जानवर का हमला नहीं है। साथ ही, उन्हें अफवाह न फैलाने की अपील की गई। एहतियात के तौर पर वन विभाग द्वारा क्षेत्र में संयुक्त पुलिस-वन विभाग गश्त भी बढ़ाई गई है। प्रभाग के अंतर्गत किसी प्रकार की मानव-वन्यजीव संघर्ष व जनहानि को रोकने हेतु वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र ग्राम नरनी, ब्रहमावली, पसगवां, रघुवर दयालपुर, कोल्हापुर एवं कटघरा में बाघ की गतिविधियों पर निगरानी के लिए 07 टीमों द्वारा ट्रैप कैमरे स्थापित किए गए हैं तथा ड्रोन कैमरे से प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है। वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में हिंसक वन्यजीवों के पगचिह्नों की जांच एवं सघन कॉम्बिंग का कार्य 24 घंटे किया जा रहा है। लाउडस्पीकर का उपयोग कर आसपास के क्षेत्र में हिंसक वन्यजीव के हमले से बचाव व सुरक्षा हेतु आम जनमानस को सचेत जागरूक किया जा रहा है तथा हैंडबिल और पम्पलेट वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र की स्थिति पूरी तरह सामान्य है। घटनास्थल पर बाघ की उपस्थिति का कोई प्रमाण नहीं है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं विभागीय निरीक्षण से यह स्पष्ट रूप से सिद्ध हो गया है कि किसान राकेश वर्मा की मृत्यु जंगली जानवर के हमले से नहीं हुई। वन विभाग की टीम क्षेत्र में सतत निगरानी कर रही है और किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

## पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक

पाटन, उन्नाव। पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर बीघापुर तहसील सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसडीएम ने कहा कि सुपरवाइजर यह सुनिश्चित करें कि बीएलओ गांव-गांव जाकर घर-घर सर्वेक्षण कार्य पूरी जिम्मेदारी से करें। उन्होंने नामित नोडल अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भी हिदायत दी कि वे प्रत्येक सप्ताह बैठक कर दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करें।बैठक में मौजूद खंड विकास अधिकारी,खंड शिक्षा अधिकारी और नायब तहसीलदार ने भी सुपरवाइजरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराना हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## सरस्वती मेडिकल कालेज परिसर में अस्थायी पुलिस बूथ का निर्माण

जिला संवाददाता(vol)

सोहरामऊ, उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज परिसर में एक अस्थायी पुलिस बूथ का निर्माण जनहित एवं विधि व्यवस्था की सुदृढ़ता के उद्देश्य से किया गया।

इस पहल को जनपद के पुलिस अधीक्षक एस.पी दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में मूर्त रूप प्रदान किया गया। लोकार्पण समारोह दीपक भूकर ने दीप प्रज्वलन कर सरस्वती मेडिकल कालेज प्रांगण में नवनिर्मित पुलिस बूथ भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती मेडिकल कॉलेज ने लोकहित एवं क्षेत्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत सराहनीय योगदान दिया है। उन्होंने कॉलेज प्रशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह भवन सच्चे सेवा भाव का प्रतीक बने और इसे थाना क्षेत्र की संबंधित चैकी के रूप में क्रियाशील किया जाएगा एवं तत्काल प्रभाव से उपनिरीक्षक कृष्ण मोहन मिश्रा को चौकी प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि इस स्थायी पुलिस बूथ से न केवल कॉलेज परिसर बल्कि आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने, राजमार्ग पर अपराधों एवं अनैतिक गतिविधियों को नियंत्रित करने में भी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर कॉलेज प्रशासन की ओर से अखिलेश मौर्य ने पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जनपद पुलिस हेल्थ कार्ड प्रदान करने की सुविधा उपलब्ध होने के बारे में अवगत कराया। बताया कि सभी जनपद की पुलिस कर्मियों कों सरस्वती मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सकेगी। इस सुविधा पर पुलिस अधीक्षक ने कॉलेज प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद्र, क्षेत्राधिकारी हसनगंज अरविंद कुमार चौरसिया, प्रभारी निरीक्षक सोहरामऊ संदीप शुक्ला सहित अनेक पुलिस अधिकारी एवं सेवानिवृत्त पुलिस उप महानिरीक्षक गुलाब सिंह, सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी विनोद सिंह, सेवानिवृत्त प्रभारी निरीक्षक एस.के. सिंह, प्रभाकर सिंह, प्रियांशु श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, कमलदीप वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# अमरीका को संदेश

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप द्विपक्षीय कारोबार में टैरिफ को बम की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। उनकी टैरिफ नीति से पूरी दुनिया हलकान है। जापान, इंग्लैंड और यूरोपीय यूनियन ट्रंप की टैरिफ नीति के खिलाफ होते हुए भी विरोध नहीं कर पाये। ऐसे में यह जरूरी था कि बड़े और मजबूत देश सामने आयें और अमरीका को उचित संदेश दें। एससीओ के मंच से यह बखूबी हुआ। अमरीका के एकतरफा टैरिफ को गैर कानूनी बताकर संदेश दिया गया। पीएम मोदी ने अमरीका और राष्ट्रपति ट्रंप का नाम नहीं लिया, लेकिन संरक्षणवाद और एकाधिकारवाद के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने इनके खात्मे की बात कही, क्योंकि वैश्विक, लोकतांत्रिक, कूटनीतिक व्यवस्था में ये उचित नहीं हैं। यकीनन प्रधानमंत्री मोदी का संदेश व्हाइट हाउस तक पहुंच गया होगा, क्योंकि प्रधानमंत्री ने अमरीका की नीतियों पर कड़े प्रहार किए थे। इसके अलावा, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि अमरीका को शीत युद्ध वाली मानसिकता छोड़ देनी चाहिए। अमरीका दूसरे देशों को धमकाना भी छोड़ दे। विश्व के परिदृश्य और समीकरण बदल रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण दृश्य मोदी, पुतिन, जिनपिंग की मुलाकात का रहा, जिसे क्रेमलिन और बीजिंग ने भी जारी किया। भारत के टीवी चैनलों पर सुबह के प्रसारण में यह वीडियो छाया रहा। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की द्विपक्षीय वार्ता भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि मोदी, पुतिन, जिनपिंग की मुलाकात संक्षिप्त थी, लेकिन व्हाइट हाउस को चौंका दिया गया। बेशक भारत और रूस कई दशक पुराने मित्र देश हैं, लेकिन भारत-चीन के संबंधों में कई विरोधाभास और विश्वासघात हैं। इसके बाद भी एससीओ के मंच पर तीन शीर्ष नेताओं का आना बहुत कुछ कहता है। हालांकि 50-52 साल के राजनय का अनुभव रखने वाले कूटनीतिज्ञों का मानना है कि एससीओ कभी भी नाटो का विकल्प नहीं हो सकता। नाटो में कई बड़े देश शामिल हैं और उसे अमरीका जैसी महाशक्ति का समर्थन भी हासिल है। नाटो का संकल्प है कि यदि एक सदस्य-देश पर हमला हुआ, तो उसका प्रतिकार सभी नाटो देश लेंगे। सभी सदस्य-देश युद्ध में कूद पड़ेंगे। नाटो के देश आपस में कई सूचनाएं (खुफिया भी) साझा करते हैं। आर्थिक और सामाजिक रूप से भी जुड़े रहते हैं, लेकिन एससीओ में भारत, रूस, चीन के अलावा अधिकांश देश छोटे और विकासशील हैं। कुछ देश गरीब भी हैं, जिनकी जिंदगी कर्ज के भरोसे है। एससीओ में ऐसा कोई साझा संकल्प पारित नहीं किया गया है, जैसा नाटो के देशों ने पारित किया है। राजनयिकों का मानना है कि यदि भारत, रूस, चीन का एक 'ईमानदार त्रिकोण' बनता है, तो वह अमरीका के लिए वाकई गंभीर चुनौती होगा, लेकिन इन देशों को हकीकत में संबंधों को बदलते और प्रगाढ़ होते दिखाना होगा। फिलहाल इससे कोई बड़ी उम्मीद नहीं करनी चाहिए। लेकिन बेहद आश्चर्यजनक रहा, जब चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद का विरोध किया। उन्होंने आतंकवाद का तीन बार उल्लेख किया और 5000 जवानों का ह्यआतंकवाद निरोधी दस्ता तैयार करने की पेशकश की। प्रधानमंत्री मोदी ने भी 7 बार आतंकवाद और उसके प्रायोजकों का जिक्र करते हुए कहा कि इसे स्वीकार नहीं करना चाहिए। एससीओ के सदस्य देशों के बीच भारी टकराव है। भारत और चीन, भारत-पाकिस्तान, अजरबैजान-आर्मेनिया आदि में गंभीर टकराव है। ऐसे में एससीओ से भारत को कुछ खास उम्मीद नहीं करनी चाहिए। लेकिन अमरीका की टैरिफ नीति चीन, भारत और रूस सभी के खिलाफ है। ऐसे में इस साझा चिंता के प्रति अगर तीनों देश एकजुटता दिखाते हैं, तो अमरीका गंभीर चुनौती मिल सकती है।



ट्रंप की टैरिफ नीति सभी को परेशान करती है। इस साझा चिंता के खिलाफ भारत, रूस चीन को एकजुट होना चाहिए।

विचार

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़ कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

-संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

-कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

# भारतीयों पर दुनिया में बढ़ते नस्लवादी हमले

**नरेन्द्र शर्मा**



डबलिन उपनगर में 19 जुलाई 2025 को एक 40-वर्षीय भारतीय पुरुष पर बुरी तरह से हमला हुआ। हमलावरों ने इस मारपीट का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। भारतीय मूल के 42-वर्षीय टैक्सी ड्राइवर लखवीर सिंह ने जब 1 अगस्त को डबलिन उपनगर में दो व्यक्तियों को ड्राप किया तो उन्होंने उस पर हमला बोल दिया। भागते हुए संदिग्ध चिल्लाये 'अपने देश वापस जाओ'। एक छह साल की भारतीय मूल की लड़की पर 4 अगस्त को 8 व 14 वर्ष के बच्चों के समूह ने वाटरफोर्ड शहर में हमला किया। हमलावरों ने बच्ची के चेहरे पर घूंसे बरसाये, उसके बाल खींचे और उसके गुप्तांगों पर साइकिल से टक्कर मारकर उससे कहा, 'गंदी भारतीय, वापस इंडिया जाओ।' डबलिन में भारतीय मूल के एक होटल शेफ लक्ष्मण दास 6 अगस्त को जब काम पर जा रहे थे, तो उन पर तीन संदिग्धों ने हमला किया और उनका फोन, क्रेडिट कार्ड्स व इलेक्ट्रिक बाइक लेकर फरार हो गये।

भारतीय समुदाय ने इनके अलावा भी हाल के दिनों में अन्य हमलों को रिपोर्ट किया है। डबलिन में भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी की है, 'हाल ही में आयरलैंड में भारतीय नागरिकों के विरुद्ध मारपीट की घटनाओं में वृद्धि हुई है... सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वह अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए उचित सावधानी बरतें और एकांत स्थानों से बचें, विशेषकर असुविधाजनक समय पर।' आयरलैंड के न्याय मंत्री जिम ओ कैलाघन का कहना है, 'अधिकांश हमले युवा व्यक्तियों द्वारा किये गये प्रतीत होते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि इन पर जांच में जल्द प्रगति होगी।' अधिकारियों का कहना है कि हिंसा को सोशल मीडिया बढ़ावा दे रहा है और अधिकतर युवा किशोरों के समूह भारतीयों को निशाना बना रहे हैं, जबकि जुवेनाइल कानून की वजह से हमलावरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करना कठिन हो रहा है। गौरतलब है कि डबलिन में अप्रवासी विरोधी प्रदर्शन भी हो रहे हैं। लेकिन भारतीयों के खिलाफ नस्लवादी हिंसा व नफरत केवल आयरलैंड में ही नहीं बढ़ रही है। अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड आदि सभी जगह यही हाल है। अमेरिका में तो जब से डोनल्ड ट्रम्प दोबारा राष्ट्रपति बने हैं और उन्होंने मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) का नारा दिया है व अवैध अप्रवासियों को वापस भेजने का अभियान छेड़ा है, तब से यह समस्या अधिक चिंता जनक हो गई है। एक वीडियो वायरल है, जिसमें एक अमेरिकी भारतीय मूल के व्यक्ति को गालियां देते हुए कह रहा है, 'तुम मेरे देश में क्यों हो? मुझे तुम लोग पसंद नहीं हो, यहां पर। यहां पर तुम जैसे भारतीय बहुत अधिक हैं। तुम लोग सभी श्वेत देशों में बढ़ते ही जा रहे हो। मैं इससे तंग आ चुका हूं। अमेरिकी इस शि... से परेशान हैं। तुम वापस भारत जाओ।' इसी प्रकार की नस्लवादी भावनाएं भारतीयों के खिलाफ हर जगह बढ़ती जा रही हैं। भारत सरकार की एक जांच के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में एक साल में भारतीयों के खिलाफ 152 अपराध हुए, जिनमें से 23 नस्लवादी थे।

**विमर्श**

> अर्थशास्त्र के विख्यात प्रोफेसर निर्विकार सिंह, जो 'द अदर वन परसेंट इंडियंस इन अमेरिका' के सह-लेखक भी हैं, का कहना है कि भारत के मुद्दे भारतीय-अमेरिकियों के विरुद्ध हेट क्राइम के रूप में सामने आते हैं।

यह सब क्यों हो रहा है? अर्थशास्त्र के विख्यात प्रोफेसर निर्विकार सिंह, जो 'द अदर वन परसेंट इंडियंस इन अमेरिका' के सह-लेखक भी हैं, का कहना है कि भारत के मुद्दे भारतीय-अमेरिकियों के विरुद्ध हेट क्राइम के रूप में सामने आते हैं। उनके अनुसार, 'एक तरह से इस फेनोमेनन के स्वयं सभी नागरिक पीड़ित हैं, सिख, मुस्लिम या हिन्दू या किसी भी अन्य धर्म के। लोकतंत्र हमें अपने मतभेद अहिंसा व समता से हल करने का अवसर देता है, लेकिन हम बहुत अधिक हिंसा देख रहे हैं।' भारतीय अप्रवासियों को इस वजह से भी नस्लवाद व भेदभाव का सामना करना पड़ता है; क्योंकि वे सफल हैं, शिक्षित हैं व कड़ी मेहनत करने वाले प्रतीत होते हैं। इससे स्थानीय लोगों को ईर्ष्या होती है, जिसे राजनीतिक लोग अपने फायदे के लिए भुनाने का प्रयास करते हैं। बेरोजगारी की समस्या लगभग हर देश में है। इसका समाधान निकालने की बजाय अति दक्षिणपंथी राजनेताओं के लिए यह आसान रास्ता है कि अप्रवासियों, विशेषकर भारतीयों के विरुद्ध दुष्प्रचार किया जाये कि वे स्थानीय लोगों के रोजगार पर काबिज हो रहे हैं, इसलिए बेरोजगारी है। यह एजेंडा भारतीयों की संख्या में वृद्धि के कारण आसानी से गले उतर जाता है, हालांकि बेरोजगारी के कारण अनेक व जटिल हैं। अब अगर आयरलैंड की ही मिसाल ली जाये तो संयुक्त राष्ट्र के डाटा के अनुसार 2015 से 2024 तक यहां भारतीयों की संख्या लगभग तीन गुना अधिक हुई है। 2015 में आयरलैंड में 20,363 भारतीय थे, जो 2020 में बढ़कर 42,645 हो गये और 2024 में वे 70,228 थे। भारतीय मूल के लोग हेल्थकेयर व टेक से लेकर फाइनेंस व फार्मा तक में सक्रिय हैं और भारतीय मूल का एक व्यक्ति तो आयरलैंड का प्रधनमंत्री तक रहा है।

भारतीयों की दिलचस्पी आयरलैंड में सेल्टिक टाइगर बूम (1987 से 2007) के दौरान हुई जब वहां बहुत तेजी से आर्थिक प्रगति हुई थी। आयरलैंड ने जब 2015 में शिक्षा पूर्ण करने के बाद दो वर्ष का वर्क वीजा देना शुरू किया तो भारतीय छात्रों ने उस तरफ का रुख करना शुरू कर दिया और अंदाजा यह है कि इस समय भारतीय छात्रों की संख्या 10,000 है, जिनके लिए रोजगार की अच्छी संभावनाएं हैं; क्योंकि स्थानीय तौरपर स्किल्ड लोगों की कमी है। कम कारपोरेशन टैक्स के कारण बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की आयरलैंड में अच्छी संख्या है। एक अनुमान यह है कि इस समय आयरलैंड में लगभग 84,000 भारतीय मूल के लोग हैं, जिनमें से लगभग 34,000 पीआईओ और शेष एनआरआई हैं। इस समय भारतीय आयरलैंड में सबसे बड़ा देशज अल्पसंख्यक समूह हैं। इस वजह से उन पर यह आरोप लगने लगे हैं कि वह सभी मकान ले रहे हैं और राज्य लाभों पर ऐश कर रहे हैं। हालांकि आयरलैंड में अति दक्षिणपंथी (फार राइट) अल्पमत में हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर अप्रवासी विरोधी नफरत बहुत अधिक है, जो युवा किशोरों को भ्रमित कर रही है। डबलिन में नवम्बर 2023 में जो अप्रवासी विरोधी प्रदर्शन हुए थे, उनमें बसों को फूंका गया और दुकानों को लूटा गया। उस समय लियो वरदकर (जिनके पिता महाराष्ट्र से हैं) प्रधानमंत्री थे। हालांकि सभी पृष्ठभूमियों के अप्रवासियों के साथ मतभेद किया जाता है, उन पर हमले होते हैं, लेकिन हिंसा का एक्सक्लूसिव निशाना जुलाई 2025 से भारतीयों को ही बनाया जा रहा है। सभी हमले 18 साल से कम किशोरों की गैंग द्वारा किये गये हैं, जिनमें से कुछ तो मात्र 8 साल के हैं।

स्थानीय लोगों का अनुमान है कि हमलावर ऐसे घरों से संबंधित हैं, जहां मां-बाप अलग हो गये हैं और ड्रग्स का बहुत अधिक इस्तेमाल है। ये लोग मुख्यधारा समाज का हिस्सा नहीं हैं और इन्हें लगता है उनसे उनका हक छीन लिया गया है। चिल्ड्रन एक्ट 2001 में नाबालिगों की गिरफ्तारी को 'अंतिम विकल्प' बताया गया है, जिससे हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करना कठिन है। इस बीच भारतीय समुदाय इतना डरा हुआ है कि रात को घर से नहीं निकल रहा और पब्लिक ट्रांसपोर्ट से बच रहा है। जन्माष्टमी अपने परम्परागत स्थान से अलग जगह मनानी पड़ी और 15 अगस्त का 'इंडिया डे' जश्न स्थगित करना पड़ा। हालात सामान्य करने के लिए आयरलैंड में सोशल मीडिया के नफरती कंटेंट पर विराम लगाना आवश्यक है। लेकिन यह जरूरत तो भारत सहित सभी देशों में है।

**सोशल मीडिया**

तियांजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर राष्ट्रपति पुतिन के साथ एक उत्कृष्ट बैठक हुई, व्यापार उर्वरक अंतरिक्ष सुरक्षा, संस्कृति आदि में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। पीएम मोदी.



चीन से आने वाले गुड्स पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है। उसका बुरा असर हमारे उद्योगों दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम कारोबार पर पड़ रहा है। अखिलेश यादव.



समाजवाद केवल एक पुरानी स्मृति नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र, समानता के भविष्य का जरिया है, असमानता से जूझते भारत के लिए समाजवाद सबसे प्रासांगिक सपना आज भी है। योगेन्द्र यादव.



# वैचारिक चेतना

राजयोग की सभी साधनाओं के संबंध में यही बात है कि यहां क्रिया की अपेक्षा भावनाएं ज्यादा प्रधान होती हैं। यम-नियम जीवन के चिन्तन-चरित्र एवं आचरण में उतारने पड़ते हैं। आसन व्यायाम नहीं, वरन् आसन जमा कर बैठना है। रसोई भी आसन पर बैठकर की जाती है। बोलचाल की भाषा में किसी कार्य के लिए दृढ़तापूर्वक आरूढ़ होना भी आसन लगाना या आसन जमाना है। प्राणायाम प्राणवान बनने के लिए किया जाता है। प्राणवान अर्थात मनस्वी मनोबल सम्पन्न। इसी प्रकार प्रत्याहर को संघर्षशीलता कहते हैं। गीता में अर्जुन को जिस युद्ध के लिए प्रेरित किया गया है, वह वस्तुतः आत्मिक क्षेत्र का युद्ध है। मारकाट वाली लड़ाई के लिए गीता जैसे आत्मिक प्रवचन की आवश्यकता नहीं थी। वह प्रत्याहार ही है, जिसे गीतोक्त महाभारत नाम दिया गया है। यह धर्मक्षेत्र-कर्मक्षेत्र में लड़ा जाता है। संचित कुसंस्कारों एवं हेय प्रचलनों के आकर्षणों के दबावों को अस्वीकार करना ही प्रत्याहार है। अब तीन प्रयोग और शेष रहते हैं धारणा, ध्यान और समाधि। धारणा का तात्पर्य है- मान्यता, स्थापना, स्वीकृति निष्ठा। आदर्शों के विषय में यही तथ्य लागू होता है। आदर्शों को तर्क और तथ्य के आधर पर तो सहज ही स्वीकारा जा सकता है, पर जिस आदर्श को श्रद्धा, प्रज्ञा, निष्ठा के आधार पर हृदयांगम किया गया हो, फलित केवल वही होता है। आस्तिकता, आध्यात्मिता, धार्मिकता के त्रिविध आदर्श प्रमुख हैं। ईश्वर पर विश्वास आत्मक्षमता पर विश्वास, कर्तव्य कर्मों के दायित्व पर विश्वास इन तीनों के विश्वास को धारणा कहते हैं। यों साधारतया किन्हीं देवी-देवताओं, मंत्रों, गुरुजनों शास्त्रों, पंथों आदि पर विश्वास करना भी धारणा के अर्थ में प्रयुक्त होता है। एक शब्द में धारणा को विश्वास भी कह सकते हैं। ध्यान का तात्पर्य है-अभीष्ट निर्धारण का बार-बार चिन्तन करना। इससे मान्यता परिपक्व होती है। भूल हुई बातों का स्मरण भी ध्यान के आधार पर हो आता है। अपने आदर्श का, लक्ष्य का, निश्चय का बार-बार स्मरण करने से वह आस्था के रूप में परिणत हो जाता है। यों किसी चित्र का, मस्तिष्क का, व्यक्ति का, कल्पना-सपनों का इच्छानुसार ध्यान किया जाता है। नाद योग में शब्दों का, मेरुदण्ड में षटचक्रों का, मस्तिष्क में ब्रह्मकमल का, मूलाधार में कुण्डलिनी का ध्यान किया जा सकता है। मस्तिष्क में ब्रह्मग्रन्थि, हृदय में विष्णुग्रंथि, नाभि में रुद्रग्रंथि के ध्यान का विधान है। श्वास-प्रश्वास के समय सोहम ध्वनि की, ध्यान धारणा की जाती है। इसी प्रकार और भी योग सम्प्रदायों में कई-कई प्रकार के ध्यानों का निर्धारण है। विचार चेतना को केन्द्रीभूत करने की साधना है।

अंतर्दृष्टि

# ...और मैं चरित्रवान हो गया

व्यंग्यलोक

बचपन से ही मेरी चरित्रवान बनने की इच्छा थी। पिताजी ने मुझे शाखा में भी भेजा तथा स्वयं भी संस्कारों की सीख दी। उसका प्रभाव यह हुआ कि मैं लगभग चरित्रवान-सा बन गया था यानि मुझे मूल्यों से हटाना सरल नहीं था। मैं सिद्धान्तों पर अडिग रहता था। कई बार तो मेरी जिद के सामने बाद में पिताजी को भी दिक्कत होने लगी। उन्हें गुस्सा आता कि उन्होंने मुझे इतना जबरदस्त चरित्रवान क्यों बना दिया। वे कहते कि बेटा, थोड़ा व्यावहारिक बनने की भी आवश्यकता है। अन्यथा तुम्हें जीवन में भूखों मरने की नौबत आ सकती है। मैं कहता कि तो क्या हुआ, मूल्यों की रक्षा के लिए भूखों मर जाना भी श्रेष्ठ मानता हूँ। उन दिनों देश में भ्रष्टाचार का शुभारंभ हो चुका था। और राजनेता भ्रष्टाचार की होड़ लगा रहे थे। पिताजी ने मुझे अपने कमरे में बुलाया और कहा-बेटा! देख रहे हो देश की हालत क्या हो रही है? लोग इसे अपने चारों हाथ-पाँवों से लूट रहे हैं। मुझे एक पल गौर से देखो और अपने जीवन का रास्ता चुन लो। मैंने पिताजी को देखा-फटी धोती, तार-तार कुर्ता, टूटी चप्पलें तथा मोटे फ्रेम के चश्मे में वे भारतीय गरीब का पर्याय थे। मुझे लगा क्या ये इसी विपन्नता में मर जायेंगे। तभी चरित्र ने जोर मारा-जीवन में अपने सद्चरित्र से ही आदमी को अपनी जीविका चलानी चाहिए। जब पिताजी ने इस मूल्य को नहीं त्यागा तो मुझे इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। तभी मन का विरोधी बोला-भूखों मर जाओगे। जिन्दगी की रेस में बढ़ना है तो भ्रष्टाचार में लग जाओ। तभी पिताजी बोले-बेटा ! तुम्हारे भीतर जो द्वंद्व चल रहा है उसे मैं समझता हूँ, लेकिन प्रैक्टिकल हुए बिना नैया पार नहीं लगेगी। मैं चरित्र की अपनी सारी शिक्षायें विड्रा करता हूँ। हो सके तो इस घर को भुखमरी से निकाल लो। उनकी आँखों में आंसू भरे थे। उनकी चाह को मैं भली प्रकार से समझ सकता था। मैं बोला-यह आप क्या कह रहे हैं पिताजी। चरित्र और सिद्धान्त मेरी रग-रग में समा चुका है। अब इसे आसानी से विड्रा नहीं किया जा सकता। जब पेट ईमानदारी से भर सकता है तो बईमानी की क्या आवश्यकता है? बेटा! अकेले पेट का सवाल नहीं है, अब जरूरतें इतनी बढ़ गयी हैं कि उसके अनुसार तुम नहीं बन पाये तो मुझे दुःख होगा। हालांकि गलती मेरी ही है। लेकिन बेटा पहले का जमाना वही था। नये जमाने को और नये मूल्यों को समझने की आवश्यकता है। मैं नहीं चाहता कि तुम भी मेरी ही तरह घुट-घुट कर मरो। चरित्र समय की आवश्यकता नहीं है। मैं आपका आशय समझ नहीं पा रहा? अभी समझाता हूँ बेटा। देखो चुनाव नजदीक है-मैं चाहता हूँ कि तुम राजनीति में चले जाओ। इसमें तुम जल्दी ही प्रेक्टिकल बन जाओगे। सारे चरित्र पर पानी फिर जायेगा। मेरी आत्मा को शांति मिलेगी तथा तुम अच्छा कमा-खा लोगे। इतना कहकर वे चले गये और मैं ठंडा पड़ गया। काटो तो खून नहीं। निश्चित नहीं कर पा रहा था कि राजनीति में जाऊँ या नहीं।



पूरन सरमा

# वन्य जीवों पर आफत बन जाती है मूसलधार बारिश



वन्य-जीवन

इन दिनों बारिश शुरू होते ही, चाहे वह कितनी ही मूसलधार और जानलेवा ही क्यों न हो, सोशल मीडिया में कई रोमांच वीर तरह तरह की भाव-भंगिमाओं वाली सेल्फी शेयर करने लगते हैं। कई लोग तो बारिश होते ही अपनी वाल में गर्मागर्म पकौड़े और चाय पेश कर देते हैं। लेकिन जब हम पक्षियों से जंगल और उनके घर यानी पेड़ छीनकर कंकरीट के बसेरे में बारिश का लुत्फ ले रहे होते हैं, ठीक उन्हीं पलों में लाखों पक्षी बारिश से बेबस होकर जान दे रहे होते हैं। जी, हां यह कोई काल्पनिक रुदन नहीं है, सैकड़ों वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफरों का भावुक कर देने वाला अनुभव है। वास्तव में अति बारिश, जैसी आजकल हो रही है, न केवल उनके घोंसलों को गीला और असुविधाजनक बना देती है, बल्कि उनके लिए भोजन ढूंढना या खुद को गर्म रखना भी मुश्किल कर देती है। लंबे समय तक बारिश के कारण पक्षी हाइपोथर्मिया या भूख से मर जाते हैं। हां, जब उनके घने जंगल थे, जंगलों में पत्तों से भरे पेड़ थे, तब उनके लिए भी बारिस पिकनिक होती थी। लेकिन अब हर गुजरते साल उनके लिए बारिश एक जानलेवा बुरा अनुभव बनती जा रही है।

पक्षियों के लिए जानलेवा अति बारिश में उनके जलरोधी पंख वास्तव में शिथिल हो जाते हैं और उनका सिर भीग जाता है। इससे उन्हें ठंड लग जाती है और वे मर जाते हैं। छोटे पक्षी अक्सर भारी बारिश में आश्रय खोजने की कोशिश में परेशान देखे जाते हैं। दरअसल पक्षी अपने पंखों के नीचे हवा की छोटी-छोटी परतें बनाकर रखते हैं, जो उन्हें गर्म रखती हैं। लेकिन जब बारिश अति में हो रही हो तो वे हार जाते हैं। इस स्थिति में बारिश के संपर्क में आने वाले अमेरिकी केस्ट्रेल अपनी चयापचय दर को बढ़ाते हैं, संभवतः गर्मी के नुकसान की भरपाई के लिए। लेकिन देखा गया है कि पक्षी जितना छोटा होता है, अति बारिश उसके लिए उतनी ही डरावनी होती है। क्योंकि छोटे पक्षियों का सतह-क्षेत्र-से-आयतन अनुपात अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे अधिक तेजी से गर्मी खो देते हैं, और उनके पास आम तौर पर कम ऊर्जा भंडार होते हैं। यही कारण है कि अक्सर मूसलधार बारिश के दौरान देखने में आता है कि छोटे पक्षी बदहवासी से आश्रय की तलाश में होते हैं जबकि टर्की गिद्धों का झुंड पेड़ की चोटी पर पंख फैलाकर बारिश में नहाता हुआ देखा जाता है। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर घोस्ट वी कहते हैं, फोटो खींचने के लिए पक्षियों पर लगातार नजर रखने के कारण ऐसे मौकों पर उनकी बेबसी देखकर मुझे बहुत दुःख होता है। हालांकि आजकल किसी भी पक्षी को बारिश से आश्रय न मिलता हो या वो न लेते हों ऐसा भी नहीं है। जिन पक्षियों को यह सुविधा होती है, वे बारिश के समय झाड़ियों के झुरमुटों में, नरकटों में, इंसानी घरों के छज्जों के नीचे, अपने घोंसले के छिद्रों में छिपने या बचने की कोशिश करते हैं। लेकिन यह पक्षियों को अनिवार्य रूप से हासिल कोई सुनिश्चित सुविधा नहीं है और हो भी तो आखिर पक्षियों को नियमित खाने की भी तो जरूरत होती है। सच में भूख पक्षियों के लिए बारिश का दूसरा खतरा है। क्योंकि थोड़ी देर की बारिश में तो छिप सकते हैं, लेकिन एक हफ़्ते तक चलने वाली बारिश में क्या करेंगे?

पक्षियों पर नजर रखने वाले वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर कहते हैं जब बारिश शुरू होती है तब तो पक्षी कुछ समय के लिए गायब हो जाते हैं, लेकिन अगर यह कुछ समय तक लगातार होती है, तो पक्षी फिर से दिखाई देने लगते हैं। क्योंकि वे भोजन की तलाश बंद नहीं कर सकते हैं, खासकर अगर उनके पास खिलाने के लिए चूजे हों। दरअसल पक्षी बहुत कम खाते हैं, इसलिए उन्हें बार बार खाना पड़ता है। सिर्फ लंबे समय तक होने वाली बारिश ही एकमात्र पहलू नहीं है जो पक्षियों के संदर्भ मायने रखती है- बारिश की तीव्रता भी फर्क डालती है। पर्याप्त रूप से हल्की बारिश फिर भी शायद ज्यादा समस्या न हो, लेकिन लेकिन भारी बारिश बहुत खतरनाक होती है। इससे निपटने के लिए उन्हें अलग से रणनीति बनानी पड़ती है। कई बार हम देखते हैं भीग रहे पक्षी अपने पंख फुला लेते हैं। क्योंकि पंखों को फुलाना उन्हें गर्म रखता है। लेकिन यह खतरनाक भी है। अगर बारिश बहुत भारी है, या यह नहीं थमती तो पानी उनके फूले हुए पंखों के अंदर में चला जाता है और इससे वह बहुत जल्द भीग जाता है। भारी बारिश में कई बार पक्षियों की एक और क्लासिक मुद्रा देखने को मिलती है, जिसका एक और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ह्यूम (1986) ने वर्णन किया है, सिर पीछे की ओर, चोंच बारिश की ओर, शरीर सीधा और पंख चिकने। यह एक ऐसी मुद्रा है जिसमें कोई पक्षी खुद को गर्म रखने की कोशिश करता है। क्योंकि सिर पीछे की ओर की मुद्रा एक गर्मी-संरक्षण की स्थिति है।

**के. पी. सिंह.**

## आप की बात

### रोजगार की शिक्षा

देश के हरेक युवा को रोजगार एवं काम-धंधे से जोड़ने के लिए यह जरूरी है कि ऐसी शिक्षा दी जाये जो युवाओं में कौशल विकसित करे। देश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार कौशल विकास मिशन चला रही है लेकिन एक लंबे समय से इसकी गतिविधियां ठप हैं। कोराना काल में दो वर्ष तक सब कुछ ठप रहा। ऐसे में रोजगार सृजन बहुत जरूरी है इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए और सबको प्रशिक्षण का अवसर देना चाहिए। शिक्षा और प्रशिक्षण की सुविधाएं जैसे-जैसे बढ़ रही हैं उसी गति से देश में कुशल एवं शिक्षित श्रम तैयार हो रहा है और देश के श्रमबल में हर साल बड़े पैमाने पर नये युवा जुड़ रहे हैं लेकिन इनके रोजगार के लिए कोई उपयुक्त व्यवस्था नहीं होने के कारण बेरोजगारी बड़ रही है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाना और सबके लिए काम की व्यवस्था करना भारत और राज्यों के सरकारों की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कौशल विकास मिशन और मुद्रा योजना चला रही है लेकिन देखने में यह आया है कि बैंक बड़े-बड़े लोन तो आसानी से दे देते हैं और डूबा भी बैठते हैं लेकिन बेरोजगार युवाओं को कारोबार शुरू करने के लिए एक-दो लाख का लोन देने में बड़ी अनाकानी करते हैं। बहरहाल अब इन स्थितियों को बदलने की जरूरत है। अब युवाओं को कौशल के साथ ही वित्तीय देकर उनको रोजगार में स्थापित करना होगा तभी देश में पूरी तरह से बेरोजगारी को खत्म किया जा सकता है।

**आलोक कुमार भट्ट, लखनऊ.**

### श्रमिक कल्याण की नीतियां

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### विकास से बढ़ेंगे अवसर

प्रदेश में निवेश के जो प्रयास हो रहे हैं उससे प्रगति तेज होगी और रोजगार के मौके बढ़ेंगे। देश की युवा शक्ति का सदुपयोग करने के लिए यह जरूरी है कि सरकार अधिक से अधिक रोजगार के मौके बढ़ाये ताकि युवा अपनी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में कर सकें। एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन भी चल रहा है।

**राकेश कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

संक्षेप

## कंट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच** । कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा यातायात के दृष्टिगत नगर क्षेत्र अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा प्रमुख 09 स्थानों पर स्थापित किये गये 31 सी.सी.टी.वी. कैमरों तथा यातायात पुलिस द्वारा 28 प्रमुख स्थानों पर लगाये गये सी.सी.टी.वी. कैमरों की क्रियाशीलता का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जलकल कार्यालय तथा पुलिस लाईन में स्थापित कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया।

यातायात पुलिस द्वारा पुलिस लाईन में स्थापित सी.सी.टी.वी. कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान यातायात निरीक्षक राम प्रकाश ने जिलाधिकारी को कैमरों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्रदान की।

उन्होंने निर्देश दिया कि यदि अन्य स्थानों पर भी कैमरों की आवश्यकता हो तो उसके लिए प्रस्ताव उपलब्ध करा दें। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा स्थापित सी.सी.टी.वी. कैमरों के लिए जलकल कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के बहराइच प्रमिता सिंह ने डीएम श्री त्रिपाठी को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करायी।

# सीएम योगी ने अयोध्या राज परिवार के मुखिया को दी श्रद्धांजलि



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अयोध्या राजसदन पहुंचे और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य एवं अयोध्या राज परिवार के मुखिया राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के त्रयोदशी संस्कार

- बोले- राजा साहब का योगदान हमेशा रहेगा अविस्मरणीय
- राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के त्रयोदशी संस्कार में उमड़ा जनसैलाब
- संत-महंत और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ श्रद्धांजलि समारोह
- भावविह्वल माहौल में श्रद्धा-सुमन अर्पित कर सबने किया नमन

में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत राजा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र का निधन केवल अयोध्या ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने जीवन भर रामलला और राम मंदिर आंदोलन के लिए अपना योगदान दिया। राजा साहब का व्यक्तित्व धर्म, संस्कृति और परंपरा का अद्वितीय संगम था।त्रयोदशी संस्कार में बड़ी संख्या में संत-महंत, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग उपस्थित रहे। पूरे राजसदन का वातावरण भावविह्वल हो उठा। सभी ने दिवंगत राजा साहब के आदर्शों और उनके योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र लंबे समय से बीमार चल रहे थे और गत दिनों उनका निधन हो गया था। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। राज परिवार से जुड़े लोग और अयोध्या के नागरिक लगातार राजसदन पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह दौरा न केवल श्रद्धांजलि अर्पण का प्रतीक रहा, बल्कि अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत और राज परिवार के योगदान के प्रति सम्मान का भी संदेश दिया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायकगण सिंह चैहान,जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, कमलेश श्रीवास्तव, सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## योगी ने हनुमानगढ़ी में लगायी हाजिरी रामलला के श्रीचरणों में झुकाया शीश



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पहले संकट मोचन हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की

- श्री राम मंदिर निर्माण से जुड़े विकास कार्यों की ली जानकारी

सुख-शांति की कामना की। इसके बाद सीएम योगी ने श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाई, आरती की और सीएम ने दर्शन-पूजन के उपरांत निकलते समय आमजन का अभिवादन भी स्वीकार किया।

वहीं मंदिर परिसर की परिक्रमा कर राम मंदिर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया और राम दरबार में भी दर्शन पूजन किये। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे की शुरूआत संकट मोचन हनुमानगढ़ी मंदिर से की। उन्होंने यहां विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की। यहां से निकल कर मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के दर्शन किए। उन्होंने श्रीरामलला की आरती उतारी और मंदिर की परिक्रमा की इसके साथ ही उन्होंने राम दरबार में भी दर्शन पूजन किये। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर निर्माण की प्रगति की जानकारी भी ली।

राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उन्हें निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगामी योजनाओं से अवगत कराया। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उन्हें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

बता दें कि मुख्यमंत्री योगी का सितम्बर महीने में पहला अयोध्या दौरा है। इससे पहले वह 9 जुलाई को पौधरोपण महा अभियान के शुभारंभ अवसर पर यहां आए थे।

## आध्यात्मिक तपस्या कर ली जाये तो अनंतानत सुखों की प्राप्तिः आचार्य श्री सौरभ सागर



**बाराबंकी।** जीवन में समस्या तो रोज आती हैं। पर तपस्या के दिन कभी कभी आतें हैं। सभी ने कभी न कभी तपस्या अवस्य की होती है क्यूंकि दुनियादारी का तभी सफल होता है जब आप तपस्या कर लेते है। विद्यार्थी पढाई की, व्यापारी व्यापार में, कर्मचारी कार्य में माता पिता घर चलाने में तमाम समस्याओं को किनारे करने का कार्य ही तपस्या है। यही तपस्या भौतिक सुखो को देती है। और अगर आध्यात्मिक तपस्या कर ली जाए तो अनंतानत सुखो की प्राप्ति कराने वाला है। इच्छा का निरोध करना वह तप है। आज का सप्तम दिन उत्तम तप धर्म का है। जिसकी बड़ी भक्ति भाव से जैन समुदाय ने पूजा अर्चना किया। उक्त बाद आचार्य श्री सौरभ सागर जी ने कही। सभी महिला पुरुष केसरिया वस्त्रों में प्रातः काल से ही जैन मंदिर पहुंचे। तथा प्रभु का अभिषेक व शांतिधारा अद्भुत रूप से घंटा बजा कर किया। तत्पश्चात विश्व शांति के लिए प्रभु की आराधना की गयी। तत्पश्चात शिखा बाकलीवाल व सेठी परिवार ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। अति मनोहारी धार्मिक अंताक्षरी का आयोजन किया। धर्म से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी सुनीता छाबड़ा ने आयोजित किया। सभी सहभागियों को पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर राहुल जैन, संदीप पाटनी, महाबीर बाकलीवाल, प्रदीप जैन धनावत, अर्चित गंगवाल, पियूष जैन, बिंदु जैन, रागनी धनावत, पंकज जैन, सुभाष गंगवाल, अतुल जैन आदि मौजूद रहे।

## प्रवर्तन टीम ने 14 वाहनों के चालान

**बाराबंकी।** लोगों को हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित किये जाने को लेकर 1 सितंबर से 30 सितंबर तक चलाये जा रहे नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के अन्तर्गत आज बुधवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता



शुक्ला के नेतृत्व मे यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने विभिन्न पेट्रोल पम्पो पर बिना हेलमेट के 14 वाहन चालको को चालान किये। तथा चालको को रोड सेफ्टी नियमो का पालन किये जाने की अपील करते हुये हेलमेट पहनने से होने वाले बचावो के बारे मे जानकारी भी दी। तथा चालको को जागरुक करते हुये कहा कि सड़क पर रोड़ सेफ्टी नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। तो वही पेट्रोप पम्प संचालको को ह्लनो हेलमेट, नो फ्यूलह्ल के बोर्ड लगाये जाने के निर्देश दिये।

## अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गये लिंक को क्लिक न करें: राजन यादव




**बाराबंकी।** सफेदाबाद स्थित द-एनसाई स्कूल परिसर मे साइबर अपराध से बचाव एंव जागरुकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे साइबर एक्सपर्ट आरक्षी राजन यादव ने छात्र-छात्राओ को जागरुक करते हुये कहा कि बैंक द्वारा कभी भी केवाईसी अपडेट कराने के लिए मोबाइल फोन से व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, सीवीसी, पिन नम्बर नहीं मांगा जाता है। यदि ऐसी कोई कॉल आए तो व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। किसी अनजान व्यक्ति के कहने से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें। किसी भी वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह से जांचे। ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभाग के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें। किसी से पैसा प्राप्त करते समय अपनी यूपीआई आईडी, पासवर्ड न डालें, पैसा प्राप्त करते समय इसकी आवश्यकता नहीं होती है। अपने सोशल मीडिया एकाउण्ट व बैंक खातों का पासवर्ड मजबूत बनाएं जिसमें नम्बर, अक्षर व चिन्ह तीनों हो। साथ ही टू-स्टेप वेरीफिकेशन लगाए रखें।साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 एव वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराये।

# चपरासी व ड्राइवर चढ़ा रहे मरीजों को प्लास्टर

जिला संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** सौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के प्लास्टर कक्ष में अस्पताल के चपरासी और ऑर्थो चिकित्सक के ड्राइबर द्वारा अनवरत हड्डी रोग से ग्रसित मरीजों का प्लास्टर चढ़ाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के बाद मामले जो ओपीडी में मरीज का पर्चा जमा कर उन्हें चिकित्सक से दिखाने का काम करता है। ओपीडी कक्ष में ही ऑर्थो चिकित्सक का ड्राइवर छोटू नियमित रूप से बना रहता है। डॉ प्रवीण बरनवाल द्वारा हड्डी फ्रैक्चर मरीज का प्लास्टर हेतु सलाह देते हैं इसके उपरांत चपरासी धनंजय सिंह मिंटू एवं उनका ड्राइवर छोटू संबंधित मरीज को

- ऑर्थो चिकित्सा पर लगा बाहर से दवा लिखे जाने सहित अवैध वसूली करने का आरोप
- संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के ऑर्थो विभाग का मामला
- सरकारी शुल्क की आड़ में मरीजों से होती है अबैध वसूली

की शिकायत सीएमएस से हुई है, जहां सीएमएस ने प्रकरण में कार्यवाही का भरोसा शिकायतकर्ता को दे दिया है। बताते चलें कि संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के ऑर्थो चिकित्सा के रूप में डॉ प्रवीण बरनवाल की तैनाती है। अस्पताल में ही चपरासी के रूप में धनंजय सिंह उर्फ मिंटू की तैनाती है, प्लास्टर कक्ष में ले जाते हैं और उनसे बिना निर्धारित सरकारी शुल्क की रसीद कटाए 500 से 1000 रुपए तक ऐंठ लेते हैं। यह कम अस्पताल में ओपीडी अपराध 2:00 बजे समाप्त होने के बाद देर शाम तक चलता रहता है। कुछ ऐसा ही वाकया बुधवार को देखने को मिला जहां चपरासी और


चपरासी - धनंजय सिंह मिंटू | ड्राइवर - छोटू

ड्राइवर द्वारा सुल्तानपुर जनपद के बिसावां गांव से आए विष्णु गौतम के हाथ के फ्रैक्चर का प्लास्टर बांधकर उससे बिना सरकारी शुल्क रसीद कटवाए 300 रूपए की अबैध वसूली कर ली गई। यही नहीं कई हड्डी रोग ग्रसित मरीजों को चपरासी और ड्राइवर ने अलग-अलग प्लास्टर लगाए। अस्पताल पहुंचे लोगों ने इसका विरोध करते हुए हंगामा किया और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से समूचे घटनाक्रम और खुलेआम की जा रही अवैध वसूली की शिकायत की है तथा आरोप लगाया है कि अस्पताल के ऑर्थो चिकित्सक द्वारा कभी भी प्लास्टर के नाम पर मरीजों को हाथ तक नहीं लगाया जाता है। जिसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि जब से अस्पताल संचालित हुआ है तब से कई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जो कि आउट सोर्सिंग के माध्यम से अस्पताल में कार्यरत हैं, एक ही पटल पर जमे हैं, उनका पटल बदल दिया जाए। जिससे भ्रष्टाचार और अवैध वसूली पर अंकुश लग सकेगा। शिकायतों के बाद अस्पताल के सीएमएस डॉ रवि पांडे द्वारा मामले में जांच करते हुए कार्रवाई का आश्वासन देते हुए उनका पटल बदलने की बात कही गई है।

## डोपामिन हार्मोन बढ़ाता है सैन्य जोशः डॉ. आलोक

अयोध्या। सैन्य सेवा में दम खम, जोश व जज्बे के लिए जिम्मेदार मनोरसायन डोपामिन व मूड स्टेबलाइजर हार्मोन सेराटोनिन का कॉम्बिनेशन मानसिक-लचीलापन या मेन्टल-रेजीलिएंस विकसित कर चुनौतियों और मुश्किलों से उबरने की क्षमता विकसित करता है ।

## बार अध्यक्ष और महामंत्री सम्मानित

**बाराबंकी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद के तत्वाधान मे जिला बार एसोसिएशन सभागार मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे



राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद अध्यक्ष सुबोध कुमार श्रीवास्तव, डा0 ए0के श्रीवास्तव, डा0 रेहान अहमद द्वारा बार अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा, महामंत्री रामराज यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा समेत पूरी कार्यकारिणी को माला, प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह मे परिषद अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी संस्था द्वारा जनपद लखनऊ में लावारिस शवों का धर्म अनुसार अंतिम संस्कार अपने खर्चे पर कराया जाता है। तथा प्रतिवर्ष एक निर्धन कन्या का विवाह भी संस्था अपने खर्चे पर कराती है। संस्था वीरता पुरस्कार भी कई वर्षो से दे रही है ऐसे लोग जो अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरे की जान बचाते हैं ऐसे लोगों को 2100 रुपये नगद व प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया जाता है।

# साइबर अपराधों से बचाव के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षकके निर्देश पर जनपद के विभिन्न थानों द्वारा साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों से बचाव के गुर सिखाए गये। अभियान के अन्तर्गत अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों में जाकर छात्रों और आम नागरिकों को डिजिटल अपराधों से सुरक्षित रहने के महत्वपूर्ण तरीकों के बारे में बताया गया ।

इस दौरान, थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा आरपीएम कॉलेज, थाना रुपईडीहा द्वारा पार्वती पब्लिक स्कूल, थाना फखरपुर द्वारा चौधरी सियाराम इंटर कॉलेज, थाना रिसिया द्वारा आश्रम पद्धति गर्ल्स इं0का0, थाना मोतीपुर द्वारा बैजनाथ शाह किसान इं0का0, थाना पयागपुर द्वारा श्री रामप्रकाश इ0का0, थाना मटेरा द्वारा तिलक राम इं0का0, मूर्तिहा द्वारा डॉय राम मनोहर लोहिया इं0का0, महिला थाना द्वारा कन्या इं0का0, थाना रामगांव द्वारा ग्राम भगवानपुर, थाना हुजूरपुर द्वारा फूलबक्श इं0का0, बौण्डी द्वारा बौण्डी बाजार, थाना खैरीघाट द्वारा बेहटा बाजार में तथा अन्य थानों द्वारा भी अपने-अपने थानाक्षेत्र में मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए तथा किसी भी अज्ञात व्यक्ति को पैसा भेजने से पहले पूरी तरह से जांच-पड़ताल करने व अगर कोई व्यक्ति खुद को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर पैसे या गोपनीय जानकारी मांगे तो तुरंत अपने नजदीकी थाने से संपर्क करने के लिए बताया गया ।

अभियान में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और अन्य विश्वसनीय ऑनलाइन सुरक्षा वेबसाइटों के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि लोग किसी भी फ्रॉड की स्थिति में त्वरित सहायता पा सकें।

# छात्रा से दुराचार की कोशिश व धमकाने में पाक्सो आरोपित को मिली राहत

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** सात साल पहले नगर कोतवाली क्षेत्र से 16 वर्षीय कक्षा 11 की छात्रा को पकड़कर जबरन दुराचार की कोशिश करने एवं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के बहुचर्चित मामले में पाक्सो आरोपित डाका यादव पर अपराध साबित न होने पर सम्बंधित कोर्ट से दोषमुक्त हो कर दिया गया। यह फैंसला विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट तृतीय) दीपक यादव ने अभियोजन पक्ष एवं बचाव पक्ष के तर्कों तथा वादी व पीड़िता की गवाही के पश्चात सुनाया है। यह

- अपराध सिद्ध न होने पर आरोपी हुआ दोषमुक्त

घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का वर्ष 2018 का है। बचाव पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश तिवारी व अमित तिवारी ने जोरदार पैरवी किया।

तर्क दिया कि आरोपित निर्दोष है उसे जानबूझकर रंजिशन फर्जी फसाया गया है। वहीं अभियोजन पक्ष ने पाक्सो आरोपित पर अपराध सिद्ध नहीं कर सका। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 25 दिसम्बर 2017 को 16 वर्षीय कक्षा 11 की छात्रा स्कूल गयी थी। रास्ते में ही बछड़ा सुल्तानपुर निवासी डाका यादव पुत्र राजबली ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर छात्रा का हाथ पकड़ लिया और उसे एक घर में ले जाकर दुराचार की कोशिश करने लगा। छात्रा के विरोध के बाद उसे जान से मारने की धमकी दिया। बताते चलें कि 25 दिन से वह छात्रा का पीछा कर रहा था इसकी शिकायत उसने अपने पिता से भी किया था। 28 दिसम्बर 2027 को नगर कोतवाली में छात्रा के पिता ने आरोपी व उसके साथी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज करने के लिए दिया था बावजूद इसके एफआईआर न होने पर उसके पिता ने नगर क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की फरियाद किया था इसी बींच आरोपित ने छात्रा का अपहरण कर दुराचार करने की धमकी दी जाने लगी थी।

वहीं सुनवाई न होने पर पीड़ित परिवार शहर छोड़कर अपने गांव जाने पर मजबूर हो गया था। पुलिस अफसरों के निर्देष पर नगर कोतवाली में कई दिनों के बाद डाका यादव व एक अन्य अज्ञात के विरूद्ध मु.अ.सं. 57/18 अन्तर्गत धारा 452, 376, 511, 506 (2) व 16/17 पाक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना के पश्चात विवेचक ने 7 मार्च 2018 को आरोप पत्र सम्बंधित कोर्ट में दाखिल किया। अभियोजन पक्ष से 6 गवाह पेश किये गये थे।

## पं. कमलापति त्रिपाठी ने प्रदेश को नई दिशा देने का किया था कामः तनुज पुनिया




**बाराबंकी।** पं0 कमला पति त्रिपाठी अपने नैतिक मूल्यों और सार्वजनिक जीवन में सेवा के लिये आज भी याद किये जाते हैं। उन्होने 7वें मुख्यमंत्री के रूप में उ0प्र0 को एक नई दिशा देने का काम किया था। तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भी रहे। उन्होने पत्रकारिता के क्षेत्र में आज और संचार जैसे समाचार पत्रों के संवाददाता के रूप में कार्य किया। वह एक कुशल लेखक भी थे। वह भारत के पूर्व रेल मंत्री भी थे। उक्त उद्गार ओबरी आवास पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने पं0 कमला पति त्रिपाठी की जयन्ती पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरान्त व्यक्त किये। पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने कहा कि पं0 जी का जन्म वाराणसी की भूमि पर हुआ था। वह व्यक्तित्व के बहुत धनी थे। वह एक सच्चे देश प्रेमी थे। श्रद्धाजंलि अर्पित करने वालो मे के0सी0 श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, जमील अहमद, इरफान कुरैशी, विजयपाल गौतम, अजय रावत, गोपी कनौजिया, आनन्द रावत मौजूद रहे।

## बार काउसिंल ऑफ उ.प्र. सह अध्यक्ष प्रदीप सिंह के जनपद आगमन पर स्वागत




**बाराबंकी।** बार काउसिंल आफ उत्तर प्रदेश सह अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के जनपद आगमन पर सिविल कोर्ट परिसर मे जिला बार एसोसिएशन पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ ने बूके देकर स्वागत

- दर्जनो अधिवक्ताओ को सौंपे रजिस्ट्रेशना व सीओपी प्रमाण पत्र

किया। स्वागत के बाद बार काउंसिल आफ उ0प्र0 सह अध्यक्ष श्री सिंह ने युवा अधिवक्ताओ मे रजिस्टेज्शन व सीओपी प्रमाण पत्र वितरण किया। तथा अधिवक्ताओ को सम्बोधित करते हुये बार काउसिल उ0प्र0 सह अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि अपने कार्यकाल मे अधिवक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा योजनाओ का लाभ देने का कार्य किया है।

जो कि लगातार जारी रहेगा। मेरा हमेशा प्रयास यही रहता है कि मै अधिवक्ता हित के लिये समर्पित रहूं। इसके उपरान्त बार काउसिंल आफ उ0प्र0 सह अध्यक्ष श्री सिंह ने सिविल कोर्ट परिसर का भ्रमण भी किया। इस मौके पर शक्ति सिंह, चन्द्र शेखर, विवेक सिंह परमार, अखिलेश शर्मा, सोनी सिंह, अभिषेक कुमार, बृजेश दीक्षित, संजीव बख्शी, रवि वर्मा, ज्ञानेश शुक्ला, सावली मिश्रा, नमन आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम से विकसित होंगे सीमावर्ती गांव

### बढ़ेंगे रोजगार के अवसर, पलायन पर लगेगी लगाम, सीमा होगी सुरक्षित

जिला संवाददाता

**बहराइच 03 सितम्बर।** पंचायतों के समग्र प्रदर्शन को बेहतर बनाने हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ह्यपंचायत एडवॉसमेन्ट इंडेक्स (पीएआई) की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से उत्थान आडिटोरियम बहराइच में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत अन्तर्राष्ट्रीय सीमावर्ती ग्रामों में जीविकोपार्जन के लिए पलायन तथा विभिन्न प्रकार के अपराधों पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों से शत-प्रतिशत संतृप्त किया जाना तथा विभिन्न सुरक्षा एजेन्सियों के बीच बेहतर तालमेल बनाते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में घटित होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराधों पर अंकुश लगाना है।



सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य उत्तरी सीमा से लगे सीमावर्ती गांवों का व्यापक विकास करना है, ताकि इन क्षेत्रों से लोगों का पलायन रुके और उन्हें स्थायी आजीविका के अवसर मिलें। इसका लक्ष्य बुनियादी ढांचे, जैसे सड़क, ऊर्जा और टेलीकॉम कनेक्टिविटी में सुधार करना, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और पर्यटन व संस्कृति को बढ़ावा देना है।

सीडीओ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्थलीय भ्रमण कर विभागीय योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर लें। श्री चन्द्र ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्ययोजना तैयार करते समय इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाय कि ग्रामवासियों को रोजगार उपलब्ध हो सके।योजना अन्तर्गत बुनियादी ढांचे के विकास अन्तर्गत सड़क, ऊर्जा, और टेलीकॉम कनेक्टिविटी में सुधार करना, आजीविका के अवसर सृजन के तहत कौशल विकास, उद्यमिता, और सहकारी समितियों के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना, स्थायी विकास अन्तर्गत स्थानीय प्राकृतिक और मानवीय संसाधनों के आधार पर स्थायी इको-एग्री बिजनेस विकसित करना, सामाजिक कल्याण के तहत गांवों में रहने वाले लोगों को सभी सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ सुनिश्चित करना है।

ग्रामवासियों के पलायन पर अंकुश के लिए सीमावर्ती गांवों में रहने के लिए निवासियों को प्रोत्साहित करना, एक गांव एक उत्पाद की धारणा को विकसित करते हुए पर्यटन और संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान और विरासत को बढ़ावा दिया जायेगा। वित्तीय समावेशन अन्तर्गत वित्तीय सेवाओं तक लोगों की पहुंच सुनिश्चित करना, महिला और युवा सशक्तिकरण अन्तर्गत कौशल विकास और उद्यमिता के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाना है। सीडीओ ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत की सीमा सुरक्षा और आर्थिक विकास दोनों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान आयुष चिकित्सक डॉ. पीयूष नायक ने कार्ययोजना तैयार करने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

## महिला कर्मियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**बाराबंकी।** 29 अगस्त से 2 सितम्बर 2025 तक कमिश्नरेट प्रयागराज में द्वितीय उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता-2025 मे जनपद मे नियुक्त महिला आरक्षी गायत्री सिंह एंव आकांक्षा सरन ने लखनऊ जोन टीम की ओर से प्रतिभाग कर खो-खो प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान व कब्बड़ी प्रतियोगिता मे तृतीय स्थान प्राप्त किये जाने पर आज पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने महिला पुलिस कर्मियो को खेल प्रमाण-पत्र सौपते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। तथा बधाई दी।

## चिकित्सक चयन के लिए साक्षात्कार 08 व 09 सितम्बर को

**बहराइच।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जनपद-बहराइच में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत रिक्त संविदा चिकित्सकों (एम.बी.बी.एस./दन्त शल्यक एवं आयुष चिकित्सकों) के पद पर चयन हेतु 08 व 09 सितम्बर 2025 को विकास भवन सभागार में साक्षात्कार आयोजित होगा।

साक्षात्कार के लिए पात्र एवं अपात्र पाए गये अभ्यर्थियों की सूची एनआईसी की वेबसाइट तथा कार्यालय मुख्य चिकित्सा बहराइच के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

संक्षेप

## पीड़ित ने लगायी डीएम से गुहार

**शाहगढ़, अमेठी।** कोतवाली गौरीगंज क्षेत्र के दुलापुर खुर्द निवासी वीरेंद्र यादव पुत्र सुन्दर यादव ने डीएम संजय चौहान को दिये गये शिकायती पत्र में लिखा है कि आईएमसीटी इंफोटेक के मैनेजर शिव नारायण तिवारी पुत्र मनिकानंद ने मुझसे विगत कई माह तक मार्केट में कार्य कराया लेकिन पूरा भुगतान न होने पर पीड़ित के शिकायत पर श्रम विभाग ने उक्त मैनेजर को नोटिस जारी करते भुगतान करने का निर्देश जारी किया। कई माह बीत जाने के बाद भी कार्य भुगतान न होने पर पीड़ित ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी श्री मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में बुधवार को थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त अमित मिश्रा उर्फ पुत्तम मिश्रा पुत्र अशोक मिश्रा निवासी ग्राम सैदापुर मजरे नुवांवा थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । थाना अमेठी पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के संबंध में विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

## घर से सारा सामान और रुपये चोरी

**शाहगढ़, अमेठी।** मंगलवार की शाम 8 बजे गौरीगंज कोतवाली अंतर्गत कुशवैरा गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर वहां रखा सारा सामान सहित घर में रखा कुछ रुपया भी उठा ले गऐ पीड़िता शीला पत्नी अशोक कुमार मौर्य ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ घर से सटे पड़ोसी के घर पर बैठी थी तभी उसके पांच वर्षीय बेटा को भूख लगने पर वह कुंडी खोल घर में घुसी तो अंदर का नजारा देख भौचक्का रह गई। घर में रखा बॉक्स और आलमारी खुली थी, और समान बिखरा हुआ था। चोरों ने सोना चांदी के जेवरात झुमकी, करधन, पायल, मंगल सूत्र, बच्चे का कंगन, करधन और सिलेंडर के लिए घर में रखा 12 सौ रुपया लेकर फरार हो गए। पीड़िता ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

## जेपी चौबे को दी गयी श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर (वीओएल)।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पूर्व महामंत्री कामरेड जेपी चैबे की 17वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को यूनियन कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। कार्यक्रम में पूर्व सहायक मंडल मंत्री कामरेड अशोक चैबे मुख्य अतिथि रहे। सभा में पूर्व शाखा मंत्री टीएन शुक्ला, महावीर प्रसाद यादव, अनिल श्रीवास्तव, एससी द्विवेदी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। फार्मासिस्ट केशव गुप्ता ने बताया कि सभा के बाद सभी साथी जिला अस्पताल ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में राकेश मणि यादव, शीतला प्रसाद दुबे, कमलेश कुमार, राहुल अवस्थी, अरुणजय कुमार, इंद्रजीत दुबे, कैलाश चंद्र मीना व हरिमोहन चैबे शामिल रहे। इस अवसर पर शाखा मंत्री आसिम सज्जाद ने स्व चैबे के योगदान को याद करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

# स्कूलों में मना हमारा विद्यालय -हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम

### डेढ़ लाख बच्चों, 16 हजार अभिभावकों व शिक्षकों ने ली प्रतिज्ञा




**रायबरेली।** भारी बारिश की वजह से दो दिन स्थगित हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम बुधवार को जिलेभर के परिषदीय व प्राइवेट विद्यालयों में मनाया गया। जिले के कुल 2304 विद्यालयों में से 1325 विद्यालयों में कार्यक्रम को शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ में बड़े ही धूमधाम के साथ में मनाया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में जिला भर के विद्यालयों में बहुत ही उत्साह दिखा। जिले में कार्यक्रम संयोजक जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय हमारा स्वाभिमान, हमारा सम्मान, हमारा मान और जहां से सारे जग में हमारी पहचान है, बस इसी कुछ उद्देश्य के साथ में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ और शिक्षकों की तरफ से सरकारी से लेकर प्राईवेट विद्यालय तक में हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम मनाया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिलेभर में कुल 2304 विद्यालय हैं, इनमें से 1325 विद्यालयों में यह कार्यक्रम बहुत उत्साह से शिक्षकों ने मनाया है। इस कार्यक्रम में करीब 6 हजार शिक्षकों ने भाग लिया है। इसके साथ ही करीब जिले के डेढ़ लाख बच्चों व 16 हजार अभिभावकों ने हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में अभिभावकों की अधिक से अधिक भागीदारी कराना ही हमारा उद्देश्य था और उस हिसाब से अभिभावकों ने बढ़चढ़कर भाग लिया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महामंत्री संजय कनौजिया ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में देशभर के पांच लाख विद्यालयों में हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम एक सितंबर को आयोजित किया गया है। दो दिन बाद यह कार्यक्रम आज बारिश की वजह से आयोजित हुआ है। उन्होंने बताया गोहन्ना, हिलगी, हरदासपुर सहित जिले के सैकड़ों विद्यालयों में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

प्रा. विद्यालय गोपालपुर, शेखपुर, पूरे लोकई, अहल, पद्मनपुर बिजौली, बरुआ, घाटमपुर, पूरे टोड़ी, पूर्व शिव गुलाम, पूरब नायन, रोखा, थौरी, निगोही, पूर्व मा. विद्यालय निगोही, पूर्व मा.विद्यालय पोठई, जगदीशपुर, टेकारी दांदू, बंगला, स्टूडेंट पब्लिक स्कूल अहल, प्रा. विद्यालय अहोरा रामपुर, पूरे अडारू, महेशपुर, प्रा. विद्यालय रेवरी सैदपुर, पूरे निदधू, बेतौरा, पूरे कल्लू मिश्र, दरियावगंज, पूरे नारायण, टेकारी दांदू, पूरे पहाड़,क्रौरापुर गौरा, डेला, डीह प्रथम, डीह द्वितीय आदि विद्यालयों में हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम संपन्न हुए।

# नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई प्राथमिकता



- एक सप्ताह में 229 वाहनों पर कार्रवाई, नियम तोड़ने वालों को सिखाया सबक

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने विगत एक सप्ताह में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस विशेष अभियान के तहत दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन, ई-रिक्शा, रोडवेज बस, और भारी वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी विधिक कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने बताया कि एक सप्ताह में यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाकर कुल 229 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की।

## डीएम ने जलभराव की स्थिति व प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर ने आज सीएचसी बछरावां में बारिश के मौसम में परिसर में जलभराव होने की समस्या का संज्ञान लेकर केन्द्र का निरीक्षण कर जलभराव की स्थिति व प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के समय जलभराव की स्थिति का देखा व मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए सी0एम0एस0 को निर्देशित किया कि अस्पताल आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के साथ स्टाफ की समय से उपस्थिति सुनिश्चित करायी जायें। उन्होंने अस्पताल परिसर की सफाई पर विशेष जोर दिया, जिससे आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। इस दौरान उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से वार्ता कर अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं का फीड बैंक भी लिया। इस अवसर पर सीडीओ अर्पित उपाध्याय, सीएमओ डॉ.नवीन चन्द्रा, अधीक्षक डॉ.अर्पिता श्रीवास्तव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने से लोगों को हो रही परेशानी



**शाहगढ़, अमेठी।** प्रदेश की भाजपा सरकार जहां सड़क को गढ्डा मुक्त करने का आदेश जारी किया है वहीं अमेठी की सड़कों की हालत बद बदत्तर हो गयी है। जनपद के अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेश की धज्जियां उड़ाने में जुट गए हैं। बताते चलें कि विकास खण्ड शाहगढ़ के अन्तर्गत ग्राम सभा सोरांव के राजस्व गांव प्रभनपुर से मुसाफिरखाना - मुंशीगंज मार्ग को जोड़ने वाले ग्रामीण मार्ग की हालत बहुत ही दयनीय है, मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे हैं मार्ग से स्कूली बच्चों सहित पनियार, मुंशीगंज, मुसाफिरखाना बाजार को जाने के लिए लोगों को परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मार्ग पर गड्ढे के साथ साथ बड़ी बड़ी झाड़ियां उगी है जो दुर्घटना को दावत दे रही है। क्षेत्र के विवेक सिंह, विपिन, फूलचंद, पहाड़ी सिंह, राकेश आदि डीएम संजय चौहान से सड़क को दुरुस्त करायें जाने की मांग किया है।

## शारदा बैराज से अधिक डिस्चार्ज, अमेठी की नहरों में बंद हुआ पानी

**अमेठी।** अधिशासी अभियंता, शारदा सहायक खंड-41 मनीष रंजन ने जनपद के सभी कृषकों को सूचित किया है कि शारदा बैराज का डिस्चार्ज 1,60,000 क्यूसेक से अधिक हो जाने के कारण नहर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शारदा बैराज की रेगुलेशन मैनुअल के अनुसार नहरों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दिनांक 02 सितम्बर 2025 की प्रातः 8:00 बजे से शारदा सहायक पोषक नहर को शीर्ष से बंद कर दिया गया है। इसके फलस्वरूप आगामी दिवसों में जनपद अमेठी की नहरों में पानी का संचालन बंद रहेगा। सिंचाई विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि नहर संचालन से संबंधित अगली सूचना पृथक से जारी की जाएगी। कृषक भाई अपनी सिंचाई संबंधी शिकायतों और मांगों के लिए सिंचाई विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-180-55450 पर संपर्क कर सकते हैं।

## डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी।** बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ईलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सको ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जिसकी रास्ते मे मौत हो गई। कमरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ वाराणसी फोरलेन पर स्थित कठौरा गांव के समीप घटना उस वक्त घटी जब मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के दादरा गांव निवासी दीपक सिंह उम्र लगभग 32 वर्ष जो बाइक द्वारा किसी कार्यवश जा रहे थे अचानक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर मे भर्ती कराया जहाँ चिकित्सको ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया जिसकी रास्ते मे मौत हो गई। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेजकर आवश्यक कार्यवाई जारी है।

## ट्रक में घुसी कार, तीन लोगों की मौत

- पूर्व सांसद स्मृति ईरानी ने दुःख व्यक्त किया

**शुकुल बाजा, अमेठी।** में बुधवार की सुबह हुई भीषण सड़क दुर्घटना में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। पूर्वांचल एक्सप्रेस की घटना में हुई तीन लोगों की मौत को अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी ने अपने कार्यकताओं को मौके पर भेज कर तुरंत घटना की जानकारी जानकारी ली और गहरा दुख जताया। शुकुल बाजार अमेठी जनपद में बुधवार की सुबह करीब 3 बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया है। जिसमें तेज रफ्तार अनियंत्रित ब्रेजा कार कैंटीन की कट पर मुड़ रहे ट्रक में घुस गई जिससे कर के पर कच्चे उड़ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ब्रेजा कार में सवार ड्राइवर सहित सभी तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को गाड़ी से निकलवा कर विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है। बजार शुकुल के थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि रात्रि लगभग 3 बजे के करीब यह हादसा हुआ है। जिसमें थाना क्षेत्र से गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 60.1 किलोमीटर पर गाजीपुर से लखनऊ की पटरी पर जा रही तेज रफ्तार ब्रेजा कर सामने कैंटीन की तरफ मुड़ रही ट्रक में घुस गई। जिसके चलते कार पर सवार चालक सहित सभी तीन लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल दुर्घटनाग्रस्त कार से तीनों लोगों को निकाल कर एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पर डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान इन लोगों के पास प्राप्त आईडी से एक मृतक का नाम अर्पित विश्वकर्मा पुत्र बसंत लाल निवासी आई 1184 वर्ल्ड बैंक बर्रा जनपद कानपुर व दूसरे का नाम विमल पुत्र रामसुंदर पांडेय निवासी एलडी 113/114 ए सेक्टर एफ कानपुर रोड पराग डेयरी लखनऊ तथा तीसरे का नाम विनय दुबे पुत्र राम किशोर दुबे निवासी आई ब्लॉक 124 थाना बर्रा जनपद कानपुर के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने आगे बताया कि इन सभी मृतकों के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही तीनों मृतकों के पंचायतनामा व अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। घटनास्थल से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को तत्काल हटवा दिया गया है। जिससे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बहाल हो गई है।

# कमला नेहरू संस्थान के रोवर्स रेंजर्स को प्राचार्य ने किया सम्मानित



**सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान के आठ रोवर्स रेंजर्स प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किए गए। यह सम्मान इनको भारत स्काउट गाइड ज्ञान प्रतियोगिता- 2025 मे मिले पुरस्कार के लिए हुआ। संस्थान के रोवर्स रेंजर्स की संयोजिका प्रोफेसर सुनीता राय ने बताया कि फरवरी माह 2025 मे एक जनपद स्तरीय भारत स्काउट गाइड ज्ञान प्रतियोगिता - 2025 आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता मे कमला नेहरू संस्थान के धर्मवीर सुभाष रोशन गौतम प्रिंस महिमा दीपिका अनन्या व रिया आदि रोवर्स रेंजर्स प्रतिभाग किए। सभी आठों प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विजेता घोषित हुए। इस प्रतियोगिता में रोवर्स संवर्ग के अन्तर्गत प्रथम स्थान पर धर्मवीर, द्वितीय स्थान पर सुभाष तथा तृतीय स्थान पर रोशन और प्रिंस ने संयुक्त रूप से अपना स्थान सुनिश्चित किया। वहीं रेंजर संवर्ग में महिमा प्रथम, दीपिका एवं अनन्या द्वितीय तथा रिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर संस्थान के आठो रोवर्स रेंजर्स प्रमाणपत्र व प्रतीक चिन्ह के साथ पुरस्कृत किए गए। आज इन्हें सम्मानित कर उत्साहवर्धन करते हुए संस्थान प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर इन्होंने कहा कि संस्थान अपने अकादमिक गतिविधियों के साथ साथ सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहभागिता तथा सरोकार के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध है। संस्थान में रोवर एवं रेंजर्स की इकाई क्रियाशील है। छात्रों की सफलता ने इस कार्यक्रम को एक नयी गति प्रदान की है। अंग्रेजी विभाग की अध्यक्षा एवं रोवर्स एवं रेंजर्स की संयोजिका प्रोफेसर सुनीता राय ने हर्ष व्यक्त किया व कहा कि यह सफलता प्रेरणा का प्रतिफल है। रोवर्स एवं रेंजर्स छात्रों के भीतर समाज और राष्ट्र निर्माण के तत्वों पर गंभीरता से चिन्तन करने एवं इसकी पूर्णता के लिए एक विचार देता है। इस मौके पर संस्थान उपप्राचार्य डॉ शक्ति सिंह व बर्सर अनिल सिंह ने भी विजेता रोवर्स रेंजर्स को शुभकामनायें देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एसडीएम ने किया राजकीय आश्रम का निरीक्षण

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** बुधवार को एसडीएम जयसिंहपुर प्रभात कुमार सिंह ने राजकीय आश्रम पद्धति इंटरमीडिएट कॉलेज मलिकपुर बखरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भोजनालय में और छात्रावास में साफ सफाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। पंजीकृत 306 छात्रों के सापेक्ष विद्यालय में कल 213 छात्र उपस्थित मिले। छात्र संख्या कम मिलने पर प्रधानाचार्य ने बताया कि कुछ बच्चे बुखार से पीड़ित थे जो इलाज के लिए घर गए हैं, वहीं कुछ छात्र रजिस्ट्रेशन करने के बाद अभी वापस नहीं लौटे हैं जिसकी वजह से छात्रों की संख्या कम रही। एसडीएम ने कक्षा 9, 10 और 11 के छात्रों से विद्यालय के पठन-पाठन और खानपान के संबंध में बातचीत की। एसडीएम प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि कुछ कर्मियों की जानकारी मिली है। जिनके सुधार के संबंध में प्रधानाचार्य और अन्य स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# ग्राम पंचायत अधिकारी ने जीवित महिला को घोषित कर दिया मृतक, रोकी पेंशन



**महराजगंज, रायबरेली।** वृद्धावस्था पेंशन धारक को कागजों में मृत दिखाकर पेंशन बंद करने पर 68 वर्षीय लाभार्थी ने उपजिलाधिकारी से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मामले में उपजिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए हैं। बुधवार को तहसील क्षेत्र के शिवगढ़ ब्लाक के कमालपुर आवांडीह मजरे बरियारपुर गांव निवासी 68 वर्षीय बुजुर्ग किशुन दुलारी ने उपजिलाधिकारी को शिकायती देते हुए बताया कि उसकी माली हालत ठीक नहीं है। पिछले करीब सात वर्ष से उसे वृद्धा पेंशन योजना का लाभ मिल रहा था। जिसे वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान हुए सत्यापन में मृत दिखाकर उसकी पेंशन बंद कर दी गई। कई महीनों से उसे पेंशन न मिली तो उसने ब्लाक कार्यालय जाकर ग्राम पंचायत सचिव से शिकायत की। आरोप यह भी है कि पंचायत सचिव सुमित कुमार वर्मा द्वारा उसे भटकाते हुए प्रताड़ित भी किया गया। थक-हारकर जब उसके बेटे सुरेश कुमार ने आनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण की जांच की तो उसकी माता किशुन दुलारी के मृतक होने की सत्यापन रिपोर्ट अंकित मिली। संबंधित ग्राम पंचायत सचिव सुमित कुमार वर्मा द्वारा ग्राम पंचायत के अपने चहेते लोगों से जानकारी कर जिंदा महिला को मृत घोषित कर लिखा पढ़ी में उसकी रिपोर्ट लगा दी, जिससे ग्राम सभा के राजनीति करने वाले कुछ तथा कथित लोगों द्वारा यह जानकारी दी गई की किशन दुलारी मृत है और उनके बुढ़ापे का सहारा वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ न मिल सके। जानकारी होते ही समाज कल्याण विभाग से बात करके किशुन दुलारी की पेंशन फिर से शुरू करा दी गई है। जल्द ही पेंशन की रकम उनके खाते में आ जाएगी। मामले में उप जिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है नायब तहसीलदार को जांच कर कार्रवाई व पुनः पेंशन शुरू कराने के निर्देश दे दिए गए हैं।

# साइबर हाइजीन विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**रायबरेली।** आज राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) रायबरेली में ह्लसतर्कता जागरूकता सप्ताहह्व के अंतर्गत ह्लसाइबर हाइजीनह्व विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस वर्ष का संदेश ह्लसतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारीह्व के अंतर्गत इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों, संकायों तथा संस्थान से जुड़े लोगों को साइबर अपराधों से सचेत करना था। वरिष्ठ निरीक्षक विंध्य विनय सिंह यादव ने छात्रों को फिशिंग, मॉर्फिंग, कैटफिशिंग जैसे विभिन्न साइबर अपराधों के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध निरंतर बढ़ रहे हैं और इनके प्रति जागरूक रहना हम सभी की जिम्मेदारी है। उपनिरीक्षक प्रशांत पवार ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि इन अपराधों से बचाव के कौन-कौन से उपाय अपनाए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि न केवल छात्रों और अध्यापकों के लिए बल्कि उनके परिवारों और परिचितों के लिए भी साइबर सुरक्षा को अपनाना क्यों आवश्यक है। निफ्ट रायबरेली की निदेशक, प्रोफेसर डॉ. जोनाली डी. बाजपेयी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ छात्रों को न केवल शैक्षणिक दृष्टि से बल्कि जीवन कौशल के रूप में भी सजग बनाती हैं। संयुक्त निदेशक अमितवा चैधरी ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सतर्कता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हम सभी को मिलकर सुरक्षित साइबर वातावरण बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। कैम्पस अकादमिक कोऑर्डिनेटर श्री प्रवीण श्रीवास्तव ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि संस्थान इस तरह की गतिविधियों को लगातार आयोजित करता रहेगा ताकि विद्यार्थियों की जागरूकता और सहभागिता बढ़े।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित



**सुलतानपुर (वीओएल)।** महिला कल्याण निदेशालय लखनऊ के निदेर्शानुसार संकल्प हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय (स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेज, सुलतानपुर) में ह्लबेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओह्व योजनान्तर्गत कन्या जन्मोत्सव एवं पीसीपीएनडीटी अधिनियम पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा की गई। इस अवसर पर नवजात बालिकाओं के परिजनों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिला कल्याण विभाग की योजनाओं कृ निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व स्पॉन्सरशिप योजना कृ की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भरण-पोषण पर विशेष ध्यान देना समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। डा. आरिफ खान ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम पर विस्तार से जानकारी दी और कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम हेतु सभी को जागरूक किया। रेखा गुप्ता, जिला मिशन समन्वयक ने बेटियों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा कन्याओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस अवसर पर पूजा सिंह, संतोष पाल, सरोज यादव, रीता मौर्या, शीतल, विपिन कश्यप सहित एएनएम, आशा बहुएं, स्टाफ नर्स व आमजन मौजूद रहे।

## लंपी की रोकथाम के लिए विधायक ने की अपील

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र में मवेशियों में लंपी समेत खुरपका-मुंहपका जैसी बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। इसको देखते हुए सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय ने पशुपालकों और पशु चिकित्सा विभाग से टीकाकरण अभियान को तेज करने की अपील की है।



बुधवार को विधायक ने कहा कि जो परिवार दूध बेचकर अपना जीवन-यापन करते हैं, उनके पशुओं को यदि लंपी जैसी घातक बीमारी निगल जाए तो उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने गौपालकों से जागरूक रहते हुए अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराने की अपील की और विभागीय टीमों को हरसंभव सहयोग देने की बात कही। दियरा पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कमलेश यादव ने बताया कि शासन के निर्देश पर पशुओं का टीकाकरण अभियान शुरू हो चुका है। इस अभियान में बॉर्डर के गाँवों से टीकाकरण प्रारंभ कर अंदरूनी क्षेत्रों की ओर बढ़ा जाता है। इसके तहत क्षेत्र के काछा भिटौरा और नानेमऊ गांव में पिछले 2द3 दिनों से टीकाकरण का कार्य चल रहा है। विधायक ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार तिवारी से फोन पर बात कर प्रतिदिन के टीकाकरण की रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय पर वैक्सीन लगाकर ही इस भयावह बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

# वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र सिंह डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

**रायबरेली।** पत्रकारिता के क्षेत्र में करीब चार दशक की निर्विवाद सक्रियता और कई प्रमुख समाचार पत्रों के सम्पादक रहे प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बहादुर सिंह को दिल्ली में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया है। यह सम्मान उनकी बेबाक कार्यशैली और अनुभव को देखते हुए प्रदान किया गया है। जनपद रायबरेली से 1987 में फर्श से अर्श तक पत्रकारिता का यादगार सफर तय करने वाले श्री सिंह दैनिक भास्कर, जनकदम, आज, स्वतंत्र भारत, कुबेर टाइम्स, हिंदुस्तान, वजनसत्ता एक्सप्रेस, और राष्ट्रीय सहारा, के ब्यूरो चीफ रहे है। लखनऊ से प्रकाशित श्री टाइम्स , दैनिक भास्कर समाचार पत्र यूपी उत्तराखंड के संपादक के साथ-साथ हर खबर , न्यूज इंडिया न्यूज चैनल के उत्तर प्रदेश के संपादक भी रहे हैं । चार दशक की इस गौरवशाली यात्रा में सबसे खास बात दैनिक भास्कर के रायबरेली संस्करण से पत्रकारिता की शुरूआत करने वाले श्री सिंह की कर्मठता, ईमानदारी और उत्कृष्ट लेखन शैली, बेबाक वाकपटुता एवं दीर्घ अनुभव के चलते उन्हें दैनिक भास्कर अखबार के संपादक के रूप में कार्य करने का अवसर भी मिला ।

दिल्ली के एक पंच सितारा होटल में वर्ल्ड कल्चरल एंड एजुकेशनल ऑर्गनाइजेशन द्वारा बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता विंदू दारा सिंह के मुख्य आतिथ्य में उन्हें जर्नलिज्म में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। देश के विभिन्न राज्यों से आए करीब 100 से अधिक अपने-अपने क्षेत्र के नामचीन अतिथियों की उपस्थिति में श्री सिंह को यह सम्मान संस्था द्वारा दिया गया है।




## स्कूटी को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मां-बेटी घायल

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र में महावीर स्कूल के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार मां किरन और उनकी बेटी केनिशा घायल हो गईं। दोनों घायल सरस्वती नगर रायबरेली की रहने वाली हैं। घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर बी.के. सिंह ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया।

घायलों की स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की तलाश जारी है। चैकी इंचार्ज गुलुपुर योगेश पायला ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिली थी मौके पर पहुंचकर घायलों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया है व अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही।

## दोस्तपुर में अवैध पैथोलॉजी पर उठे सवाल स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** जिले के दोस्तपुर कस्बे में अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब्स को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर के अधीक्षक डॉ. अजीत यादव द्वारा बीते सप्ताह कुमार पैथोलॉजी को सीज किया गया था, लेकिन अगले ही दिन यह लैब पुनः संचालित होती देखी गई, जिससे विभागीय कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं। स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने स्मार्ट पैथोलॉजी को भी हाल ही में सीज किया, जो अभी तक बंद है। परंतु कुमार पैथोलॉजी के मामले में कार्रवाई केवल दिखावा बनकर रह गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ अवैध लैब्स को स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारियों की कथित मिलीभगत और मासिक लेनदेन के चलते संरक्षण प्राप्त है। स्थानीय निवासी मनोज शुक्ला, अंकित कुमार, वीरेंद्र कुमार और पिंटू उपाध्याय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मामले में कठोर कदम उठाने और अवैध लैब्स को तत्काल बंद कराने की मांग की है। आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्र के कुछ चिकित्सक मरीजों को कुमार पैथोलॉजी में जांच की सलाह देकर महंगी जांचें करवा रहे हैं, जिससे मरीजों का आर्थिक और स्वास्थ्य दोनों तरह से शोषण हो रहा है। स्थानीय जनता ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

संक्षेप

## मुफ्त बिजली योजना की हुई समीक्षा बैठक

**मथुरा।** परियोजना अधिकारी यूपी नेडा एके वर्मा ने अवगत कराया है कि कलेक्ट्रेट सभागार मथुरा पर पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं समीक्षा बैठक में गत बैठक 23 जुलाई25 के बिन्दुओ पर चर्चा की गयी। बैठक में श्र गरिमा खेर जिला विकास अधिकारी मथुरा, रविन्द्र कुमार सिन्हा एलडीएम केनरा बैंक, अनिल कुमार अधिशासी अभियंता, अधिशासी अभियंता, आरपी सिंह अधिक्षण अभियंता, आशीष कुमार तिवारी अधिशासी अभियन्ता गोवर्धन, गौरव कुमार अधिशासी अभियन्ता, राजेन्द्र गुलानी प्रतिनिधि जीएमआर, ज्ञान सिंह एई मीटर, एके सोनकर वरिष्ठ लिपिक यूपीनेडा मथुरा एवं वेण्डर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए युवक गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान मंगलवार रात्रि सट्टे की खाईबाड़ी करते एक युवक को रेलवे एनसीआर मैदान से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी दीपक जैन निवासी मोहल्ला सत्ता कोठी थाना एत्मादपुर आगरा है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# यमुना खतरे के निशान से ऊपर

## मथुरा-वृंदावन परिक्रमा मार्ग सहित 50 से अधिक कॉलौनियां पानी में डूबीं



**मथुरा।** यमुना के पानी ने मथुरा के निकटवर्ती क्षेत्रों में हा-हाकार मचा दिया है। परिक्रमा मार्ग सहित 50 से अधिक कॉलोनियां बाढ़ की चपेट में है। लोग घर छोड़ कर पलायन करने पर मजबूर है। यमुना का जलस्तर 166.41 मीटर पर है जो खतरे के निशान से ऊपर है। जिलाधिकारी से लेकर पूरा प्रशासन राहत कार्यों में जुटा हुआ है लेकिन हालात फिर भी बिगड़ रहे हैं। राहत शिविरों में लोगों को पहुंचाने के लिए 2 स्टीमर और एक नाव लगाई गई है। निचले इलाकों में करीब 4 से 5 हजार लोग निवास करते हैं। दो हजार लोग शिविर में रह रहे हैं।

हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में छोड़ा गया पानी आफत बन गया है। तटवर्ती इलाकों में बनीं कॉलोनियां और गांव दरिया बन चुके हैं। इन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को बाहर निकाला जा रहा है। प्रशासन ने 3 राहत शिविर बनाए हैं। जहां करीब 2 हजार लोगों को रखा गया है। टीमें लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का खाली कराया जा रहा है। नगर निगम और प्रशासन के अधिकारी खुद स्टीमर में बैठकर लोगों को आगाह कर रहे हैं। आगामी 24 घंटे तटवर्ती इलाकों के लिए खतरे का सबब बन सकते हैं। इसके अलावा कुछ इलाकों में रह रहे करीब 1500 लोगों की जिंदगियां खतरे में फंसी हैं।

शहरी क्षेत्र के इन वृंदावन, जयसिंह पुरा, विश्राम घाट और लक्ष्मीपुर एरिया में पानी भर गया है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में महावन के नगला कोस, छाता के बाबूगढ़, मांट के नौहझील और शेरगढ़ इलाके डूब गए हैं। यमुना के खादर इलाकों में पशुओं की स्थिति खतरनाक है। कुत्ते, बकरियां और गाय पानी में फंसे हैं। हालांकि उन्हें राधा गोशाला में भिजवाया जा रहा है, लेकिन इसके अलावा तमाम कुत्ते अभी बाढ़ ग्रसित इलाकों में दिखाई दिए। बाढ़ नियंत्रण प्रभारी एडीएम वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि हथनीकुंड से 3.29 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। जो कि बुधवार रात से बृहस्पतिवार सुबह तक मथुरा यमुना में दस्तक दे सकता है। प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी करवाकर कॉलानियों को खाली कराया गया है। लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाने के लिए 2 स्टीमर और एक नाव लगाई गई है। जो लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि निचले इलाकों में करीब 4 से 5 हजार लोग निवास करते हैं। जिन्हें राहत शिविरों में भेजा जा रहा है।

### घरों में घुसा 7 फीट पानी

जयसिंहपुरा यमुना की खादर में बनीं गणेश धाम कॉलोनी, कन्हैया कुंज, परिक्रमा मार्ग, राधा किशन वैली, भगवत विहार कॉलोनी, न्यू लक्ष्मी नगर, किशोरी नगर आदि इलाके के सैकड़ों मकान बाढ़ प्रभावित हो गए हैं। घरों में 6 से 7 फीट तक पानी भर गया है। उधर यमुना के जल में निरंतर हो रही बढ़ोत्तरी से क्षेत्र के हालात चिंताजनक हैं। गांव बाबूगढ़ के ग्रामीण घरों में ताले लगाकर रिश्तेदारों के यहां सुरक्षित स्थान पर चले गए हैं। प्रशासन ने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है। यमुना ने विकराल रूप धारण कर लिया है। जिला प्रशासन द्वारा दिल्ली से आ रहे बाढ़ के पानी के संबंध में की चेतावनी जारी की है। इसके बाद से ग्रामीण सुरक्षित स्थानों में चले गए हैं। मंगलवार को शेरगढ़ थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने सभी गांवों में लोगों को सतर्क किया था। इसके बाद छाता एसडीएम गौरव गोयल ने स्टीमर की सहायता से कई ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा। शेरगढ़ थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने थाने के सभी दरोगा और पुलिसकर्मियों को बाढ़ की निगरानी पर लगाया हुआ है। बाढ़ नियंत्रण प्रभारी पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी मंगलवार से ही करवा दी गई है। लगातार स्टीमर और नाव से गश्त की जा रही है। जयसिंहपुरा में रुहानी आश्रम, डीएवी और बिरला मंदिर में राहत शिविर लगाए गए हैं। जहां उनकी रहने खाने-पीने की व्यवस्था की गई है।

## भक्ति-संस्कृतियों का संगम वामन भगवान शोभायात्रा

**मथुरा।** श्रीवामन भगवान महोत्सव समिति के तत्वावधान में आगामी 4 सितंबर, गुरुवार को कुंजबिहारी मंदिर, डीग गेट से सायं 5 बजे भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसी को लेकर बुधवार को होली गेट स्थित दाऊजी मंदिर में दोपहर 2 बजे आयोजित प्रेस वार्ता में समिति पदाधिकारियों ने शोभायात्रा की रूपरेखा साझा की। समिति के मुख्य संरक्षक पं. राम गोपाल शर्मा ने कहा कि यह आयोजन समाज में एकता, सद्भावना और भाईचारे का संदेश देगा। शोभायात्रा सभी के सहयोग से ऐतिहासिक रूप धारण करेगी।मुख्य संयोजक संजय पिपरिया ने बताया कि शोभायात्रा में भव्य झांकियां, अखाड़े, ध्वज पताकाएं और भक्तों की टोलियां आकर्षण का केंद्र होंगी। आयोजन को लेकर समिति की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।कार्यकारी अध्यक्ष संजय हरियाणा ने कहा कि समिति का लक्ष्य केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति का गौरव बढ़ाना और समाज को जोड़ना है। वहीं समिति के संस्थापक पं. श्याम शर्मा ने कहा कि वामन भगवान की शोभायात्रा ब्रज की आस्था और संस्कृति का दर्पण है। इसमें अधिक से अधिक लोग शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें। वहीं समिति के पदाधिकारीयों सभी ब्रजवासी बंधुओं से अपील की कि शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और महोत्सव को सफल बनायें।

# एसएसपी ने पुलिस अफसरों को दिये दिशा निर्देश



**फिरोजाबाद।** एसएसपी सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक नगर ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं समस्त थाना प्रभारी शाखा प्रभारियों संग अपराध गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें जनपद मे चाक-चौबंद कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत एसएसपी द्वारा सभी को दिशा निर्देश दिए गए कि समस्त पुलिस अधिकारी थाना प्रभारी अपने अपने थाना कार्यालयों में समय सुबह 10.बजे से 12 बजे तक उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता देते हुए शिकायत का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएँगे। महिला सम्बन्धी अपराध के मामले में तत्काल प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।जनपद में गौवध एवं गौतस्करी करने वाले अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करेंगे। गुण्डा माफिया अपराधियों के विरुद्ध 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए सम्पत्ती जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लाएँ, साथ ही जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण थाना प्रभारी चौकी प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत इफैक्टिव फुट पैट्रोलिंग करेंगे ।चोरी लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में प्रभावी पैट्रोलिंग की कार्यवाही करेंगें, चोरी लूट के अपराधी जो जेल से बाहर है उन्हे तस्दीक करेंगे तथा प्रवेंटिव की कार्यवाही अमल में लायेगे। जिलाबदर और इनामियाँ अपराधियों एवं हिस्ट्रीशीटर अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करेंगे ।माह के अन्त में सभी थाना प्रभारियों की टास्क के आधार पर रैंकिंग की जायेगी जिसके आधार पर उनका मूल्यांकन किया जायेगा। इसके साथ ही एसएसपी ने सराहनीय कार्य करने वाले क्षेत्राधिकारी नगर क्षेत्राधिकारी सिरसागंज प्रभारी निरीक्षक जसराना प्रभारी निरीक्षक टूण्डला थानाध्यक्ष नारखी प्रभारी सर्विलांस व वाचक पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। बुधवार को थाना रसूलपुर क्षेत्रान्तर्गत डायल 112 पर कॉलर सुनील निवासी थाना क्षेत्रान्तर्गत रसूलपुर द्वारा सूचना दी गयी कि उसके छोटे भाई गुड्डू पर सुमित दिवाकर ने फायरिंग की है। प्राप्त सूचना व तहरीर के आधार पर थाना रसूलपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा उक्त प्रकरण में सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी तथा अभियुक्त सुमित दिवाकर की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अभियुक्त सुमित दिवाकर फरार होने की फिराक में है,जो नगला बरी चौराहे के पास देखा गया है। सूचना पर तत्काल थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा फतेहाबाद रोड नगला बरी चौराहे पर सघन चैकिंग अभियान चलाया चैकिंग के दौरान सामने से एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर उक्त संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा जिसका पुलिस टीम द्वारा पीछाकर घेराबंदी की गयी । खुद को घिरता हुआ देखकर उक्त संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में संदिग्ध व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान सुमित दिवाकर पुत्र अनिल दिवाकर निवासी प्रेमनगर डाक बंगला थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है जोकि थाना रसूलपुर पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त था।अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 03 जिंदा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

# जिलाधिकारी बढ़ते जलस्तर को लेकर गंभीर वृंदावन परिक्रमा मार्ग का किया निरीक्षण



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने यमुनाजी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत वृन्दावन परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने परिक्रमार्थियों, श्रद्धालुओं, पर्यटकों, दर्शनार्थियों तथा आम जनमानस को यमुना जी के नजदीक न जाने का आग्रह किया। जिलाधिकारी ने सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों एवं पशुओं को ससमय सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन द्वारा बाढ़ राहत शिविर/ शेल्टर होम बनाए गए है, जिसमें सभी मूल-भूत सुविधाएं उपलब्ध है। राहत शिविर में भोजना पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय, मेडिकल टीम, विद्युत, बेड, गद्दे, चादर, तकिया आदि व्यवस्थाएं है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि बाढ़ के दृष्टिगत आप सभी नजदीकी राहत शिविर में पहुंचे। जिलाधिकारी ने परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण करते हुए नगर निगम, पुलिस तथा उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग पर उपस्थित सभी भिक्षुक को राहत शिविरों में पहुंचाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन को निर्देश दिए कि सभी साधु, संतों, बेसहारा लोगों, बाहर से आए श्रद्धालुओं आदि को आश्रमों, राहत शिविरों/ बाढ़ शरणालय स्थलों/ शेल्टर होम में पहुंचाया जाए। किसी भी परिवार को समस्या नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने परिक्रमा मार्ग के निरीक्षण के पश्चात मलूक पीठ आश्रम वृन्दावन, धीर समीर आश्रम वृन्दावन, श्री कृष्ण कृपा आश्रम वृंदावन तथा गुरुकुल संस्कृत विश्वविद्यालय वृन्दावन का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी आश्रमों में बाढ़ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित रखने हेतु हॉल तथा कमरों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मोदी भवन वृंदावन में स्थापित बाढ़ राहत शिविर/ शेल्टर होम में उपस्थित बाढ़ प्रभावित परिवारों से वार्ता की तथा सभी का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने शिविर में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा पूछा कि समय से भोजन मिलता है या नहीं, जिसपर परिवारों ने अवगत कराया कि समय से भोजन मिल रहा है, किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। परिवारों ने कहा कि उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। निरीक्षण में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन चला रहा जागरूकता कार्यक्रम



**फिरोजाबाद।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं महिला कल्याण विभाग उप्र शासन के आदेशानुसार महिला कल्याण विभाग मिशन शक्ति संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के तहत जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 10 दिवसीय संकल्प नारी सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में बुधवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संवेदीकरण कार्यक्रम कन्या भ्रूण हत्या किडनैपिंग मोलेस्टेशन गुड टच बैड टच सोशल मीडिया के फायदे व नुकसान आदि विषयों पर प्रकाश डालते हुए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हाली पब्लिक स्कूल एवं प्राथमिक स्वास्थ केंद्र फिरोजाबाद में संपन्न किया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग फिरोजाबाद मिशन शक्ति एचईडब्लू की अधिकारी ज़िला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा व एच. ई. डब्लू स्टाफ अरुण कुमार ने बालिका के जन्म से हो रही संघर्षों पर चर्चा करते हुए बच्चों के अधिकार व बालक संबंधी अधिनियमों पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम चाइल्ड ट्रैफिकिंग, आदि प्रविष्टि जानकारी प्रदान की। इसके साथ साथ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों, शिक्षा व कैरियर आदि के विषय में चर्चा की गई और सभी शिक्षकों आंगनवाडी बहने, आशा बहने और बच्चों ने एकजुट होकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ ली। साथ ही सीएम कन्या सुमंगला योजना विधवा पेंशन योजना हेल्पलाइन 181 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना साइबर हेल्पलाइन 1930 पर विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं मिशन शक्ति योजना संबंधी स्टिकर चश्मा अभियान व वितरण, पंपलेट वितरण कर जागरूकता विकसित की गई। कार्यक्रम का संचालन महिला कल्याण विभाग एचईडब्लू. अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा ने किया। पीएलवी प्रवीन कुमार ने बताया कि लोक अदालत न्यायपालिका की सुलभ और प्रभावी व्यवस्था है, जिसमें आर्थिक कमजोर पीड़ित महिलाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निशुल्क वकील अलाट कराने का प्रावधान है।

# 220 करोड़ की कार्य योजना पर जनप्रतिनिधियों ने लगायी मुहर



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद और धर्मार्थ विभाग के अंतर्गत 2025-26 की प्रस्तावित कार्य योजना को सहमति दे दी गई है। माननीय मंत्री गन्ना विकास और चीनी उद्योग चैधरी लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 220 करोड़ के कार्यों पर विचार किया गया है। इसमें ब्रज तीर्थ विकास परिषद के 120 करोड़ के कार्य शामिल है।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद सभागार में ब्रज क्षेत्र के समेकित विकास के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श के लिए जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा जनपद मथुरा के अन्तर्गत ब्रज के धार्मिक एवं पौराणिक स्थलों के विकास से जुड़े 120 करोड़ रुपये के प्रस्ताव वर्ष 2025-26 की कार्य योजना के रूप में प्रस्तुत किए गए। कैबिनेट मंत्री की अध्यक्षता वाली इस बैठक में विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह, विधायक मांट राजेश चैधरी, एमएलसी सदस्य ओमप्रकाश सिंह ने क्षेत्रीय आवश्यकता के अनुसार कुछ संशोधन का प्रस्ताव रखा। इस पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र ने उन्हें सहज स्वीकारते हुए बैठक में सुझाए प्रस्तावों को लिखित रूप में देने का आग्रह जनप्रतिनिधियों से किया।

उक्त कार्य योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने माननीय जनप्रतिनिधियों के समक्ष ब्रज तीर्थ विकास परिषद और धर्मार्थ विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यों की उपयोगिता बताई। इस दौरान माननीय मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग श्री लक्ष्मी नारायण चैधरी जी ने बताया कि बैठक में ब्रज विकास से जुड़े 220 करोड़ रुपये के कार्यों पर सहमति व्यक्त की गई है। इसमें 120 करोड़ के कार्य उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के अंतर्गत होंगे, जबकि 100 करोड़ रुपये के कार्य धर्मार्थ विभाग के तहत प्रस्तावित किए गए है। प्रस्तावित कार्य योजना को जल्द शासन की अनुमति के लिए भेजा जाएगा। सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि कार्य योजना में गोवर्धन और कोकिलावन में 45 करोड़ से टीएफसी, मथुरा वृंदावन परिक्रमा में फसाड़ लाइट हेतु 24 करोड़, 36 प्राचीन वनों का इको रेस्टोरेशन हेतु 12 करोड़, अक्रूर घाट का निर्माण हेतु 8 करोड़, चीर घाट पड़ाव स्थल का विकास हेतु 7 करोड़, खेंचा दाऊजी मंदिर क्षेत्र का विकास आदि कार्य प्रस्तावित किए गए है। इसी तरह धर्मार्थ विभाग से नारायण सरोवर का विकास, नंदगाँव मंदिर परिक्रमा का विकास, वन खंडी महादेव मंदिर क्षेत्र का विकास, अश्वथामा वन की परिक्रमा, वंशी वट तरौली में स्वामी बाबा मंदिर का सौंदर्यीकरण व विकास, मधुरीकुंड का विकास, कोटवन में सीतल कुंड का विकास, नरी सेवरी मंदिर का विकास और एप्रोच रोड का विकास सहित अन्य कई कार्य प्रस्तावित है।

## एनएसयूआई ने बीएसए कॉलेज पर किया प्रदर्शन

**मथुरा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन नै छात्र संगठन और छात्र प्रतिनिधियों की आवाज दबाये जाने के विरोध में बीएसए कॉलेज पर विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में सीओ सिटी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की कमी के कारण पेपर लीक हो रहे हैं, जिससे छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। यह सरकार की विफलता को प्रदर्शित करता है। छात्रों को परीक्षा केंद्रों तक पहुँचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी परीक्षा परिणामों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। छात्र प्रतिनिधियों पर लाठीचार्ज और पुलिस द्वारा परेशान किया जाना भाजपा सरकार में आम बात हो गयी है। छात्रों में सामान्य वर्ग के छात्रों की स्कॉलरशिप भाजपा सरकार में सबसे कम आ रही है। छात्र राजनीति को जीवित करने के लिए छात्र संघ चुनाव होना अति आवश्यक है। महाविद्यालयो में फीस वृद्धि का मुद्दा बहुत बड़ा है। इस अवसर पर प्रवीन ठाकुर, हरीश पचैरी, हर्ष चैरसिया, दुर्गेश बघेल, अनामधन्य तिवारी, रमन चतुवेर्दी, पीयूष अग्रवाल, मनीष शर्मा, गौरव कश्यप आदि मौजूद थे।

एबीवीपी जिलाध्यक्ष नयन शर्मा के अनुसार लखनऊ में मांगों को लेकर प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कार्यकताओं पर लाठीचार्ज किया था। बीएसए कॉलेज में एकत्रित कार्यकताओं ने लखनऊ पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। पुतलादहन के प्रयास के दौरान पुलिस और कार्यकताओं के बीच झड़प हुई। खींचतान में एक दरोगा और कार्यकर्ता गिर गए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर कई कार्यकताओं को हिरासत में लिया। संगठन मंत्री दिव्यांशु पचैरी के नेतृत्व में छात्र कॉलेज गेट पर धरने पर बैठ गए। एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं और लाठीचार्ज की उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। पुलिस बल कॉलेज परिसर में तैनात है और स्थिति पर नजर रख रही है।

# वृंदावन चंद्रोदय मंदिर में ब्रज हेरिटेज फेस्ट 2025 का भव्य आयोजन




**मथुरा।** वृंदावन चंद्रोदय मंदिर की सांस्कृतिक शाखा वी.सी.एम. संस्कृति द्वारा अगस्त 2025 में आयोजित ह्लब्रज हेरिटेज फेस्टह्व ब्रज क्षेत्र का सबसे भव्य सांस्कृतिक उत्सव सिद्ध हुआ। भगवान श्रीकृष्ण की पावन भूमि ब्रज में आयोजित इस अंतर-विद्यालयी उत्सव में प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह उत्सव भारत की जीवंत संस्कृति और परंपराओं का उत्सव था, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें श्रीकृष्ण लीलाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी, शास्त्रीय नृत्य, वैदिक मंत्रोच्चारण, मिट्टी की कलाकृतियाँ, पौराणिक वेशभूषा, वैदिक कथावाचन, रंग भरना, चित्रकला प्रमुख रहे। इस वर्ष ट्रेजर हंट प्रतियोगिता को भी सम्मिलित किया गया, जो विद्यार्थियों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय रही। ब्रज हेरिटेज फेस्ट 2025 में कुल 43 विद्यालयों ने भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों की संख्या 8,162 तक पहुँची। 2 सितंबर 2025 को उत्कृष्ट पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर गोपाल अग्रवाल, श्रीमती गीतांजलि तथा मंदिर के अध्यक्ष चंचलापति दास सहित कई गणमान्य अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार स्वरूप साइकिल, लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्ट वॉच, स्टडी टेबल और बैकपैक प्रदान किए गए। वहीं नन्हे-मुन्ने प्रतिभागी स्लाइडिंग स्कूटर, टिफिन बॉक्स, पेंसिल बॉक्स और कलरिंग बैग पाकर प्रसन्न हो उठे। ब्रज हेरिटेज फेस्ट 2025 ने न केवल छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया, बल्कि ब्रज की सांस्कृतिक धरोहर और भारतीय परंपराओं के संरक्षण का भी संदेश दिया।

## डीएम ने मतदेय स्थलों का निर्धारण करने के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों संग की बैठक

**फिरोजाबाद।** डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं उप जिलाधिकारियों के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्र एवं मतदेय स्थलों का निर्धारण करने के संबंध में बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया,बैठक में डीएम ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य है कि हम वोटर लिस्ट को अत्यंत आसान एवं सरलीकृत तरीके से बनाएं, जिससे मतदाताओं को अपना नाम खोजने में आसानी हो सके,इसलिए जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा अनुभाग बनाया जाए, जहां पर वोटरों का नाम स्पष्टतः के साथ अंकित हो, जिलाधिकारी ने कहा कि इस बैठक का दूसरा उद्देश्य यह है कि कोई ऐसा लोकेशन न हो जहां मतदाता को 2 किलोमीटर से ज्यादा दूर जाना पड़े, उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि ऐसे आंकड़े उपलब्ध करा दे, जहां पर मतदेय स्थल 2 कमी से दूर है, जिससे हम सभी अभी से कार्रवाई कर सकें, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि एक मजरे के लोग दूसरे मुजरे में तभी वोट देने जाएं, जब आधारभूत संरचना उस मजरे की सही ना हो, उन्होंने सभी उपस्थित उप जिला अधिकारियों को निर्देशित किया, कि सभी उप जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और बी एल ओ के साथ बैठक कर लें, साथ ही साथ आप सब यह आंकड़ा अवश्य निकाललें कि कितने क्षेत्र के लोगों को दूसरे मुजरे में जाकर वोट डालना पड़ रहा है, इस बैठक में यादवेन्द्र सिंह जिला अध्यक्ष बसपा सोनू भारती जिला प्रभारी बसपा डॉ विजय आर्य समाजवादी पार्टी उपेंद्र सिंह राजपूत भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी शैलेंद्र सिंह भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष भूरी सिंह यादव भाकपानवल सिंह जिला मंत्री सीपीआईएम अमित गर्ग आप आदि उपस्थित रहे, साथ ही सभी उपजिलाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने की आईजीआरएस संदर्भों के निस्तारण की समीक्षा




**फिरोजाबाद।** डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आईजीआरएस एवं हेल्पलाइन संदर्भों के निस्तारण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया,बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी सभी एसडीएम के साथ-साथ सभी डीसीओ ने प्रतिभाग किया, डीएम ने उपस्थित डीसीओ से आईजीआरएस संदर्भों के संबंध में जानकारी चाही,परंतु किसी भी विभाग का डीसी संतुलित एवं सही उत्तर नहीं दे पाया, डीएम ने बैठक में उपस्थित सभी संबंधितों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में सभी अधिकारी व कर्मचारी संवेदनशील बने जनता के प्रति जवाबदेही हमारी जिम्मेदारी है और हमारा कर्तव्य भी है।

डीएम ने कहा कि आईजीआरएस के मामलों का निस्तारण करते समय सभी संबंधित फील्ड विजिट अवश्य करें, जब तक समस्या का समाधान न हो जाए और शिकायतकर्ता संतुष्ट न हो जाए उस पर कार्य करते रहें, डीएम ने कहा जो भी प्रकरण में शिकायतकर्ता असंतुष्ट नजर आ रहे है वहां पर यह अक्सर देखा जाता है कि स्वीकृतकर्ता अधिकारी में पर्यवेक्षण अधिकारी की आख्या के आधार पर ही अपनी स्वीकृति दे देते हैं,जबकि स्वीकृतकर्ता अधिकारी को स्वयं विजिट कर मामले को गंभीरता से छानबीन कर उसके प्रत्येक पहलुओं पर विचार करना चाहिए और स्वयं शिकायतकर्ता से बात कर उसकी संतुष्टि का आधार तैयार करना चाहिए,जबकि यह देखा जा रहा है कि स्वीकृतकर्ता अधिकारी अपनी जिम्मेदारियां को निर्वहन तत्परता और ईमानदारी के साथ नहीं कर रहे हैं, डीएम ने विद्युत बेसिक शिक्षा पीडब्ल्यूडी, आईसीडीएस के असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं से टेलिफोनिक वार्ता की और उनके असंतुष्ट होने के कारणों को जाना जहां पर उनकी वार्ता को सुन यह प्रतीत हुआ कि उनके मामले को गंभीरता से न ही समझा गया और न ही इनके निस्तारण में गंभीरता दिखाई गई, केवल नीचे के अधिकारियों के रिपोर्ट के आधार पर शिकायतकर्ता का निस्तारण किया गया, डीएम ने कहा कि ऐसे मामले पुनः देखने में आए तो स्वीकृतकर्ता अधिकारी पर गंभीरात्मक कार्रवाई की जाएगी, डीएम ने आगे कहा कि आइजीआरएस सेल में प्रत्येक सोमवार बुधवार और शुक्रवार को आईजीआरएस से संबंधित संदर्भों के निस्तारण हेतु डीसी के साथ अधिकारियों की टीम इन संदर्भों का निस्तारण करेगी, इसलिए सभी विभाग प्राथमिकता के तौर पर अपने संदर्भों का निस्तारण करेंगे, यह शासन की प्राथमिकता में शामिल है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, बैठक में डीसीओ शत्रोहन वैश्य, एडीएम न्यायिक संगीता गौतम एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता सभी एसडीएम व जिला स्तरीय अधिकारी एवं डीसी आदि उपस्थित रहे।

## सप्तम श्रीराधारानी जन्मोत्सवः भक्ति, संगीत और उल्लास से सराबोर रहा पैंठा का भव्य आयोजन

**मथुरा।** गोवर्धन क्षेत्र के गांव पैंठा स्थित प्रसिद्ध श्रीजानकी बल्लभ मंदिर का परिसर बुधवार शाम भक्तिमय उल्लास और दिव्य आनंद से गुंजायमान हो उठा। पैंठा सेवा समिति, गोवर्धन द्वारा आयोजित सप्तम श्रीराधारानी जन्मोत्सव के अवसर पर ह्लदिव्य भजनांजलि व बधाई गायन कार्यक्रमह्व में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिरकत कर भगवती राधा के जन्मोत्सव को भव्यता के साथ मनाया। मंदिर में सजे भव्य फूलबंगला के मनोहारी दृश्य के बीच संध्या छह बजे शुरू हुए इस अद्भुत भजन संध्या ने सभी को भक्ति रस में डुबो दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने श्रीराधा-कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पमाला अर्पित करके किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल धार्मिक भावनाओं को बल मिलता है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और सद्भाव का एक अनूठा उदाहरण भी प्रस्तुत करते हैं। कार्यक्रम की शोभा मथुरा के प्रसिद्ध म्यूजिशियन ग्रुप ह्लशेरा ग्रुपह्व ने बढ़ाई, जिनके मधुर और ऊर्जावान भक्ति गीतों पर श्रद्धालु थिरकने पर मजबूर हो गए। भक्ति रस की धारा में सभी इतना भाव-विभोर हुए कि पूरा वातावरण आनंद और उल्लास से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण थे राजस्थान से पधारे सुविख्यात रसिक जन श्री राकेश शर्मा। उन्होंने राधारानी के मनमोहक भजन गाकर सभी श्रद्धालुओं को झूमने और नृत्य करने पर विवश कर दिया। श्री राधा रानी के मधुर भजनों, जन्मोत्सव बधाई गीतों के साथ-साथ प्रस्तुत दिव्य झांकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

संक्षेप

## टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया ऑल-न्यू एलपीटी 812

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज इंटरमीडिएट, लाइट और मीडियम कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में ऑल-न्यू टाटा एलपीटी 812 को लॉन्च किया है। यह अपनी उच्च पेलोड क्षमता के साथ गाड़ी के मालिकों को अधिक मुनाफा दिलाएगा और संचालन लागत में नए मानक स्थापित करेगा। अपनी उच्च पेलोड क्षमता के साथ, टाटा एलपीटी 812 फ्लीट मालिकों के लिए अधिक मुनाफे का भरोसा देता है। फैक्ट्री-फिटेड एयर-कंडीशनिंग से लैस, एलपीटी 812 भारत का पहला 4-टायर ट्रक है जिसमें 5 टन की रेटेड पेलोड क्षमता है, जो शहरी सड़कों पर बेहतरीन संचालन के साथ अधिक पेलोड की सुविधा देता है। टाटा मोटर्स के प्रमाणितएलपीटी प्लेटफॉर्म पर निर्मित यह ट्रक 6-टायर वाहन की मजबूती को 4-टायर ट्रक की दक्षता, फुर्ती और कम रखरखाव लागत के साथ जोड़ता है। विभिन्न लोड बॉडी विकल्पों के साथ यह वाहन औद्योगिक सामान, बाजार भार, फल-सब्जी और कूरियर सहित कई क्षेत्रों में उपयुक्त है।

## डाक विभाग की एसरी इंडिया से साझेदारी

नई दिल्ली। डाक विभाग ने भौगोलिक सूचना प्रणाली सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली एसरी इंडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (एसरी इंडिया) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते के तहत डाक विभाग अपने डिजिपिन पोर्टल के लिए एसरी इंडिया के हाई रिजोल्यूशन इमेजरी और स्ट्रीट बेसमैप का उपयोग कर सकेगा। इस गठबंधन से डिजिपिन का एसरी इंडिया के लिविंग एटलस पोर्टल के साथ एकीकरण भी सुगम होगा जिससे यह विभाग अधिक बड़े जीआईएस समुदाय तक पहुंच स्थापित कर सकेगा। इसके अलावा, एसरी इंडिया डिजिपिन के लिए अपनी सेवाओं के निर्बाध एकीकरण के लिए डाक विभाग को तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएगी। इस समझौते का उद्देश्य डिजिपिन के विकास एवं क्रियान्वयन में सहयोग के लिए एसरी इंडिया के मैपिंग सॉल्यूशंस का उपयोग करना है जिससे डिजिपिन प्रणाली अधिक दुरुस्त और नागरिकों के अनुकूल बन सके।

## व्हाइटओक कैपिटल के फ्लेक्सी कैप फंड ने तीन साल पूरे किये

बंगलुरु। व्हाइटओक कैपिटल ने अपने पहले फंड - व्हाइटओक कैपिटल फ्लेक्सी कैप फंड की तीसरी वर्षगांठ की घोषणा की है। व्हाइटओक कैपिटल फ्लेक्सी कैप फंड को अगस्त 2022 में लॉन्च किया गया था और इसने 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में 1.44 लाख अनूठे निवेशकों के साथ 5,574 करोड़ रुपये की प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एयूएम) हासिल कर ली है। पिछले तीन वर्षों में, फ्लेक्सी कैप फंड ने भू-राजनीतिक तनावों, मैक्रोइकॉनमिक चुनौतियों और क्षेत्रीय उतार-चढ़ाव जैसी विविध बाजार स्थितियों का सामना करते हुए स्थिर रिटर्न देना जारी रखा।

## वॉबल डिस्प्लेज ने इतिहास रच दिया

नयी दिल्ली। इंडकल टेक्नोलॉजीज के इनहॉउस तकनीकी ब्रांड वॉबल डिस्प्लेज ने आज भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता टेलीविजन में नया ही बेंचमार्क सेट करते हुए मैक्सिमस सीरीज 116.5-इंच गूगल टीवी 5.0 को पेश करने की घोषणा की। यह तकनीकी चमत्कार अन्य ब्रांड्स से कहीं आगे है और (वास्तव में) वॉबल डिस्प्ले की डिस्प्ले तकनीकी के क्षेत्र में रिसर्च और इन्नोवेशन की ताकत का नजारा दिखा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड के कब्जे में रहने वाले इस सेगमेंट में इस तरह किसी भारतीय कंपनी का आना बहुत बड़ी घटना है। मैक्सिमस सीरीज 116.5-इंच टीवी ने इस बड़े साइज में भारत के पहले क्यूएलईडी+ मिनीएलईडी डिस्प्ले तकनीकी के साथ भारतीय घरों में मनोरंजन के लिए एक नयी दुनिया ही बना दी है।



## डायग्नोस्टिक सेंटर शुरू

फैजाबाद। चंदन हेल्थकेयर ने अपनी नवीनतम इकाई, चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर, अयोध्या का उद्घाटन किया और संचालन शुरू किया है। यह शहर में कंपनी की दूसरी डायग्नोस्टिक यूनिट है, जो टियर 2 और टियर 3 क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमने अयोध्या में अपना दूसरा डायग्नोस्टिक सेंटर शुरू किया है।

# सेंसेक्स में 410 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 410 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 135 अंक की तेजी आई। धातु शेयरों में लिवाली और जीएसटी परिषद की बैठक के नतीजों को लेकर उम्मीद से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 409.83 अंक यानी 0.51 प्रतिशत चढ़कर 80,567.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, सेंसेक्स एक समय ऊंचे में 80,671.28 अंक तक गया और नीचे में 80,004.60 अंक तक आया। कुल मिलाकर इसमें 666.68 अंक का उतार-चढ़ाव आया।

पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 135.45 अंक यानी 0.55 प्रतिशत चढ़कर 24,715.05 अंक पर बंद हुआ। जीएसटी परिषद की नयी दिल्ली में दो दिन की बैठक शुरू हो गई है। इस बैठक में कर स्लैब को कम कर पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत करने के प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, टाटा स्टील में सबसे अधिक 5.90 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, इटर्नल, भारतीय स्टेट बैंक और ट्रेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में इन्फोसिस, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टीसीएस, अदाणी पोर्ट्स और भारती एयरटेल शामिल हैं। मिली-जुली शुरुआत के बाद, जीएसटी स्लैब को युक्तिसंगत बनाने से उपभोग-आधारित क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद से उत्साहित शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। निकट अवधि में, बाजार की धारणा जीएसटी परिषद की बैठक के नतीजों पर निर्भर करेगी...। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.90 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.63 प्रतिशत के लाभ में रहा। बीएसई में सूचीबद्ध 2,624 शेयर लाभ में जबकि 1,484 नुकसान में रहे। वहीं 162 शेयर के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। धातु शेयरों में अच्छी तेजी के चलते, सेंसेक्स ने कारोबार के दौरान निचले स्तर से बाहर आते हुए बढ़त हासिल किया और निफ्टी 24,700 अंक के स्तर को फिर से हासिल करने में सफल रहा। चीन द्वारा आपूर्ति पर अंकुश लगाने और कमजोर डॉलर के कारण धारणा में सुधार से टाटा स्टील, सेल, जिंदल स्टील और हिंदुस्तान कॉपर के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। जीएसटी परिषद की बैठक में खपत बढ़ाने वाले कर में कटौती को लेकर चर्चा से भी उम्मीद बंधी है और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, वाहन और टिकाऊ वस्तुओं के शेयरों में तेजी रही...।

# रुपया सार्वकालिक निचले स्तर से उबरा, नौ पैसे की बढ़त के साथ 88.06 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया बुधवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर गया और नौ पैसे की बढ़त के साथ 88.06 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि सकारात्मक घरेलू शेयर बाजार, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और कमजोर अमेरिकी डॉलर से भारतीय मुद्रा को बल मिला। भारत और अमेरिका के बीच जारी व्यापार शुल्क चिंताओं से विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर के निकट कारोबार कर रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.15 पर खुला। दिन में यह 88.19 प्रति डॉलर के निचले और 87.98 प्रति डॉलर के उच्च स्तर के बीच कारोबार करता रहा। अंत में यह 88.06 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव



से नौ पैसे की बढ़त है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 88.15 पर बंद हुआ था। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से आज अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मजबूत हुआ। कमजोर अमेरिकी डॉलर ने भी रुपये को समर्थन दिया। चौधरी ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जारी व्यापार शुल्क चिंताओं के कारण विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच रुपये के मामूली नकारात्मक रुझान के साथ कारोबार करने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.19 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 409.83 अंक की बढ़त के साथ 80,567.71 अंक पर और निफ्टी 135.45 अंक चढ़कर 24,715.05 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 67.99 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक मंगलवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,159.48 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## श्रम मंत्रालय ने फर्जी पीएमवीबीआरवाई मंच के खिलाफ नागरिकों को आगाह किया

नयी दिल्ली। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने नागरिकों को कुछ फर्जी प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना (पीएमवीबीआरवाई) मंचों के प्रति बुधवार को आगाह करते हुए कहा कि ये मंच सरकार का उपक्रम होने का झूठा दावा कर रहे हैं।

श्रम मंत्रालय के बयान में कहा गया, मंत्रालय इन वेबसाइट या उनकी गतिविधियों से किसी भी तरह का संबंध होने से इनकार करता है। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसी वेबसाइट के साथ कोई भी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, न उनसे जुड़ें या न उनके माध्यम से कोई भुगतान करें। इसमें कहा गया कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि कुछ वेबसाइट भारत सरकार के उपक्रम होने का झूठा दावा कर रही हैं। कथित तौर पर मंत्रालय के नाम से अखिल भारतीय स्थानों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित कर रही हैं। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना मंच, इस योजना के तहत पंजीकरण की सुविधा प्रदान करता है। इसे अगस्त में जारी किया गया था। इसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में की थी। मंत्रालय ने कहा कि योजना के तहत प्रामाणिक जानकारी एवं सेवाओं के लिए, नियोक्ता प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना मंच पीएमवीबीआरवाईडॉटईपीएफआईएन डीआईएडॉटजीओवीडॉटआईएन या पीएमवीबीआरवाईडॉटएलएबीओयूआरडॉटआईएन पर जा सकते हैं।

## सोना 1.07 लाख रुपये के नये रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में ढील की उम्मीद, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच बुधवार को स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1,07,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार को 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। दिल्ली के बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने ने लगातार आठवें सत्र में बढ़त जारी रखी और बुधवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,06,200 रुपये प्रति 10 ग्राम



(सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एसोसिएशन के अनुसार, इस बीच, बुधवार को चांदी की कीमतें 1,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना चढ़कर 3,547.09 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में ढील की उम्मीद, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग मज़बूत रहने से सोने की कीमतों में तेज़ी जारी है। हालांकि, न्यूयॉर्क में हाजिर चांदी 0.11 प्रतिशत गिरकर 40.84 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। बाज़ार का ध्यान इस सप्ताह के अमेरिकी बेरोज़गारी और गैर-कृषि वेतन के आंकड़ों पर केंद्रित हो गया है, जो शुक्रवार को जारी होने वाले हैं, और ब्याज़ दरों में कटौती की उम्मीदों के साथ, सोने को समर्थन मिलने की संभावना है। सोने की इस तेज़ी में मुनाफ़ावसूली जल्द नहीं होगी। अमेरिकी प्रशासन ने शुल्क के संबंध में उच्चतम न्यायालय से शीघ्र फ़ैसला लेने का अनुरोध करने की अपनी मंशा की घोषणा की है।

## विनिर्माण इकाइयों से संबंधित मुद्दों की समीक्षा के लिए बनी समिति

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाए जाने के बीच विनिर्माण इकाइयों के लिए कर एवं निर्यात मंजूरी से जुड़े मुद्दों की समीक्षा करने और व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने के उपाय सुझाने के लिये एक समिति गठित की है।

एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि इस समिति में वित्त मंत्रालय, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, वाणिज्य विभाग, विदेश व्यापार महानिदेशालय और भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि शामिल हैं। उद्योग मंडलों, भारतीय निर्यात संगठन महासंघ, निर्यात संवर्धन परिषदों और परामर्शदात्री संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी इस समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। इस समिति के दो माह के भीतर अपनी रिपोर्ट देने की संभावना है। विनिर्माण पर गठित समिति मौजूदा कर ढांचे तथा निर्यात मंजूरी प्रक्रियाओं का अध्ययन कर यह आकलन करेगी कि इनका विनिर्माण क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा और निर्यात प्रदर्शन पर किस तरह का असर पड़ रहा है। जरूरत पड़ने पर इसमें सुधार या विकल्प भी सुझाए जाएंगे। इसके अलावा यह समिति इंजीनियरिंग, दवा, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य, वस्त्र, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण जैसे उच्च संभावना वाले क्षेत्रों में विशेष चुनौतियों की पहचान करेगी।

# भेदिया कारोबार नियमों के अनुपालन के लिए बैंकों का आंतरिक नियंत्रण जरूरी: सेबी चेयरमैन

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि भेदिया कारोबार नियमों का पालन करना बैंकों के प्रबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है और उन्हें ऐसे उल्लंघनों का पता लगाने एवं उन पर रोक लगाने के लिये आंतरिक नियंत्रण को मजबूत करना होगा। सेबी प्रमुख ने बैंकों के प्रबंध निदेशकों एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) को संबोधित करते हुए कहा कि भेदिया कारोबार का खतरा वहीं पनपता है।

जहां नियंत्रण कमजोर होते हैं, प्रक्रियाएं अस्पष्ट रहती हैं, जिम्मेदारियां तय नहीं होतीं और निगरानी असंगत रहती है। उन्होंने कहा कि बैंकों के भीतर का कमजोर नियंत्रण होना कई धोखाधड़ियों की जड़ है। भेदिया कारोबार वह स्थिति है जब किसी कंपनी से जुड़ा व्यक्ति कंपनी की सार्वजनिक रूप से अप्रकाशित जानकारी का इस्तेमाल कर शेयरों की खरीद-फरोख्त करता है और अनुचित लाभ कमाता है। सेबी प्रमुख की यह टिप्पणी जून में इंडसइंड बैंक के कुछ शीर्ष अधिकारियों द्वारा भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन के मामले में जारी सेबी के अंतरिम आदेश की पृष्ठभूमि में आई है। बाजार नियामक ने पाया था कि निजी क्षेत्र के इस बैंक के कुछ वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें प्रबंध निदेशक एवं सीईओ और डिप्टी सीईओ भी शामिल थे, अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील सूचना का इस्तेमाल कर बैंक के शेयरों में लेनदेन कर रहे थे। पांडेय ने कहा कि एक मजबूत आंतरिक नियंत्रण ढांचा यूपीएसआई की जिम्मेदारी तय करता है, समय पर अधिक सटीक खुलासा सुनिश्चित करता है।

## भारतीय जीवन बीमा निगम ने खाद्य वितरण वाहन प्रदान किया

कानपुर। भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपने सामाजिक दायित्वों की पूर्ति हेतु वर्ष 2006 में एल.आई.सी. गोल्डेन जुबली फॉउंडेशन की स्थापना की थी। फॉउंडेशन का मुख्य उद्देश्य सामान्य जन सुविधाओं एवं शिक्षा में अभिवृद्धि करना एवं समाज के लिए उपयोगी संस्थानों में अपना सहयोग देना है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जीवन बीमा निगम के उत्तर मध्य क्षेत्र के अंतर्गत एल.आई. सी. कानपुर मण्डल की वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक मोनिका जगधारी के करकमलों द्वारा इस्कॉन कानपुर को वंचितों को सुविधानुसार खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, इस प्रयोजनार्थ एक खाद्य वितरण वाहन प्रदान किया गया। इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम के कानपुर मण्डल के विपणन प्रबंधक एल.आई.सी. सदैव सामाजिक दायित्वों की पूर्ति हेतु कार्यरत रही है और हम भविष्य में भी इसी प्रकार से सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे।

# देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर में 15 साल के उच्च स्तर पर

नयी दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में 15 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह मांग की स्थिति में पर्याप्त सुधार के बीच नये ऑर्डर एवं उत्पादन में तेज वृद्धि से प्रेरित रही।

बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई के 60.5 से अगस्त में 62.9 पर आ गया। यह जून 2010 के बाद से विस्तार की सबसे तेज दर दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। सर्वेक्षण के अनुसार, अगस्त के दौरान मांग में उल्लेखनीय सुधार ने नये ऑर्डर एवं गतिविधियों की वृद्धि को 15 वर्ष में अपने उच्च स्तर पर पहुंचा दिया। सेवा गतिविधि की वृद्धि दर 15 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। नये ऑर्डर में बढ़ोतरी के दम पर यह जुलाई के 60.5 से बढ़कर अगस्त में 62.9 हो गई। कीमतों के मोर्चे पर मुद्रास्फीति की दर नौ महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई।

## वॉटर वॉयेज नॉर्थईस्ट 2025 सम्मेलन का आयोजन

गुवाहाटी। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में भाग लेंगे, जो 27 से 31 अक्टूबर तक मुंबई में आयोजित होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम में मुख्य भाषण देंगे। गुवाहाटी में आयोजित ह्यवॉटर वॉयेज नॉर्थईस्ट 2025 सम्मेलन को संबोधित करते हुए सोनोवाल ने मुंबई में होने वाले आयोजन भारत की समुद्री शक्ति को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का ऐतिहासिक अवसर बताया, जिसमें 100 से अधिक देशों और एक लाख से अधिक हितधारकों की भागीदारी होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की उपस्थिति भारत की वैश्विक समुद्री नेतृत्व को और मजबूत करेगी, खासकर ऐसे समय में जब यह क्षेत्र अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। इंडिया मैरीटाइम वीक विचारों का नहीं, आत्मविश्वास का संगम होगा।

## पेज एक का शेष

### दिल्ली में

टीला के बाजार में पानी भरने के कारण सन्नाटा छा गया। दुकानदार अनुप थापा ने कहा हमने अपनी दुकान से ज्यादातर सामान हटा लिया लेकिन कुछ सामान खराब हो गया। पानी निकलने के बाद दुकान की मरम्मत करनी होगी जिसकी कीमत हमें चुकानी पड़ेगी। थापा अपनी पत्नी और तीन साल की बेटी के साथ सड़क किनारे शिविर में रह रहे हैं।

उन्होंने बाढ़ के पानी के ऊपर बिजली के लटकते तारों को चिन्हित करते हुए कहा यह वर्ष 2023 के बाद दूसरी बार है। मैं सरकार से सड़कों को साफ करने और क्षेत्र को ठीक कराने का आग्रह करता हूं ताकि ऐसी घटनाएं फिर न हों। मदनपुर खादर में झुग्गी में रहने वाले परिवार अब पुराने प्लास्टिक शीट के तम्बू में रह रहे हैं। एक निवासी तायरा ने कहा हमारा ज्यादातर सामान अंदर है। हम बड़ी मुश्किल से कुछ चीजें निकाल पा रहे। महिलाएं कई सारी समस्याओं का सामना कर रही हैं क्योंकि शौचालय नहीं हैं। आवारा कुत्ते भी बढ़ते पानी से बचने के लिए सुनसान घरों की सीढ़ियों पर चढ़ गए हैं। एक अन्य व्यक्ति ने कहा परिवारों के पास न तो भोजन था और न ही बर्तन, और वे केवल बिस्कुट और बन से काम चला रहे हैं। हम अपने लिए आवश्यक खाना भी नहीं ला सके और अब हमारे पास खाना पकाने की कोई सुविधा भी नहीं है। हम कियोस्क से जो कुछ भी खरीद सकते हैं, उसी पर जीवित रह रहे हैं।

लोग कमर तक भरे पानी में अपने बुजुर्ग माता-पिता की मदद करते देखे गए, जबकि कुछ लोग सड़क किनारे छोटे-छोटे तंबुओं में अपनी बची-खुची चीजें लेकर बैठे रहे। कारें, मोटरसाइकिलें और फर्नीचर पानी में डूब गए, जबकि कई निवासी दूर खड़े असहाय होकर अपने घरों को डूबते हुए देख रहे थे।

### यूपी और पंजाब

और खराब हो रही है। अधिकारियों के अनुसार, अब तक 30 लोगों की मौत हो चुकी है और 3.50 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। करीब 1.48 लाख हेक्टेयर भूमि से अधिक फसल बाढ़ में नष्ट हो गई। गुरदासपुर, पठानकोट, फाजिल्का, कपूरथला, तरनतारन, फरीदकोट, होशियारपुर और अमृतसर जिले सबसे अधिक प्रभावित हैं। एनजीओ और सिख संगठनों ने सरकारी प्रयासों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य जारी रखा है। स्वयंसेवकों ने बताया कि कई जगहों पर खेत 8-10 फुट पानी में डूब गए हैं और गांवों तक पहुंचने के लिए नावों का सहारा लेना पड़ रहा है।

गाजियाबाद में जिलाधिकारी ने आदेश जारी किया है कि 3 सितंबर को नर्सरी से कक्षा 12 तक के सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद रहेंगे। इसी तरह, गौतमबुद्धनगर में भी सभी बोर्डों से संबद्ध स्कूलों में आज अवकाश घोषित किया गया है, जिसमें नर्सरी से 12वीं तक के छात्र शामिल हैं। आदेश जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर जारी किया गया है।

मेरठ जिले में दो दिनों से जारी बारिश के चलते जिला विद्यालय निरीक्षक ने आदेश दिया है कि 3 सितंबर को कक्षा 8वीं तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे। इसमें परिषदीय, राजकीय, सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई और मदरसा बोर्ड से संबद्ध विद्यालय शामिल हैं। वहीं, मथुरा जिले में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया है, जिससे कुछ स्कूलों में भी पानी घुस गया है। स्थिति को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (इरअ) ने बुधवार और गुरुवार (3 और 4 सितंबर) को कक्षा 12वीं तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। इसके अतिरिक्त, हापुड़ जिले में भी भारी वर्षा के चलते आज स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है।

### जम्मू-कश्मीर

स्थापित करने के कई प्रयास करने के बाद, नागरिक प्रशासन ने लोगों को बचाने के लिए बीएसएफ से एक हेलीकॉप्टर की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ ने इस पर प्रतिक्रिया दी और उसके हेलीकॉप्टर ने लगातार बारिश के बावजूद फंसे हुए गांव से 45 नागरिकों को सफलतापूर्वक सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए तीन उड़ान भरीं।

### जीएसटी में

प्रतिशत करने पर विचार किया गया। बिना पैक खाद्य पदार्थों पर शून्य कर जारी रहेगा।

सूत्रों के मुताबिक, जूते-चप्पल और रेडिमेड कपड़ों पर भी राहत का प्रस्ताव है। अभी तक 1,000 रुपये तक की कीमत वाले उत्पादों पर पांच प्रतिशत और उससे अधिक दाम वाले उत्पादों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगता है। जीएसटी परिषद ने जूते-चप्पल एवं परिधानों पर पांच प्रतिशत कर की सीमा बढ़ाकर 2,500 रुपये करने का फैसला किया है। इससे ऊपर की श्रेणी के रेडिमेड कपड़े एवं जूते 18 प्रतिशत कर के दायरे में आएंगे। टूथपाउडर, दूध पिलाने वाली बोतल, बर्तन, साइकिल, बांस के फर्नीचर और कंघी जैसी वस्तुओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत किए जाने की संभावना है। वहीं, शैम्पू, टैल्कम पाउडर, टूथपेस्ट, ब्रश, फेस पाउडर, साबुन और हेयर ऑयल पर कर को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने पर चर्चा हुई। सीमेंट पर कर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत और छोटे पेट्रोल-डीजल वाहनों एवं 350 सीसी इंजन तक के दोपहिया वाहनों पर कर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर भी विचार हुआ है।

सूत्रों ने कहा कि टेलीविजन, एयर कंडीशनर, डिशवॉशर जैसे उपभोक्ता उत्पादों पर भी कर को घटाकर 18 प्रतिशत के स्लैब में लाने का प्रस्ताव है। यह कदम ऐसे समय उठाया जा रहा है जब अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत तक का शुल्क लगा दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि जीएसटी सुधार लागू होने के दो साल में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में 0.5 प्रतिशत अंक तक की तेजी आ सकती है। ऐसा होने पर अमेरिका की तरफ से लगाए गए उच्च शुल्कों के असर को कम करने में मदद मिलेगी। इस बीच, जीएसटी बैठक शुरू होने से पहले विपक्षी दलों के शासन वाले आठ राज्यों ने अलग से बैठक कर अपनी रणनीति तय की और दरों में कटौती से होने वाली राजस्व क्षति की भरपाई करने की मांग दोहराई। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि उनके राज्य को कर स्लैब में बदलाव से 2,000 करोड़ रुपये का नुकसान होगा और केंद्र को इसकी भरपाई करनी चाहिए। किशोर ने कहा अगर केंद्र सरकार इस बदलाव से हमें होने वाले नुकसान की भरपाई करने के लिए तैयार हो जाती है तो हमें परिषद की बैठक में रखे जाने वाले एजेंडा को मंजूरी देने में कोई समस्या नहीं है।

### इलेक्ट्रानिक

घटाकर पांच प्रतिशत करने पर चर्चा हुई। सीमेंट पर कर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत और छोटे पेट्रोल-डीजल वाहनों एवं 350 सीसी इंजन तक के दोपहिया वाहनों पर कर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर भी विचार हुआ है। सूत्रों ने कहा कि टेलीविजन, एयर कंडीशनर, डिशवॉशर जैसे उपभोक्ता उत्पादों पर भी कर को घटाकर 18 प्रतिशत के स्लैब में लाने का प्रस्ताव है।

### 2047 में

का हिस्सा बनेंगे। विजन डॉक्यूमेंट अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति थीम पर आधारित है।

कार्यशाला में प्रशासन, पुलिस, वन सेवा, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों से सेवानिवृत्त 400 से अधिक अधिकारियों और प्रबुद्धजनों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला की शुरूआत में 2017 के बाद उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा और विजन@2047 पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प अभियान के क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। इस अभियान में 25 करोड़ जनता को भागीदार बनाना है। आप सभी प्रबुद्धजनों का सहयोग युवाओं को जागरूक करने और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि 16वीं-17वीं शताब्दी में भारत वैश्विक जीडीपी में 25% हिस्सा रखता था, जो 1947 तक 2% रह गया। 2014 में भारत 11वीं अर्थव्यवस्था था, लेकिन आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2027 तक तीसरी बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अगर यही गति रही, तो 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य संभव है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में सीएम ने कहा कि 1947 और 1960 तक यूपी का राष्ट्रीय जीडीपी में योगदान 14% था, लेकिन 2016-17 तक यह 8% हो गया और यूपी आठवीं अर्थव्यवस्था बन गया। बीते आठ वर्षों में हमने निराशा को उत्साह में बदला। आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रकृति और परमात्मा की कृपा से यूपी के पास सब कुछ है, बस संकल्प की जरूरत है।

### 3 मिशन

की है। यह खाका न केवल राज्य की विकास आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि इसे आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी नई ऊंचाइयों पर ले जाने का लक्ष्य रखता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह खाका केवल कागज पर बनी योजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के हर नागरिक को इसका सीधा लाभ मिलेगा। सरकार का उद्देश्य है कि 2047 तक उत्तर प्रदेश एक ऐसा राज्य बने जो आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और सामाजिक रूप से समान व न्यायपूर्ण हो। **प्रदेश सरकार के तीन मिशन**

समग्र विकास मिशन : हर नागरिक को घर, पानी, बिजली और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना। यह मिशन जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और बुनियादी जरूरतों की पूर्ति पर केंद्रित होगा। आर्थिक नेतृत्व मिशन : उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्र को प्रतिस्पर्धी बढ़त दिलाकर उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक स्तर पर आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करना। सांस्कृतिक पुनर्जागरण मिशन : परंपरा और आधुनिकता का संतुलित संगम प्रस्तुत करते हुए उत्तर प्रदेश को सांस्कृतिक धरोहर के साथ-साथ आधुनिक तकनीक और नवाचार का गढ़ बनाना।

### हरिद्वार कुंभ

से पूरी की जाएगी। उन्होंने सरकारी भूमि और सड़कों पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए ताकि मेले की तैयारियों में किसी तरह की बाधा न आए।

बैठक में बहादराबाद-श्यामपुर बाईपास का निर्माण तेज करने पर बल दिया गया। साथ ही श्यामपुर, गैंडीखाता और चंडीघाट क्षेत्रों में विशेष टेंट सिटी तैयार करने का निर्णय लिया गया। यातायात और पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान, शटल सेवा और आंतरिक मार्गों के सुधार पर भी जोर दिया गया।

### जब तक

कदम उठा रही है और उनका जीवन आसान बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

### यूपी : सड़क

क्षेत्र के डहरपुर कला गांव के पास हुआ। मृत महिला की अभी पहचान नहीं हो पाई है और घायलों में एक बच्चे की हालत गंभीर है।

जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि चालक को झपकी आ गई होगी, जिसकी वजह से यह दुर्घटना हुई। लगभग 20 यात्री घायल हुए हैं, जिसमें से कुछ को मामूली और कुछ को गंभीर चोट आई हैं।




# यूपी- टी 20 : काशी रुद्रास की रोमांचक जीत

## क्वालिफायर-1 में मेरठ मावेरिक्स को पांच रन से हरा कर काशी रुद्रास फाइनल में

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश टी-20 लीग का पहला क्वालिफायर बुधवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में खेला गया। इस हाई वोल्टेज मुकाबले में काशी रुद्रास ने मेरठ मावेरिक्स को बेहद रोमांचक अंदाज में 5 रनों से हराकर सीधे फाइनल का टिकट कटाया। टॉस काशी रुद्रास ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पावरप्ले में टीम ने संयमित शुरूआत की। ओपनरों ने विकेट बचाते हुए धीरे-धीरे रन बनाए, हालांकि मेरठ के गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा।

मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने अच्छे स्ट्रोक्स दिखाए और साझेदारियाँ बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुँचाया। आखिरी ओवरों में मेरठ की गेंदबाजी ने थोड़ी वापसी की और लगातार विकेट चटकाए, जिसकी वजह से स्कोर बहुत बड़ा नहीं बन सका। निर्धारित 20 ओवर में काशी रुद्रास ने 8 विकेट खोकर 166 रन बनाए। यह स्कोर न तो बहुत बड़ा था और न ही छोटा, लेकिन क्वालिफायर जैसे अहम मैच में दबाव बनाने के लिए पर्याप्त था। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेरठ मावेरिक्स की शुरूआत अच्छी रही। टॉप ऑर्डर ने कुछ उपयोगी रन जोड़े और स्कोरबोर्ड को गति दी। लेकिन जैसे-जैसे पारी आगे बढ़ी, काशी के गेंदबाजों ने मैच का रुख पलटना शुरू किया। अटल बिहारी राय की सटीक गेंदबाजी और बीच के ओवरों में विकेट गिरने से मेरठ की लय बिगड़ गई। आखिरी पाँच ओवरों में मैच का रोमांच चरम पर था। मेरठ को जीत के लिए रन चाहिए थे, लेकिन काशी के गेंदबाजों ने धैर्य और नियंत्रण दिखाते हुए रन रोकने के साथ विकेट भी झटके। आखिरी ओवर तक मुकाबला



खिंचा और मेरठ सिर्फ 161 रन ही बना सकी। इस तरह काशी रुद्रास ने यह मैच 5 रनों से जीत लिया।

काशी रुद्रास के लिए अटल बिहारी राय हीरो साबित हुए। उनकी गेंदबाजी ने मेरठ की बल्लेबाजी की रीढ़ तोड़ दी। समय पर विकेट निकालकर उन्होंने दबाव बनाए रखा और टीम की जीत सुनिश्चित की। उन्हें ₹प्लेयर ऑफ द मैच₹ चुना गया। यह जीत काशी रुद्रास के लिए बेहद अहम रही क्योंकि इस जीत के साथ उन्होंने सीधे फाइनल में जगह बना ली। वहीं मेरठ मावेरिक्स के पास अभी एक और मौका बचा है। उन्हें क्वालिफायर-2 में उतरना होगा, जहाँ जीतकर वे भी फाइनल तक पहुँच सकते हैं। एकाना स्टेडियम में माहौल देखने लायक था। दर्शकों ने हर चौके और विकेट पर जोरदार तालियाँ बजाईं। मैच का आखिरी ओवर तक खिंचना दर्शकों के रोमांच को और बढ़ा गया। यह मुकाबला टूनार्मेंट का अब तक का सबसे दिलचस्प मैच माना जा रहा है। काशी रुद्रास की यह जीत उनके संतुलित खेल और गेंदबाजी आक्रमण की बदौलत रही। उन्होंने साबित किया कि दबाव की घड़ी में संयम बनाए रखना ही जीत की कुंजी है। मेरठ मावेरिक्स ने भी कड़ा संघर्ष किया लेकिन लक्ष्य से महज 5 रन दूर रहकर हार गए। अब काशी रुद्रास फाइनल में ट्रॉफी जीतने के इरादे से उतरेंगे जबकि मेरठ को दूसरा मौका क्वालिफायर-2 में मिलेगा।

### अफगानिस्तान ने पाक को 18 रन से हराया

शारजाह। इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल के अर्धशतकों के बाद स्पिनरों के कमाल से अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करते हुए टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में 18 रन से जीत दर्ज की। कप्तान राशिद खान, मोहम्मद नबी और टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेल रहे बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद की स्पिन तिकड़ी ने मिलकर छह विकेट लिए और पाकिस्तान को नौ विकेट पर 151 रन पर रोक दिया। पाकिस्तान अगर 150 रन तक पहुंच पाया तो इसका श्रेय दसवें नंबर के बल्लेबाज हारिस रउफ़ को जाता है जिन्होंने 16 गेंद पर चार छक्कों की मदद से नाबाद 34 रन बनाए। इससे पहले जादरान (65) और अटल (64) ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक जमाए। इन दोनों के बीच 113 रन की साझेदारी की मदद से अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 169 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से फहीम अशरफ ने चार विकेट लिए।

# टेनिस : अल्काराज और जोकोविच की सेमीफाइनल में टक्कर, पेगुला भी जीती

न्यूयॉर्क। स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने जिरि लेहेका को 6 . 4, 6 . 2, 6 . 4 से हराकर अमेरिकी ओपन पुरूष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच से होगा। दो साल पहले यहां अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के बाद से अल्काराज हार्डकोर्ट पर पहली बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। जोकोविच ने उन्हें आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में हराया था। अगर अल्काराज अमेरिकी ओपन खिताब जीतते हैं तो एटीपी रैंकिंग में यानिक सिनेर को पछाड़कर शीर्ष पर काबिज हो जायेंगे।

जोकोविच ने टूर्नामेंट में आखिरी अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को क्वार्टर फाइनल में हराया और जीतने के बाद फ्रिट्ज की हौसलाअफजाई कर रहे प्रशंसकों की ओर चुंबनों की बौछार कर दी। जोकोविच ने 6 . 3, 7 . 5, 3 . 6, 6 . 4 से जीत दर्ज की। पिछले साल के उपविजेता फ्रिट्ज के खिलाफ जोकोविच का जीत का रिकॉर्ड 11 . 0 का है। जोकोविच रिकॉर्ड 53वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जिसमें से फ्लशिंग मीडोज पर 14वीं बार उन्होंने अंतिम चार में जगह बनाई। जोकोविच ने कहा आखिर में तो जीत मायने रखती है। मुझे गर्व है कि मैने जुझारूपन दिखाया। मैं काफी जुनून के साथ खेलता हूं और मुझे खेल का मजा आ रहा है। महिला वर्ग में जेसिका पेगुला ने बारबोरा केसिकोवा को 6 . 3, 6 . 3 से हराकर अपने कैरियर के दूसरे



ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई। वह पिछले साल यहां फाइनल में एरिना सबालेंका से हार गई थी। इस बार सबालेंका से उनका सामना सेमीफाइनल में होगा क्योंकि मार्केटा वोंड्रूसोवा ने चोट के कारण सबालेंका को वॉकओवर दे दिया। आस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में, फ्रेंच ओपन के तीसरे और विम्बलडन के पहले दौर से बाहर होने वाली पेगुला बिना कोई सेट गंवाये अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सेरेना विलियम्स (2011 से 2014) के बाद पहली महिला खिलाड़ी हैं। अन्य मुकाबलों में दो साल बाद ग्रैंडस्लैम में लौटी अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स और लैला फर्नांडिज की जोड़ी महिला युगल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा से ।. 6, 2 . 6 से हारकर बाहर हो गई। वहीं दूसरी ओर

चौबीस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन में आखिरी स्थानीय सितारे टेलर फ्रिट्ज को क्वार्टर फाइनल में हराया और जीतने के बाद फ्रिट्ज की हौसलाअफजाई कर रहे प्रशंसकों की ओर चुंबनों की बौछार कर दी। जोकोविच ने 6 . 3, 7 . 5, 3 . 6, 6 . 4 से जीत दर्ज की। पिछले साल के उपविजेता फ्रिट्ज के खिलाफ जोकोविच का जीत का रिकॉर्ड 11 . 0 का है। जोकोविच रिकॉर्ड 53वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।

## संक्षेप

### अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में पेगुला की जीत

न्यूयॉर्क। स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने जिरि लेहेका को 6 . 4, 6 . 2, 6 . 4 से हराकर अमेरिकी ओपन पुरूष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दो साल पहले यहां अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के बाद से अल्काराज हार्डकोर्ट पर पहली बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। अब उनका सामना टेलर फ्रिट्ज या नोवाक जोकोविच से होगा जिन्होंने उन्हें आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में हराया था। अगर अल्काराज अमेरिकी ओपन खिताब जीतते हैं तो एटीपी रैंकिंग में यानिक सिनेर को पछाड़कर शीर्ष पर काबिज हो जायेंगे। महिला वर्ग में जेसिका पेगुला ने बारबोरा केसिकोवा को 6 . 3, 6 . 3 से हराकर अपने कैरियर के दूसरे ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई। वह पिछले साल यहां फाइनल में एरिना सबालेंका से हार गई थी।

### बेंगलुरू भगदड़ : खुशी का पल दर्दनाक बन गया

बेंगलुरू। भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल खिताब जीतने के जश्न में चार जून को हुई भगदड़ के बारे में कहा है कि यह उनकी टीम का सबसे खुशी का दिन हो सकता था जो 11 लोगों की मौत के बाद दर्दनाक बन गया। आरसीबी के 18 साल में पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के बाद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जश्न के लिये ढाई लाख प्रशंसकों के जमा होने के बाद भगदड़ मच गई थी। कोहली ने आरसीबी के एक्स हैंडिल पर कहा आप कभी भी इस तरह दिल तोड़ने वाली घटना का सामना नहीं करना चाहते। जो हमारी टीम के इतिहास का सबसे खुशी का पल होना चाहिए था, वह एक दुखद घटना में बदल गया। उन्होंने कहा मैं अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों और चोटिल हुए अपने प्रशंसकों के बारे में सोचता हूं और प्रार्थना करता हूं। आपकी क्षति अब हमारी कहानी का हिस्सा है।

### एएआई के कोषाध्यक्ष डॉ. उमाचेरिल विश्व तीरंदाजी की चिकित्सा समिति में चुने गये

कोलकाता। भारतीय तीरंदाजी संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. जोरिस पाउलेज उमाचेरिल को बुधवार को दक्षिण कोरिया के ग्वांग्जू में संपन्न विश्व तीरंदाजी की 56वीं कांग्रेस में चिकित्सा एवं खेल विज्ञान समिति का सदस्य चुना गया। चिकित्सा एवं खेलविज्ञान समिति में पांच निर्वाचित सदस्य होते हैं जिनमें से एक अध्यक्ष और एक उपाध्यक्ष चुना जाता है। अध्यक्ष सहित कम से कम तीन सदस्य योज्ञ चिकित्सक होने चाहिए।

## स्टेट रोलबॉल प्रतियोगिता में लखनऊ की लड़कियों ने मचाया धमाल




लखनऊ । लखनऊ में चल रही स्टेट रोलबाल चैम्पियनशिप सफलता पूर्वक संपन्न हो गई, जिसमे लखनऊ की लड़कियों ने जूनियर और मिनी वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर विजेता का खिताब हासिल किया। जूनियर वर्ग लड़कों का खिताब आगरा व मिनी का जी बी नगर ने जीता। मुख्य अतिथि उत्तर रोलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार त्यागी और विशिष्ट अतिथि अनुराग मिश्रा 'अन्नू', वरिष्ठ प्रचारक कृपा शंकर ने विजेताओं को ट्राफी और मैडल प्रदान किए। रोलबाल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि स्टेट रोलबाल प्रतियोगिता में लखनऊ की अंडर 17 में लड़कियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहले सेमीफाइनल में लखनऊ ने मुरादाबाद को 9-0 से हराया, जिसमे काव्या ने 4 और आद्या ने गोल किये थे। फिर फाइनल में भी काव्या के 3 और आराध्या के 2 गोल के सहारे आगरा को 5-4 के करीबी अंतर से मात दी। गोलकीपर परनिका वर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर 11 मिनी वर्ग गर्ल्स में भी लड़कियो ने पहले सेमीफाइनल में गाजियाबाद को 7-0 से हराया फिर फाइनल में जी बी नगर को एकतरफा मैच में 5-0 से हराकर खिताब हांसिल किया। लखनऊ की अरु, काव्या, आराध्या, ने पूरी प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। लखनऊ की लड़कियों ने जीत का श्रेय कोच नीरज श्रीवास्तव व मुस्कान को दिया। डीपीएस गोमतीनगर विस्तार लखनऊ के कोच नीरज श्रीवास्तव औ? सचिव रोलबॉल लखनऊ मंजू श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारा प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा, खेल के हर क्षेत्र में लखनऊ के खिलाड़ियों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया फिर चाहे वो गोलकीपरिंग हो या डिफेन्स या अटैकिंग का मौका हो।

## उत्तर प्रदेश का दमदार प्रदर्शन, सीनियर टीम को कांस्य पदक

लखनऊ । लखनऊ। मेजबान उत्तर प्रदेश ने द्वितीय सब जूनियर व प्रथम सीनियर नेशनल रिंग टेनिस चैंपियनशिप में अपने शानदार खेल से अपनी छाप छोड़ दी। केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में आयोजित चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश ने सब जूनियर टीम चैंपियनशिप में उम्दा प्रदर्शन के साथ फाइनल मे प्रवेश कर लिया। वहीं सीनियर टीम चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। रिंग टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में रिंग टेनिस एसोसिएशन ऑफ यूपी द्वारा आयोजित चैंपियनशिप के तीसरे दिन व्यक्तिगत मुकाबलों में भी उत्तर प्रदेश ने खूब चमक बिखेरी।




इसमें सब जूनियर में बालिका युगल में आयुषी सिंह व अरुणिता, बालक युगल में ऋतिक बर्नवाल व अणर्व एवं मिश्रित युगल में शुभम जायसवाल व सुकैना सेमीफाइनल में पहुंचे। वहीं सीनियर में महिला युगल में प्रिशा व श्रुति की जोड़ी और मिश्रित युगल में आदर्श व ऋद्धि की जोड़ी ने ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। सब जूनियर टीम चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश ने सेमीफाइनल में गुजरात को 5-2 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में तमिलनाडु ने तेलंगाना को 4-0 से शिकस्त दी। इस वर्ग के हार्ड लाइन मुकाबले में तेलंगाना ने तीसरा स्थान हासिल किया जिसने गुजरात को 4-2 से हराया। वहीं सीनियर टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में तमिलनाडु ने पुड्डुचेरी को 4-0 से

- द्वितीय सब जूनियर व प्रथम सीनियर नेशनल रिंग टेनिस चैंपियनशिप
- व्यक्तिगत वर्ग में भी यूपी के खिलाड़ियों की धमक कई जोड़ियां सेमीफाइनल मे

और तेलंगाना ने उत्तर प्रदेश को 4-0 से शिकस्त दी। हालांकि यूपी ने तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में पुड्डुचेरी को 4-0 से शिकस्त दी। रिंग टेनिस एसोसिएशन ऑफ यूपी की सचिव मनीषा रानी ने बताया कि सब जूनियर वर्ग के व्यक्तिगत मुकाबलों में बालिका युगल में तमिलनाडु की शहजीमा फातिमा व हर्सिना, तेलंगाना की परिणीता व अक्षरा लतिका, गुजरात की ध्रुती व रूतिका व श्री रोया और यूपी की आयुषी सिंह व अरुणिता ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं बालक युगल में तमिलनाडु के लतीश व रंजीत सेल्वा, गुजरात के आलोक व मेक देबारिया, तेलंगाना के दीक्षित व विश्वनाथ और उत्तर प्रदेश के त्रतिक बर्नवाल व अणर्व अंतिम चार में पहुंचे।

मिश्रित युगल में उत्तर प्रदेश के शुभम जायसवाल व सुकैना, तेलंगाना के अनिल कुमार व वर्षिनी, गुजरात के वीर व तेजस्विनी और तमिलनाडु के शक्ति व चित्रा ने सेमीफाइनल में दस्तक दी। सीनियर वर्ग के व्यक्तिगत मुकाबलों में महिला युगल में पुड्डुचेरी की मोनीषा व काव्या, उत्तर प्रदेश की प्रिशा व श्रुति, तेलंगाना की भवानी व रिशिता और तमिलनाडु की एन.श्रावंती व जयाप्रिया ने महिला युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। मिश्रित युगल में तमिलनाडु के पी.चंद्र व शुभाश्री, बिहार के गुलशन व प्रियंका, तेलंगाना के के.वरुण राज व सत्विका और उत्तर प्रदेश के आदर्श व ऋद्धि ने भी जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ये जर्मनी का खेल है, इसमें खिलाड़ी एक रबर की रिंग को नेट के पार फेंकते हैं और विपक्षी टीम उसे जमीन पर गिरने से बचाते हुए वापसी करती है।

## कैप्टन कूल बनना चाहती हैं पाक कप्तान फातिमा सना

नयी दिल्ली। आगामी आईसीसी वनडे विश्व कप में पाकिस्तान की कप्तानी करने जा रही फातिमा सना भारत के विश्व कप विजेता कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेती हैं और उन्हीं की तरह कैप्टन कूल बनने की ख्वाहिश भी रखती हैं। अप्रैल में हुए क्वालीफायर्स में अपराजेय रहने वाली पाकिस्तानी टीम भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले वनडे विश्व कप में अपने अभियान का आगाज दो अक्टूबर को कोलंबो में बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। तेईस वर्ष की फातिमा ने लाहौर से भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में कप्तानी करने पर शुरू में थोड़ा नर्वस होना लाजमी है लेकिन मैं बतौर कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेती हूं। उन्होंने कहा मैने उनके भारत के कप्तान के तौर पर और आईपीएल मैच देखे हैं। वह जिस तरह मैदान पर फैसले लेते हैं, शांत रहते हैं और अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं , उससे काफी कुछ सीखने को मिलता है। जब मुझे कप्तानी मिली थी तभी मैने सोचा था कि धोनी की तरह बनना है। उनके इंटरव्यू भी देखे तो काफी कुछ सीखने को मिला। धोनी ने 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली जबकि फातिमा ने छह मई 2019 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

# दलीप ट्रॉफी : श्रेयस, जायसवाल व ठाकुर पर रहेगी निगाह

एजेंसी

बेंगलुरु। श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और शार्दुल ठाकुर गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की तरफ से मध्य क्षेत्र के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी करने के लिए अपना मजबूत दावा पेश करने की कोशिश करेंगे। अय्यर को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया लेकिन वह यहां सत्र की शानदार शुरुआत करके वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला तथा उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले खुद को दावेदारी में बनाए रखना चाहेंगे।

अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के लिए 17 मैचों में 50.33 की औसत और 175 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद वह एशिया कप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पाए। उनके अच्छे प्रदर्शन का फायदा पश्चिम क्षेत्र को भी मिलेगा। जहां तक जायसवाल का सवाल है तो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर दी है लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह राष्ट्रीय चयन समिति की पहली की पसंद नहीं हैं। वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले लाल गेंद की क्रिकेट में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। जायसवाल का




आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट था और उन्हें अगला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला तक इंतजार करना पड़ सकता है। दूसरी ओर ठाकुर पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और इसलिए चयनकर्ताओं की नजरों में बने रहने के लिए वह अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की कोशिश करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम के अन्य प्रमुख सदस्य जैसे रुतुराज गायकवाड़ और तनुश कोटियन अभी अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान खींचना चाहेंगे। जहां तक मध्य क्षेत्र का सवाल है तो ध्रुव जुरेल अगर कमर की चोट से उबर जाते हैं तो वह टीम की कमान संभाल सकते हैं।

यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाया था। जुरेल के बिना भी उनकी बल्लेबाजी दमदार रही, क्योंकि कार्यवाहक कप्तान रजत पाटीदार, दानिश मालेवार और शुभम शर्मा ने बड़े शतक जड़े। उनके पास बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे तथा तेज गेंदबाज खलील अहमद और दीपक चाहर के रूप में मजबूत गेंदबाजी इकाई भी है। एक अन्य सेमीफाइनल में उत्तर क्षेत्र का मुकाबला दक्षिण क्षेत्र से होगा। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान तिलक वर्मा एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल है और इसलिए इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा दक्षिण क्षेत्र को तेज गेंदबाज वैसाख विजयकुमार और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर की भी कमी खलेगी जो चोटिल हैं। इसलिए दक्षिण क्षेत्र को उत्तर क्षेत्र की चुनौती से निपटने के लिए एन जगदीशन, देवदत्त पडिक्कल और सलमान निजार जैसे खिलाड़ियों से अच्छे स्कोर की आवश्यकता होगी।

# चैंपियनशिप : भारतीय मुक्केबाजों के सामने कड़ी चुनौती

एजेंसी

लिवरपूल। भारतीय मुक्केबाज गुरुवार से यहां शुरू हो रही विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पिछली बार के प्रदर्शन में सुधार या उसकी बराबरी करने के उद्देश्य से रिंग पर उतरेंगे लेकिन उनकी राह आसान नहीं होगी क्योंकि उन्हें दुनिया के शीर्ष स्तर के मुक्केबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्व मुक्केबाजी की नई शासी संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग के तत्वावधान में किया जाएगा और इसमें पुरुष और महिला दोनों वर्ग के मुकाबले एक साथ होंगे।

भारत ने 2023 में नयी दिल्ली में आयोजित की गई महिला चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक जीते थे। पुरुष टीम ने इसी साल ताशकंद में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक हासिल किए थे। इसके बाद हालांकि बड़ी प्रतियोगिताओं में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इसमें उसी वर्ष खेले गए एशियाई खेल और 2024 में पेरिस ओलंपिक का प्रदर्शन भी शामिल है। भारतीय मुक्केबाज इस वर्ष के शुरू में विश्व मुक्केबाजी कप से अच्छा प्रदर्शन करके लौटे हैं। लेकिन विश्व चैंपियनशिप का स्तर काफी उंचा होता है जिसमें 65 से अधिक देशों के 550 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। इनमें पेरिस ओलंपिक के 17 पदक



विजेता भी शामिल हैं। इस प्रतियोगिता से दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ज़रीन और तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन एक साल के अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगी। दोनों ही सीमित तैयारी के साथ इस टूर्नामेंट में उतर रहे हैं।

इस जोड़ी को शुरुआती दौर में शीर्ष मुक्केबाजों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि इस साल तीनों विश्व मुक्केबाजी कप में भाग न लेने के कारण उनके गैरवरीय होने की संभावना है। निकहत विश्व चैंपियनशिप में पहली बार 51 किग्रा वर्ग में अपनी चुनौती पेश करेगी। इससे पहले उन्होंने 52 किग्रा (2022) और 50 किग्रा (2023) में विश्व खिताब जीते। विश्व चैंपियनशिप में तीन बार की पदक विजेता लवलीना 75 किग्रा भार वर्ग में अपना खिताब बचाने की कोशिश करेंगी। भारत को पूजा रानी से भी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। इसके अलावा 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य विजेता जैस्मीन लाम्बोरिया (57 किग्रा), साक्षी (54 किग्रा) और नुपुर श्योराण (80 किग्रा से अधिक) भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। इन सभी को कजाकिस्तान में विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीतने के कारण वरीयता मिलने की उम्मीद है।

भारत की पुरुष टीम में कई नए खिलाड़ी शामिल हैं क्योंकि पिछली बार के पदक विजेता निशांत देव, दीपक भोरिया और मोहम्मद हुसामुद्दीन विभिन्न कारणों से इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। भारतीय टीम समूह का नेतृत्व सुमित कुंडू कर रहे हैं, जो चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। 2021 के विश्व युवा चैंपियन सचिन सिवाच और हर्ष चौधरी (86 किग्रा) के पास विश्व चैंपियनशिप का अनुभव है।

# सैन्य परेड से चीन ने दिखायी विश्व को ताकत

## चीन ने अपनी विशाल सैन्य परेड में नयी हथियार प्रणालियों का अनावरण किया



बीजिंग। चीन ने सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करते हुए बुधवार को एक विशाल परेड में पहली बार कई नए हथियारों का प्रदर्शन किया, जिसमें लेजर हथियार, परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल, पानी के नीचे संचालित होने वाले विशाल ड्रोन के अलावा पांचवीं पीढ़ी के विमान शामिल थे।

द्वितीय विश्व युद्ध में जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीन की विजय की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की परेड में प्रदर्शित एक बहुचर्चित नया हथियार था एलवाई-1 लेज़र हथियार। आठ पहियों वाले एचजेडो-155 बख्तरबंद ट्रक पर लगा यह लेज़र हथियार दुश्मन के हथियारों और उपकरणों के ऑप्टिकल सेंसर को प्रभावी ढंग से नष्ट कर सकता है। चीनी रक्षा विश्लेषकों का कहना है कि यह हथियार समुद्र में चीन की ताकत में और इजाफा करेगा। लेज़र को नए साजो सामान के रूप में देखा जा रहा है। भारत ने पिछले महीने एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (आईएडीडब्ल्यूएस), विशेष रूप से उच्च-शक्ति लेज़र-आधारित निर्देशित-ऊर्जा हथियार (डीईडब्ल्यू) प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जिसकी एक चीनी सैन्य विशेषज्ञ ने प्रशंसा की और कहा कि इसे एक महत्वपूर्ण प्रगति माना जाना चाहिए। इसके अलावा, चीन ने पहली बार एक नए प्रकार की डीएफ-5सी तरल-ईंधन वाली अंतरमहाद्वीपीय सामरिक परमाणु मिसाइल का प्रदर्शन किया। सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स की खबर के अनुसार, इस मिसाइल की अनुमानित मारक क्षमता 20,000 किलोमीटर से अधिक है और यह लक्ष्य को भेदने और सटीकता के मामले में भी श्रेष्ठ है। एक विशेषज्ञ के हवाले से बताया गया है कि यह अपनी मारक क्षमता के अंतर्गत पूरी दुनिया में कहीं भी निशाना साध सकती है। इसके अलावा, पीएलए की पहली हवाई-प्रक्षेपित परमाणु मिसाइल जेएल-1 का एक सैन्य ट्रक पर अनावरण किया गया। यह मॉडल प्रदर्शन पर मौजूद पनडुब्बी से प्रक्षेपित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जेएल-3 से काफ़ी छोटा है। आधिकारिक मीडिया का कहना है कि ये दोनों मिसाइलें डीएफ-61 और डीएफ-31 के साथ, पीएलए की थल, जल और वायु त्रिकोणीय रणनीतिक परमाणु शक्तियों के पहले केंद्रित प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा और राष्ट्रीय गरिमा की रक्षा के लिए एक रणनीतिक हथियार है। सैन्य ब्लॉगर मा यान ने हांगकांग के अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट को बताया कि उन्नत अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल डीएफ-5सी यह संदेश देती है कि चीन की रणनीतिक प्रतिरोधक क्षमता विश्वसनीय, भरोसेमंद और पर्याप्त है।

# गडकरी ने की निर्बाध शहरी संपर्क के उद्देश्य से कार्यशाला की अध्यक्षता



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को शहरी क्षेत्रों में निर्बाध संपर्क सुविधा सुनिश्चित करने के लिए रिंग रोड और बाईपास के निर्माण हेतु नवोन्मेषी नीतिगत हस्तक्षेप पर परामर्श कार्यशाला की अध्यक्षता की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कार्यशाला में विश्वस्तरीय, सतत और भविष्य के लिए तैयार परिवहन अवसंरचना के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया गया। इसमें तेजी से बढ़ते शहरी क्षेत्रों के आसपास भीड़भाड़ कम करने पर विशेष रूप से गौर किया गया।

बयान में कहा गया कि गणमान्य व्यक्तियों ने रिंग रोड और बाईपास के निर्माण सहित विभिन्न नवाचारी नीतिगत हस्तक्षेपों पर चर्चा की, ताकि शहर के केंद्रों से यातायात को मोड़ा जा सके और इस प्रकार शहरी राष्ट्रीय राजमार्गों पर भीड़ को कम किया जा सके। बयान में कहा गया, मुख्य चर्चाओं में सतत वित्तपोषण सुनिश्चित करने के लिए मूल्य हासिल करने वाले वित्तीय मॉडल को अपनाने और बुनियादी ढांचा विकास को शहर के मास्टर प्लान के साथ जोड़ने पर गौर किया गया। इन उपायों से न केवल परिवहन व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि रिंग रोड और बाईपास के प्रभाव क्षेत्रों में योजनाबद्ध और नियंत्रित विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

संक्षेप

## शोभायात्रा में घुसी एसयूवी, तीन की मौत

जशपुर (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में नशे में धुत एक व्यक्ति अपनी एसयूवी को लेकर धार्मिक शोभायात्रा में घुस गया जिससे वाहन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 22 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। जशपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि घटना मंगलवार देर रात बगीचा थाना क्षेत्र के जुरुदंड गांव में उस समय हुई जब 100 से अधिक स्थानीय लोग गणेश मूर्ति के विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाल रहे थे। उन्होंने बताया कि बगीचा-जशपुर मार्ग पर स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) ने शोभायात्रा में शामिल लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। अधिकारी ने बताया कि विपिन प्रजापति (17), अरविंद केरकेट्टा (19) और खिरोवती यादव (32) नामक तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 22 लोग घायल हो गए जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल लोगों को पड़ोसी सरगुजा जिले के अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है, जबकि अन्य को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। एसयूवी चालक सुखसागर वैष्णव (40) घटना के समय नशे में था और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है तथा वाहन जब्त कर लिया गया है।

# यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौते के जल्द ही संपन्न हो जाने की उम्मीद: जयशंकर



नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत चाहता है कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए उसकी बातचीत जल्द ही किसी निर्णायक नतीजे पर पहुंचे।

जयशंकर ने जर्मनी के अपने समकक्ष जोहान वेडफुल के साथ व्यापक वार्ता के बाद एक संयुक्त प्रेस वार्ता में यह टिप्पणी की। विदेश मंत्री ने कहा कि वार्ता में अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन, रक्षा, और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा कि हम भारत के साथ व्यापार को दोगुना करने संबंधी जर्मनी के लक्ष्य की सराहना करते हैं। विदेश मंत्री ने निर्यात नियंत्रण के मुद्दों को सुलझाने के लिए भी जर्मनी की प्रशंसा की। जयशंकर ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग के लिए जर्मनी की दिलचस्पी का भी स्वागत किया। विदेश मंत्री ने कहा कि वेडफुल ने उन्हें बताया कि जर्मनी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के समर्थन में अपना पूरा जोर लगायेगा। जयशंकर ने कहा कि भारत और जर्मनी हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में भी सहयोग की संभावनाएं तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि जर्मनी के साथ भारत के संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं और ये उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ रहे हैं।

# भारत ने अमेरिका को नुकसान पहुंचाया : ट्रंप



न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन। भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि भारत ने अब उनके सामने शून्य शुल्क की पेशकश की है। ट्रंप ने मंगलवार को एक साक्षात्कार में कहा कि भारत ने अमेरिका पर अब तक ऊंचे शुल्क लगाकर नुकसान पहुंचाया है लेकिन खुद पर अधिक शुल्क लगाए जाने के बाद अब उसने शून्य शुल्क की पेशकश रखी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने रेडियो शो द स्कॉट जेनिंग्स शो के साथ बातचीत में कहा कि भारत हमारे खिलाफ शुल्क लगाता है। चीन हमारे खिलाफ बहुत शुल्क लगाता है। ब्राजील भी ऐसा करता है। उन्होंने कहा कि भारत सबसे अधिक शुल्क लगाने वाला देश रहा है। लेकिन अब उन्होंने मुझे भारत में शून्य शुल्क की पेशकश की है। ट्रंप ने पिछले महीने भारतीय उत्पादों के आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूसी तेल की खरीद जारी रखने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इस तरह 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल 50 प्रतिशत शुल्क लग रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि उन्हें शुल्क लगाने की प्रक्रिया और उसके प्रभाव को लेकर दुनिया में सबसे अच्छी समझ है। उन्होंने कहा कि मैं शुल्क को दुनिया के किसी भी दूसरे व्यक्ति से कहीं बेहतर समझता हूं। मेरे शुल्क लगाने के बाद वे अपने शुल्कों को घटा रहे हैं। भारत तो सबसे अधिक शुल्क लगाने वाला देश रहा है। और अब भारत में कोई भी शुल्क न लगाने की पेशकश मेरे सामने की गई है। ट्रंप ने कहा कि अगर मैंने शुल्क नहीं लगाए होते तो वे कभी ऐसा प्रस्ताव नहीं रखते। आपको शुल्क लगाने ही होते हैं। इस तरह हम आर्थिक रूप से सशक्त बनने जा रहे हैं। उन्होंने कई देशों पर लगाए गए शुल्कों को अवैध करार देने के एक संघीय अपीलीय अदालत के फैसले पर कहा कि यह मुकदमा अन्य देशों द्वारा प्रायोजित है। ट्रंप ने कहा कि ये देश अमेरिका का फायदा उठाते रहे थे लेकिन अब वे ऐसा नहीं कर पाएंगे। भारत ने ट्रंप प्रशासन की तरफ से लगाए गए उच्च शुल्क को अनुचित और असंगत बताते हुए कहा है कि किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह वह भी अपने राष्ट्रीय हित और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिये जरूरी कदम उठाएगा।

# जीएसटी सुधारों से 12 प्रतिशत तक घट सकता है जम्मू-कश्मीर का राजस्व



नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि प्रस्तावित जीएसटी सुधारों से केंद्र शासित प्रदेश के राजस्व में 10 से 12 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इससे वित्तीय संकट और बढ़ सकता है क्योंकि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद राज्य का राजस्व कम हो गया है। उन्होंने जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में प्रसारित अपने लिखित संबोधन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था स्थापित करने का आह्वान किया।

अब्दुल्ला ने कहा कि पर्यटन, परिवहन, निर्माण, वाहन जैसे अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र अप्रैल, 2025 के बाद ठप हो गए हैं। प्रस्तावित सुधार हमारे जीएसटी राजस्व में 10 से 12 प्रतिशत की और कमी ला सकता है। इसलिए, जम्मू-कश्मीर के वित्त मंत्री के रूप में, मेरा मानना है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की वित्तीय स्थिरता के लिए उपयुक्त व्यवस्था और सुरक्षा उपाय स्थापित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर इस घटनाक्रम के विनाशकारी प्रभाव का जिक्र किया और स्थिति से निपटने के लिए, विशेष रूप से प्रस्तावित जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाने के मद्देनजर, केंद्र से सहयोग करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम दरों को युक्तिसंगत बनाने के प्रस्ताव पर आगे बढ़ सकते हैं। साथ ही राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों को उनकी राजकोषीय स्थिरता के लिए क्षतिपूर्ति करने को एक व्यवस्था बना सकते हैं और दरों युक्तिसंगत बनाने से होने वाले लाभों को देश की जनता तक पहुंचाने के लिए उपाय भी कर सकते हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि जीएसटी सुधारों में अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अप्रैल, 2025 की पहलगाम घटना से झटका लगने से पहले स्थानीय अर्थव्यवस्था नई ऊर्जा प्राप्त कर रही थी।

# आप सांसद राघव चड्ढा ने दिये बाढ़ प्रभावित पंजाब को 3.25 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। पंजाब से आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने बाढ़ प्रभावित राज्य में राहत कार्य के लिए अपने स्थानीय क्षेत्र विकास (एलएडी) योजना कोष से 3.25 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई।

राज्यसभा सांसद के कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि उन्होंने पंजाब के सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित जिलों में से एक गुरदासपुर में रावी नदी के तटबंधों की मरम्मत के लिए 2.75 करोड़ रुपये और अमृतसर में राहत एवं पुनर्वास कार्य के लिए 50 लाख रुपये मंजूर किये हैं। चड्ढा ने बाढ़ से संबंधित घटनाओं में मारे गए 30 लोगों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, ये धनराशि मेरी नहीं है, यह पंजाब और पंजाबियों की है। प्रत्येक रुपया पंजाब की सेवा और पुनर्निर्माण के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। आप राज्यसभा सांसद ने भारतीय सेना, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस के साथ-साथ बचाव और राहत कार्य में शामिल अधिकारियों और चिकित्सकों के प्रयासों की भी सराहना की। चड्ढा ने कहा कि मैं केंद्र सरकार से अपील करता हूं कि वह पंजाब की हरसंभव मदद करे। चड्ढा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो संदेश पोस्ट किया, जिसमें पंजाब के 23 जिलों में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण जान-माल और फसलों के नुकसान पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं सिविल सोसाइटी, गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) और हमारे युवाओं का धन्यवाद करता हूं, जो अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा कर रहे हैं। यह वह पवित्र भूमि है जहां बाबा नानक ने लंगर की रस्म शुरू की थी और आज भी उनकी कृपा से पंजाब के हर गांव और गुरुद्वारे में लंगर परोसा जा रहा है।

इंटरटेनमेंट...

# मैं भावशून्य चेहरे से भी हंसा सकता हूं: मनोज बाजपेयी

मुंबई। मनोज बाजपेयी ने शायद अपना हास्य पक्ष खोज लिया है और द फैमिली मैन के बाद अब इंस्पेक्टर ज़ेंडे में वह इसे पेश करने जा रहे हैं। इंस्पेक्टर ज़ेंडे में बाजपेयी एक कुख्यात अपराधी के पीछे लगे मुंबई पुलिस अफसर की भूमिका निभा रहे हैं। गंभीर किरदारों विशेषकर शूल, स्पेशल 26 और भोंसले में निभाए गए पुलिस से जुड़े पात्रों के लिए सराहे जाने वाले मनोज बाजपेयी का कहना है कि उन्हें वह हास्य पसंद है जो जीवन से जुड़ा और वास्तविकता के करीब हो।मनोज बाजपेयी ने एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा से कहा, द फैमिली मैन से पहले किसी ने नहीं सोचा था कि मैं भावशून्य चेहरे के साथ भी हंसा सकता हूं। लोगों ने इसे स्ट्रेट फेस ह्यूमर नाम दिया है, लेकिन मुझे ऐसे हालातों से हास्य निकालना पसंद है जो असली हों और जिनसे लोग खुद को जोड़ सकें। उनका किरदार मधुकर जेंडे एक वास्तविक पुलिस अधिकारी से प्रेरित है, जिन्होंने कुख्यात सीरियल किलर चार्ल्स शोभराज को दो बार पकड़ा। फिल्म में शोभराज का नाम बदलकर कार्ल भोजराज रखा गया है और इस भूमिका को जिम सर्भ ने निभाया है। बाजपेयी ने कहा कि फिल्म में उनका किरदार अजीबोगरीब जरूर है, लेकिन उसे जानबूझकर ऐसा नहीं बनाया गया है। यह विचित्रता दृश्य की संपूर्ण स्थिति से उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा, वो कभी अपने किरदार से बाहर नहीं जाता। बात बस इतनी है कि वो मज़ेदार पल को भी पूरी गंभीरता से निभाता है। यही बात उस सीन को असरदार बनाती है और अभिनेता व किरदार के बीच दूरी नहीं आने देती, और यही सबसे मुश्किल हिस्सा होता है। लेकिन अगर आप कॉमेडी करने की कोशिश नहीं करेंगे, तो हास्य अपने आप सामने आ जाएगा। रामगोपाल वर्मा की 1999 की फिल्म शूल में पहली बार मनोज बाजपेयी ने परदे पर पुलिसकर्मी का किरदार निभाया था। जब उनसे पूछा गया कि अपने पहले प्रमुख पुलिस किरदार से लेकर अब तक उनमें क्या बदलाव आया है तो बाजपेयी ने कहा कि शूल करते समय मैं एक बिल्कुल अलग अभिनेता था। शूल एक ऐसे युवा पुलिसकर्मी की कहानी थी जो अपने काम को लेकर आदर्शों से भरा हुआ था, लेकिन धीरे-धीरे वह अपने परिवार, समाज और अपने ही विभाग से निराश होता जाता है। यह कहानी थी उस संघर्ष की जिसमें नियमों का पालन करने की जिद में वह अपने करीबी लोगों को एक-एक करके खोता जाता है। उन्होंने कहा, मुझे उस किरदार में पूरी तरह डूबना पड़ा, लेकिन इसका नतीजा यह हुआ कि मैं अपना संतुलन खो बैठा। तब मुझे एहसास हुआ कि किसी किरदार को निभाने का यह सही तरीका नहीं है क्योंकि भले ही वह असर अस्थायी था लेकिन इसकी कीमत मुझे अपनी सेहत और मानसिक स्वास्थ्य से चुकानी पड़ी। उन्होंने कहा, इंस्पेक्टर जेंडे , जिसका निर्देशन चिन्मय मंडलेकर ने किया है, शूल के बिल्कुल उलट है। उन्होंने कहा, यह दुनिया के सबसे खतरनाक साइकोपैथ (उन्मादी अपराधी) में से एक की गिरफ्तारी को लेकर एक हास्यपूर्ण प्रस्तुति है। चार्ल्स शोभराज सिर्फ एक अपराधी या साइकोपैथ नहीं था वह वर्षों तक देशभर में चर्चा का विषय रहा, साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदायों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए भी एक पहेली बना रहा। वह पॉप कल्चर का हिस्सा बन चुका थाअ लोगों की नज़रों में वह अपराधी से ज़्यादा एक रहस्यमयी हीरो जैसा था। चिन्मय की प्रस्तुति इसमें बड़ी दिलचस्प और काफी हास्यास्पद है, इसलिए ज्यादातर वक्त हमें मज़ा ही आया। इसमें खुद को पूरी तरह डुबो देने और अपना होश-हवास खो देने जैसी कोई गुंजाइश नहीं थी। इंस्पेक्टर जेंडे में मराठी फिल्म उद्योग के चर्चित कलाकारों जैसे सचिन खेडेकर, भालचंद्र कदम, गिरीजा ओक, ओंकार राऊत और हरीश दूधड़े समेत कई अन्य अभिनेता नजर आएंगे।यह फिल्म पांच सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# राहुल देशपांडे ने पत्नी नेहा से अलग होने की जानकारी दी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गायक राहुल देशपांडे ने बताया कि वह और उनकी पत्नी नेहा ने 17 साल के वैवाहिक जीवन के बाद अलग होने का फैसला किया है। देशपांडे ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक विस्तृत पोस्ट साझा कर बताया कि दोनों का कानूनी रूप से अलगाव सितंबर 2024 में हुआ। उन्होंने लिखा, प्रिय मित्रों, आप सभी अपने-अपने तरीके से मेरी यात्रा का एक सार्थक हिस्सा रहे हैं और इसलिए मैं आपके साथ एक निजी और महत्वपूर्ण जानकारी साझा करना चाहता हूं। मैंने आपमें से कुछ लोगों के साथ यह जानकारी पहले ही साझा की है। शादी के 17 साल और अनगिनत यादगार लम्हों के बाद नेहा और मैंने आपसी सहमति से अलग होने का निर्णय लिया है। हमारा कानूनी अलगाव आपसी सहमति से सितंबर 2024 में हुआ। गायक ने बताया कि वह और उनकी पत्नी अपनी बेटी रेनुका देशपांडे की परवरिश साथ मिलकर करेंगे। उन्होंने कहा, मैंने यह जानकारी साझा करने से पहले कुछ समय लिया ताकि इस बदलाव को निजी रूप से समझ सकूं और यह सुनिश्चित कर सकूं कि हर चीज सोच-समझकर संभाली जाए, खासकर हमारी बेटी रेनुका के हित को ध्यान में रखा जाए। रेनुका मेरी प्राथमिकता है और मैं नेहा के साथ मिलकर उसे प्यार, आपसी सहयोग से पालने के लिए प्रतिबद्ध हूं। देशपांडे ने प्रशंसकों और परिचितों से इस निर्णय को समझने और उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया। राहुल देशपांडे को वर्ष 2022 में फिल्म मी वसंतराव के लिए सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। वह दिल की तपिश, अपने ही रंग में और हा रंग चढ़ू दे जैसे गीतों के लिए भी जाने जाते हैं।

## नंदिता दास को निर्णायक मंडल की सदस्य घोषित

नयी दिल्ली। अभिनेत्री-फिल्मकार नंदिता दास 30वें बुसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (बीआईएफएफ) में सात सदस्यों के निर्णायक मंडल में शामिल हैं जिसके अध्यक्ष कोरियाई फिल्मकार एन. होंग-जिन हैं। फिल्मोत्सव के आयोजकों ने बुधवार को यह घोषणा की। अर्थ, फायर और बवंडर जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय करने वाली नंदिता दास ने 2008 में फिल्म फिराक का निर्देशन किया था। वह कान समेत कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में निर्णायक मंडल का हिस्सा रह चुकी हैं। बीआईएफएफ के निर्णायक मंडल में हांगकांग के अभिनेता टोनी लेउंग का-फाई भी शामिल हैं। बीआईएफएफ में पांच श्रेणियों सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निर्देशक, स्पेशल ज्यूरी प्राइज, सर्वश्रेष्ठ अभिनेताअभिनेत्री और आर्टिस्टिक कांट्रिब्यूशन के तहत पुरस्कार दिए जाएंगे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K